* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
24 अप्रैल, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 184
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही




# खूंटी से अर्जुन-कालीचरण और चाइबासा से जोबा ने किया नामांकन

## अर्जुन मुंडा के साथ राजनाथ सिंह, बाबूलाल मरांडी, सुदेश महतो समेत अन्य नेता रहे मौजूद

## जोबा मांझी के नामांकन कार्यक्रम में चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन, दीपक बिरुआ और अन्य शामिल हुए

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी/चाइबासा। राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन शुरू हो गया है। एनडीए, इंडी गठबंधन और अन्य दलों के उम्मीदवारों ने नामांकन करना शुरू कर दिया है। एनडीए और इंडी गठबंधन के बड़े नेता नामांकन में शामिल हो रहे हैं। इसी क्रम में खूंटी से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मंडा और कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को नामांकन दाखिल किया। वहीं, चाइबासा से झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी ने नामांकन दाखिल किया। अर्जुन मुंडा के साथ केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो समेत अन्य नेता मौजूद थे। कालीचरण मुंडा के नामांकन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, आलमगीर आलम, गुलाम अहमद मीर समेत अन्य नेता शामिल हुए। वहीं, जोबा मांझी के नामांकन कार्यक्रम में चंपाई सोरेन के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, मंत्री दीपक बिरुआ समेत अन्य नेतागण मौजूद थे। नामांकन के बाद रोड-शो और सभा भी की गयी। एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने एक-दूसरे पर निशाना साधा और मतदाताओं से अपने प्रत्याशी को वोट देने की अपील की।

# इंडी गठबंधन के नेता सिर्फ अपने परिवार के लिए राजनीति करते हैं : राजनाथ सिंह





**खूंटी (अनिल मिश्रा)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इंडी गठबंधन लोगों में खौफ पैदा कर उनका समर्थन हासिल करना चाहता है। भाजपा प्यार, मोहब्बत और मान सम्मान कर उनका समर्थन चाहती है। उन्होंने कहा कि झूठ बोल कर और जनता की आंखों में धूल झोंक कर लंबे समय तक राजनीति नहीं की जा सकती। इंडी गठबंधन के लोग यही काम कर रहे हैं। राजनाथ खूंटी में पार्टी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के नामांकन के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। राजनाथ ने कहा कि झारखंड गठन के बाद भाजपा के तीन मुख्यमंत्री हुए। इनमें से किसी पर भी भ्रष्टाचार के दाग नहीं लगे। झारखंड के एक सीएम सरकार के मेहमान हैं। पहली बार मैंने किसी सीएम को डेढ़ दिन तक लापता होते सुना था। वह भी झारखंड के ही थे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता राजनीति परिवार के लिए करते हैं। समाज और देश बनाने के लिए नहीं करते हैं। भाजपा समाज और देश बनाने के लिए राजनीति करती है। पीएम ने अपना पूरा जीवन देश की जनता को समर्पित कर दिया है। वह आज भी 18 घंटे काम करते हैं। पीएम मोदी के कारण ही आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। भारत की दुनिया में कद्र बढ़ी है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा को सम्मान देने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है। झारखंड को लाइमलाइट में लाने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। उन्होंने समाज की अंतिम सीढ़ी पर रहने वाले लोगों की आवाज सुनी। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में अलग झारखंड बना। अलग आदिवासी कल्याण मंत्रालय बना। पीएम मोदी के कार्यकाल में इसका बजट कई गुना बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा कि मान सम्मान और स्वाभिमान बड़ा होता है। झारखंड का चरित्र भी यही है। राजनाथ ने कहा कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का सर्वे कराना चाहती है। कहती है कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। भारतीय जनता पार्टी हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई में कोई भेदभाव नहीं करती है। केंद्र की योजनाओं का लाभ सभी वर्गों को समान रूप से मिल रहा है। उन्होंने अर्जुन मुंडा को तीन लाख से अधिक वोटों से जिताने की अपील की।

## हेमंत ने कोयला, बालू, पत्थर पहाड़ को भी नहीं छोड़ा: बाबूलाल मरांडी



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज आप देख रहे हैं कि झारखंड की हालत क्या है। किस प्रकार से विरोधी दल के लोग घूम-घूम कर कहते हैं कि हेमंत सोरेन को भाजपा वालों ने फंसा दिया। लेकिन वास्तविकता क्या है, इसे प्रदेश की जनता जानती है। हेमंत सोरेन ने कोई भी चीज को लूटने से नहीं छोड़ा है। चाहे कोयला हो, लोहा हो, पत्थर हो, बालू हो यहां तक की उन्होंने पहाड़ों को भी नहीं छोड़ा है। वह भी उजाड़ दिया है। आज इडी ने जो 191 पन्नों की चार्जशीट फाइल की है उसमें हेमंत सोरेन के गुनाहों का काला चिट्ठा है। बाबूलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विकसित भारत बनाने की बात करते हैं, लेकिन ये विरोधी दल अपने घरों को विकसित करने में लगे हैं। यह चुनाव देश के लिए और झारखंड के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। विरोधी दल खासकर झामुमो दुष्प्रचार करता है कि भाजपा की सरकार आयेगी तो आदिवासियों की जमीन लूट लेगी, जबकि आदिवासियों की जमीन खुद हेमंत सोरेन ने लूटी है। झारखंड के कई बड़े शहरों में उन्होंने आदिवासियों की जमीन कब्जाई है। 100 से अधिक डीड तो मेरे पास पड़ा है। झारखंड में भाजपा के तीन-तीन मुख्यमंत्री रहे, बताइये किसने जमीन लूटी।

## देश के सामने सिर्फ मोदी ही विकल्प: सुदेश



आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि यह चुनाव कोई पंचायत का चुनाव नहीं है। न ही राज्य का चुनाव है। यह चुनाव देश का नेता चुनने के लिए हो रहा। आपका वोट तय करेगा कि देश का नेता कौन होगा। जनता के बीच सदियों में नरेंद्र मोदी जैसी लोकप्रियता नहीं देखा गयी। अब फिर से उसी लोकप्रिय नेता को चुनने की बारी है। अब इसी मापदंड पर देश के नेता का हमें चयन करना है। खूंटी मात्र एक सांसद का चयन नहीं है, बल्कि एक देश के नेता का चयन है, जो मोदी जी के साथ काम करेंगे। सुदेश महतो ने कहा कि जिस महागठबंधन ने अपना नेता तय नहीं किया, जिसके पास देश को लेकर कोई संकल्प नहीं, वह देश का क्या हाल करेंगे जनता अच्छी तरह जानती है। देश में सिर्फ और सिर्फ एक ही विकल्प है और वह हैं नरेंद्र मोदी। केवल मोदी जी ही इस देश को आगे ले जा सकते हैं। अर्जुन मुंडा को रिकॉर्ड मतों से जिता कर भेजना हमारा और आपका दायित्व है। हम इसे पूरा भी करेंगे।

## शहीदों का सम्मान करती है एनडीए सरकार : अर्जुन



भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कहा कि जनता के बल पर केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी। खूंटी से कमल खिलाना ही भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान को नमन होगा। आज तक इतिहास में सिर्फ नरेंद्र मोदी ही ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो बिरसा मुंडा की धरती पर आये। भाजपा शहीदों का सम्मान करना जानती है। जनता संकल्प ले कि इस बार झारखंड से 14 कमल फूल दिल्ली भेजने का काम करेगी।

## अर्जुन मुंडा हमारे लिए कोई चुनौती नहीं हैं: कालीचरण



कालीचरण मुंडा ने परचा दाखिल करने के बाद कहा कि जनता बता देगी कि कौन कितना पानी में है। अर्जुन मुंडा हम लोगों के लिए कोई चुनौती नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार हम लोग जीते हुए थे, बेइमानी से अर्जुन मुंडा ने जीत हासिल की थी। इस बार जनता उन्हें बता देगी। उन्होंने कहा कि हम लोग जल, जंगल, जमीन के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। इसमें जनता का साथ मिलेगा। अर्जुन मुंडा केंद्र में मंत्री रहे हैं, लेकिन खूंटी के लिए कोई भी काम नहीं किया है। हम लोग इस बार एक लाख से अधिक मतों से जीत रहे हैं।

## राजा पीटर ने अर्जुन मुंडा को दिया समर्थन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र के तमाड़ विधानसभा के पूर्व विधायक गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने खूंटी से भाजपा उम्मीदवार को समर्थन देने का एलान किया है। राजा पीटर ने कहा है कि वह और उनके समर्थक भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को निःस्वार्थ भाव से समर्थन देंगे। गौरतलब है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 21 अप्रैल को दिऊड़ी मंदिर में पूजा करने आये थे। इसी क्रम में उन्होंने राजा पीटर से भी मुलाकात की। बाबूलाल ने खूंटी क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने के लिए राजा पीटर से आग्रह किया था। राज पीटर ने मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ बैठक के बाद अर्जुन मुंडा को समर्थन देने की घोषणा कर दी। इसके एक महीना पहले भी राजा पीटर को बाबूलाल मरांडी ने बुलाया था। दोनों में काफी देर तक बातचीत हुई थी। राजा पीटर के अर्जुन मुंडा को समर्थन देने के एलान से अर्जुन मुंडा को काफी फायदा होगा। बता दें कि गांव-गांव में राजा पीटर के समर्थक हैं। उन्होंने चुनाव में उस समय के मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को हराया था। परिणाम के पहले किसी को विश्वास नहीं था कि राजा पीटर शिबू सोरेन को हरा देंगे। लेकिन जब परिणाम निकला तो सभी अचंभित हो गये। राजा पीटर को साइलेंट वर्कर-नेता कहा जाता है।

# किस बात की गारंटी, भाजपा को पता ही नहीं: चंपाई सोरेन





**चाइबासा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा कभी आदिवासी हित में नहीं सोचती। मूलवासी का हित नहीं सोचती। दलित का हित नहीं सोचती। इनके पास मुद्दा नहीं है। भाजपा 2014 से लेकर आज तक जुमलाबाजी कर रही है। इस बार भी भाजपा गारंटी की जुमलाबाजी कर रही है, लेकिन किस बात की गारंटी यह उन्हें पता ही नहीं है। नये चुनाव में नया जुमला। झारखंड में भाजपा ने जनता को धोखा किया। मुख्यमंत्री मंगलवार को चाइबासा में झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी के नामांकन के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। चंपाई ने कहा कि धूप होने के बावजूद एकता दिख रही है। इस बार के चुनाव को लेकर आज के जनसैलाब ने साबित कर दिया है कि पहले चरण के चुनाव में हमारी जीत पक्की होगी। पिछले विधानसभा चुनाव की तरह इस चुनाव में भी कोल्हान में भाजपा का खाता खुलने नहीं देंगे। झारखंड की 14 की 14 सीटों पर आइएनडीआइए गठबंधन की जीत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कोल्हान की धरती है। सबसे बड़ा जंगल इस क्षेत्र में है। भाजपा ने वनाधिकार कानून को शिथिल किया। ग्राम प्रधान को नहीं मानती। हमने सालों से जल जंगल जमीन की लड़ाई लड़ी है। भाजपा के सांसद से सावधान रहने की जरूरत है। डबल इंजन की सरकार में मनकी-मुंडा को शिथिल किया। हमारी सरकार मनकी मुंडा छात्रवृत्ति दे रही है। हमने सरना धर्म कोड के लिए मान्यता मांगी, लेकिन केंद्र ने ध्यान नहीं दिया। पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण बिल का कानून बनाया, लेकिन केंद्र ने अटका दिया। उनके पास कोई योजना नहीं है।

## भाजपा संविधान बदलने की फिराक में है: कल्पना

**पूर्व मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केवल झारखंड ही नहीं, बल्कि देश भर में चुनाव है। एक तरफ पूंजीपति की पार्टी है। दूसरी तरफ गरीब दलित आदिवासी और अल्पसंख्यक की पार्टी है। 2019 में पूर्ण बहुमत से हेमंत सोरेन की अगुवाई में सरकार बनी। इसके बाद से लगातार भाजपा सरकार गिराने का प्रयास करती रही। इस दौरान हेमंत सोरेन कल्याणकारी योजना बनाते रहे। आदिवासी-मूलवासी कल्याण के लिए काम करते रहे। सरकारी पदों पर नियुक्ति का काम भी होता रहा। भाजपा ने षड्यंत्र करके हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया। अब भी साजिश कर रही है। संविधान को बदलने की कोशिश कर रही है। उसमें हमारे हक और अधिकार निहित हैं। उन्हें शिथिल करने का प्रयास हो रहा है। आज हेमंत जेल में हैं, इसलिए मुझे आपके बीच आना पड़ा। मैं उनका संदेश आपके बीच लेकर आयी हूं। आपको 13 मई को तीर धनुष छाप में बटन दबाना होगा। उन्होंने कहा कि ये सिंहभूम की धरती है। यहां की जनता शेर है। किसी के सामने नहीं झुकती है। आपकी ताकत न अंग्रेजों के सामने झुकी न अब तानाशाही सरकार के सामने झुकी है। भाजपा को उखाड़ फेंकना है। मणिपुर में क्या हुआ आपने देखा। आदिवासी की बात करते हैं, लेकिन जब उनका नरसंहार हुआ तो भाजपा नेता ने वहां पैर नहीं रखा। ये इनका आदिवासी प्रेम है। जुमलेबाज भरे पड़े हैं, लेकिन आपको देखना होगा कि कौन झारखंड का हित सोचता है। प्रदेश में सरकार बनते ही हो भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव दिया, तो गृह मंत्रालय ने कहा कि बाद में सोचेंगे। सरना धर्म कोड को नकार दिया। आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं। कल्पना सोरेन ने हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा जनहित में उठायी गयी योजनाओं और रांची के प्रभात तारा मैदान की रैली की चर्चा की। कल्पना ने कहा कि जैसे आपने प्रभात तारा मैदान में ताकत दिखायी है, वैसा ही 13 मई को करना है। जोबा मांझी को जिताना है। संसद में ये आपकी आवाज बनेंगी। जोबा मांझी को ताकत दीजिए।

### भाजपा को देश से हटाना होगा: जोबा

चाइबासा से झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी ने कहा कि यह चुनाव साधारण नहीं है। यह हमारे प्रदेश के सम्मान का चुनाव है। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के सम्मान का चुनाव है। ये हमारे अस्तित्व की रक्षा का भी चुनाव है। हमारे प्रदेश में जल, जंगल और जमीन की रक्षा के सवाल का चुनाव है। हमारी लड़ाई जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए है। भाजपा हमारी आवाज दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि दिवंगत देवेंद्र मांझी ने आदिवासी और मूलवासी के हक और अधिकार की लड़ाई में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने झारखंड में आदिवासी हक और अधिकार की रक्षा के लिए दिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ कंधे से कंधा मिला कर संघर्ष किया। 13 मई को अपने घरों से निकलें और तीर-धनुष चुनाव चिह्न पर वोट डालें।







## दिल्ली हाइकोर्ट से सोरेन परिवार को मिली राहत

# लोकपाल के सीबीआइ जांच के आदेश पर रोक

• 10 मई को होगी अगली सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाइकोर्ट ने सोरेन परिवार को राहत दी है। संपत्ति से जुड़े मामले में लोकपाल की ओर से सीबीआइ जांच का आदेश दिया गया है। इस आदेश पर दिल्ली हाइकोर्ट ने रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई 10 मई को होगी, तब तक कोई कार्रवाई नहीं की जायेगी।

लोकपाल ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) को पार्टी के नाम से दो संपत्तियों की जांच का निर्देश दिया था। इस आदेश के खिलाफ जेएमएम ने 4 मार्च को पारित लोकपाल के आदेश को चुनौती दी थी। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के खिलाफ दायर याचिका पर लोकपाल ने आदेश दिया था। लोकपाल ने सीबीआइ को सोरेन से जुड़ी कथित बेनामी संपत्तियों की छह महीने के भीतर जांच करने का निर्देश दिया था। सोरेन की ओर से कोर्ट में पेश सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि विचाराधीन दोनों संपत्तियां सोरेन की नहीं, बल्कि जेएमएम की हैं। बताया गया कि लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के तहत विवादित आदेश भारत के लोकपाल के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं। इस मामले में लोकपाल के आदेश से यह जांच नहीं हो सकती है।

**क्या है मामला :** 5 अगस्त, 2020 को बीजेपी के सांसद निशिकांत दुबे ने भारत के लोकपाल के समक्ष शिकायत दर्ज करायी, जिसमें आरोप लगाया गया कि सोरेन ने भ्रष्ट तरीकों से भारी संपत्ति अर्जित की है। लोकपाल के समक्ष कार्रवाई पर सितंबर 2022 में हाइकोर्ट ने रोक लगा दी।

## पलामू से वीडी राम और लोहरदगा से समीर उरांव आज करेंगे नामांकन

**रांची (आजाद सिपाही)।** एनडीए के दो प्रत्याशी बुधवार को राज्य के अलग-अलग लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन दाखिल करेंगे। भाजपा के मुताबिक पलामू से वीडी राम और लोहरदगा से समीर उरांव नामांकन भरेंगे। बीडी राम के नामांकन में केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह शामिल होंगे। जनरल वीके सिंह नयी दिल्ली से हवाई जहाज से रांची पहुंचेंगे। यहां से हेलीकॉप्टर से पलामू के लिए रवाना होंगे। वहां वह नामांकन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, रवींद्र राय, आदित्य साहू, बालमुकुंद सहाय समेत अन्य नेता मौजूद रहेंगे।

# कांग्रेस खुद को श्रीराम से बड़ा मानती है: मोदी

आजाद सिपही संवाददाता

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस खुद को भगवान श्रीराम से बड़ा मानती है। धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद पहले दिन से तुष्टीकरण में लगी हुई है। ये कांग्रेस के डीएनए में है। दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का हक छीनना पड़े तो ये लोग एक सेकेंड भी नहीं लगायेंगे। भाजपा सबका साथ सबका विकास के सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है। मोदी मंगलवार को छत्तीसगढ़ में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

मोदी ने कहा कि 60 साल तक एक ही परिवार ने खुद या रिमोट से सरकार चलायी। इस दौरान कांग्रेस के नेता सिर्फ अपनी तिजोरी भरते रहे। कांग्रेसी पूछते थे कि राम मंदिर कब बनायेंगे? हमने मंदिर बनवा दिया। हमने निमंत्रण भी भिजवाया, लेकिन उन्होंने उसे ठुकरा दिया। क्या ये भगवान राम का अपमान नहीं है? क्या ये छत्तीसगढ़ के लोगों का अपमान नहीं है? प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मैं आपको गारंटी दे रहा हूं कि 4 जून को चुनाव नतीजे आने के बाद, तीसरी बार मेरी सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ में रोड, रेल, सिंचाई और इंटरनेट कनेक्टिविटी का और तेजी से विस्तार किया जायेगा।

# झारखंड के दलित-ओबीसी वोटरों में भाजपा ने बढ़ायी पैठ

## ■ कोर वोटरों के बाद अब दूसरे वर्ग को साधने के लिए बनाया मास्टर प्लान

## ■ टिकट वितरण में तरजीह के बाद अब बनाया जा रहा है व्यक्तिगत संपर्क

**आजाद सिपाही विशेष**

लगातार तीसरी बार देश की सत्ता हासिल करने के लिए तैयार की गयी अपनी रणनीति के तहत भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में हर जाति और समाज को साधने में जुट गयी है। झारखंड की सभी 14 सीटों पर जीत हासिल करने के लिए भी पार्टी ने एक खास तरह का प्लान तैयार किया है और इस पर काम भी शुरू कर दिया गया है। झारखंड में भाजपा ने दलितों और पिछड़ों को साधने की दिशा में जो कदम उठाये हैं, उससे विपक्षी दलों में खलबली मची हुई है। राज्य की आबादी के करीब 55 फीसदी लोग इसी वर्ग से आते हैं और भाजपा ने टिकट वितरण में इन्हें तरजीह देकर इनमें अपनी पैठ बढ़ायी है। अब चुनाव प्रचार अभियान में पार्टी ने इन वर्गों पर खास ध्यान दिया है। इसके लिए एक तरफ नेताओं की मदद ली जा रही है, तो दूसरी तरफ कार्यक्रम भी चलाये जा रहे हैं। भाजपा ने पिछले महीने 10 दिन का बूथ शक्तिकरण अभियान चलाया, जिसमें दलित-पिछड़ा बहुल बूथों पर खास ध्यान दिया गया। इसके बाद पार्टी ने दलितों को साधने के लिए 'घर-घर चलो अभियान' चलाया, जिसके तहत 14 अप्रैल से एक सप्ताह तक पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने दलित बस्तियों में संपर्क साधा। चुनाव से पहले पार्टी ने दलितों-ओबीसी वर्ग के बड़े नेताओं को झारखंड के उन इलाकों में भेजने की योजना बनायी है। राष्ट्रीय स्तर के इन नेताओं की सभाएं दलितों-ओबीसी बहुल इलाकों में ही करायी जायेंगी। इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है और मई के पहले सप्ताह से यह अभियान शुरू होगा। क्या है भाजपा का पूरा प्लान और इसका क्या होगा असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

लोकसभा चुनावों में समाज के विभिन्न वर्गों का वोट हासिल करने के लिए तमाम दल हरसंभव उपाय कर रहे हैं, लेकिन जहां तक दलितों-ओबीसी वर्ग का सवाल है, तो इसमें भाजपा तेजी से अपनी पैठ बढ़ाती नजर आ रही है। झारखंड में दलितों और ओबीसी वर्ग के मतदाताओं के वोट नौ जिलों के नौ विधानसभा क्षेत्रों और आठ लोकसभा सीट के चुनाव परिणाम को प्रभावित करते हैं। इनमें पलामू, देवघर, गोड्डा, चतरा, कोडरमा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, रांची और लातेहार जिला शामिल हैं। पलामू जिले में अनुसूचित जाति के वोटरों की संख्या 28 फीसदी है। इसलिए पलामू लोकसभा सीट के साथ-साथ यहां की छतरपुर विधानसभा सीट भी अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है।

### क्यों अहम हैं दलितों-पिछड़ों का वोट

झारखंड की आबादी में दलितों और पिछड़ों की संख्या करीब 55 प्रतिशत है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इस वर्ग का वोट बिखर गया था और उसी साल विधानसभा के चुनाव में तो यह वोट बुरी तरह विभाजित हो गया था। इसका परिणाम यह हुआ कि भाजपा को सत्ता से बाहर होना पड़ा। इस बार भाजपा कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है। इसलिए उसने शुरू से ही इस वर्ग पर फोकस किया है।

### टिकट वितरण में दी तरजीह

टिकट वितरण में भाजपा ने जातीय समीकरण पर फोकस किया है। झारखंड की अगड़ी जातियां भाजपा का समर्थन करती आयी हैं और इस बार भी करेंगी। इसलिए पार्टी ने इस बार दलितों और पिछड़ों को प्राथमिकता दी है। पार्टी के कुल 13 उम्मीदवारों में केवल दो सवर्ण हैं। इनमें एक ब्राह्मण और एक भूमिहार हैं। पार्टी ने झारखंड में दबदबा रखने वाली कुरमी, बनिया और यादव जाति के वोट बैंक को साधने के लिए कई उलटफेर किये हैं। भाजपा ने धनबाद से ढुल्लू महतो और जमशेदपुर से विद्युत वरण महतो, हजारीबाग से मनीष जयसवाल और रांची से संजय सेठ और एक पर यादव (कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी) को टिकट दिया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में आठ अनारक्षित सीटों में से सात सीट पर लड़ने वाली भाजपा ने चार सवर्णों को टिकट दिया था। 2019 में भाजपा कोटे की सात अनारक्षित लोकसभा सीटों में से चार (हजारीबाग, धनबाद, चतरा और गोड्डा) पर अगड़ी जाति के उम्मीदवार जीते थे। इस लिहाज से भाजपा ने करीब 53 प्रतिशत भागीदारी अगड़ी जातियों को दी थी। लेकिन आजसू की गिरिडीह सीट को जोड़कर देखें, तो एनडीए के लिहाज से आधी भागीदारी अगड़ी जाति को मिली थी। लेकिन इस बार एनडीए की कुल आठ सीटों में सिर्फ दो सीटें अगड़ी जाति के खाते में गयी हैं। प्रतिशत के लिहाज से 25 प्रतिशत भागीदारी अगड़ी जाति को और पिछड़ी जाति को 75 प्रतिशत भागीदारी दी गयी है।



### झारखंड में जातियों का अनुमानित प्रतिशत

झारखंड में अनुसूचित जनजाति की आबादी करीब 26 प्रतिशत और अनुसूचित जाति की आबादी करीब 12 प्रतिशत है। लेकिन अन्य जातियों की आबादी अनुमान के आधार पर ही निकाली जाती है। वैसे ओबीसी की राजनीति करने वाले संगठनों का दावा है कि झारखंड में उनकी आबादी 50 प्रतिशत से ज्यादा है। अनुमान के मुताबिक पिछड़ी जातियों में सबसे ज्यादा कुरमी समाज की आबादी 16 प्रतिशत, यादव की 14 प्रतिशत, वैश्य, साहू और तेली समाज की 22 प्रतिशत है। वहीं सामान्य वर्ग की अनुमानित आबादी 16 प्रतिशत है, जिसमें ब्राह्मणों की आबादी पांच फीसदी मानी जाती है। शेष 11 प्रतिशत में राजपूत, भूमिहार और कायस्थ जाति प्रमुख हैं। इस तरह टिकट वितरण से साफ हो गया कि इस बार भाजपा हर समीकरण का ख्याल रख कर आगे बढ़ रही है। अब तक भाजपा पर अगड़ी जातियों के प्रति झुकाव का आरोप लगता रहा है। इस मिथक को पार्टी ने इस बार तोड़ दिया है।

### नेताओं के जरिये वोटरों को साधने की कोशिश

टिकट वितरण के बाद भाजपा ने दलित-ओबीसी वर्ग के वोटरों को साधने के लिए उन इलाकों पर फोकस किया है, जहां इनकी आबादी ज्यादा है। पार्टी ने पहले चरण में राज्य स्तरीय नेताओं को इन इलाकों में भेज कर सभाएं करायी हैं। इसके बाद दूसरे चरण में आजसू जैसे सहयोगी दलों के नेताओं और दलित-ओबीसी समाज के प्रभावशाली चेहरों के जरिये इन वोटरों को साधा जा रहा है। पार्टी ने दलित बस्तियों में जाकर व्यक्तिगत संपर्क भी किया है और अब योजनाओं और चेहरों के माध्यम से इस वोट बैंक को साधने की कोशिश कर रही है। अब भाजपा बड़े चेहरों को उन इलाकों में भेजने का कार्यक्रम तैयार कर रही है, जहां दलितों-ओबीसी वोटरों की बहुलता है।

### नये किस्म की सोशल इंजीनियरिंग

दरअसल यह चुनाव भाजपा का ओबीसी को जाति के खांचे से निकालने का प्रयोग है। जातिगत आबादी के अनुरूप सरकारी नौकरी और अवसरों में हिस्सेदारी की विपक्ष की मांग के बीच पार्टी ने राजनीति में परंपरागत जाति आधारित सियासत की जगह गरीब, युवा, किसान और महिला के रूप में नये सामाजिक समीकरण तैयार करने की कोशिश की है। हालांकि इस नये प्रयोग के बीच भाजपा ओबीसी के परंपरागत स्वभाव के प्रति न सिर्फ सतर्क है, बल्कि कोई खतरा भी नहीं उठाना चाहती। मोदी-शाह के युग में भाजपा ने ब्राह्मण-बनिया की पार्टी की अवधारणा को तोड़ दिया है। इसमें पीएम मोदी का ओबीसी वर्ग से होना मददगार साबित हुआ है। बीते दो चुनाव में इस वर्ग के बड़े हिस्से में पहुंच बना चुकी भाजपा पिछड़ा वर्ग से जुड़े चेहरों को आगे बढ़ा रही है।

# राजद ने चुनाव अभियान समिति में 49 लोग सहित सभी प्रकोष्ठ अध्यक्ष और पदेन सदस्य मनोनीत किये

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** प्रदेश राजद कार्यालय धुर्वा में राजद चुनाव अभियान समिति के संयोजक गौतम सागर राणा ने 2024 लोकसभा के आम चुनाव में राजद पार्टी की भूमिका और राज्य में गठबंधन दलों के प्रत्याशियों को समर्थन में प्रचार-प्रसार के लिए 49 सदस्यीय टीम का एलान किया। वहीं कहा कि जिला स्तर पर लोकसभा वार कमेटी शीघ्र घोषित कर दी जायेगी।

गौतम सागर राणा ने कहा कि आज देश का संविधान और लोकतंत्र दो विकट परिस्थिति में है। क्योंकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य मुद्दा से अलग होकर लोगों के बीच आपसी भाईचारे बिगड़ने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि विदित है कि बीते दिनों पीएम मोदी लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राजस्थान, छिंदवाड़ा सहित अन्य जगहों में अत्यंत ही निंदनीय और घिनौनी तथा नफरती बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का घोषणा पत्र ने कहा गया है कि इंडिया की सरकार बनेगी तब सभी का सर्वे कराकर उनकी भागीदारी तय की जायेगी। इस निंदनीय एवं अशोभनीय बयान के उपरांत चुनाव आयोग को अविलंब पीएम मोदी के ऊपर आचार संहिता का केस दर्ज करना चाहिये। क्योंकि यह बयान हिंदू मुस्लिम की एकता और अखंडता पर सीधा प्रहार है। एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाने की खुली चुनौती दे रहे हैं। बेहद ही शर्मनाक बात है। राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि राज्य चुनाव अभियान समिति में कुल 49 लोग शामिल हैं साथ ही सभी प्रकोष्ठ एवं जिला अध्यक्ष/प्रकोष्ठ अध्यक्ष सभी पदेन सदस्य होंगे, लेकिन आवश्यकतानुसार और लोगों का विस्तार किया जा सकता है। इस मौके पर मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, उपाध्यक्ष अनीता यादव, महासचिव आबिद अली, महासचिव मनोज पांडेय, युवा अध्यक्ष रंजन कुमार, महिला अध्यक्ष रानी कुमारी, श्रमिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुधीर गोप, सचिव चंद्रशेखर भगत, शारदा देवी, नंदन यादव, शब्बर फातमी, साजिद आलम, जसीम अख्तर, शबनम परवीन, शालिग्राम पांडेय, शाहबाज अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस जीतने के लिए नहीं, हारने के लिए चुनाव लड़ती है : राजेंद्र प्रसाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस में हजारों कार्यकर्ता होंगे, जो वर्षों से समाज सेवा कर रहे हैं, यह सोच कर कि एक दिन उनकी मेहनत का फल उन्हें पार्टी देगी और वे सांसद - विधायक बनेंगे। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने एक ऐसा उम्मीदवार रांची से दे दिया, जिसका आम जनता से कोई सरोकार नहीं रहा है। वहीं धनबाद से भी बाहरी को उम्मीदवार बनाया गया है, उन्हें भी राजनीति से कोई सरोकार नहीं रहा है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि विनाश काले विपरीत बुद्धि चरितार्थ कांग्रेस के लिए कहना ठीक रहेगा। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि हाल के दिनों में आम लोगों के बीच रहने वाले नेता रांची से पांच बार सांसद रहे रामटहल चौधरी, कांग्रेस में शामिल हुए थे। उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी बनाती तो रांची का चुनाव दिलचस्प हो जाता है। रांची और झारखंड की जनता यह जरूर चाहती है कि राज्य को समझने वाले नेता ही सांसद और विधायक बने जिससे झारखंड के विकास को गति मिले। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी कहते हैं जिस जाति की जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी। रामटहल चौधरी, पिछड़ा वर्ग से भी आते थे। राहुल गांधी के कथनी और करनी पर भी फिट बैठते थे, लेकिन शायद कांग्रेस को जीतने के लिए नहीं हारने के लिए रांची से चुनाव लड़ना है।

## अंतू तिर्की, बिपिन सिंह समेत चार आरोपियों की हुई पेशी, 29 तक रिमांड बढ़ी

**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े 8.46 एकड़ जमीन के फर्जीवाड़े में मंगलवार को रिमांड पूरी होने के बाद जेएमएम नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, मोहम्मद इरशाद और प्रियरंजन सहाय को इडी की विशेष अदालत में पेश किया गया। इडी की ओर से पूछताछ के लिए फिर से सात दिनों की रिमांड की मांग की गयी।

कोर्ट ने 29 अप्रैल तक के लिए रिमांड बढ़ा दी है। दरअसल, रिमांड पर लिये गये फर्जी दस्तावेज बनाने के मास्टर माइंड मोहम्मद सद्दाम हुसैन से पूछताछ के आधार पर इडी ने बीते दिनों जेएमएम नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह समेत चार लोगों के ठिकाने पर छापामारी की थी।

मामले में अब तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भानु प्रताप प्रसाद समेत पांच को चार्जशिटेट आरोपी बनाया गया है। अब तक आठ लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

# टिकट बंटवारे में ओबीसी अल्पसंख्यक वैश्य समुदाय के साथ नाइंसाफी : राजेश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर पिछड़ा विरोधी मानसिकता के लोगों के इशारे पर टिकट बंटवारे में ओबीसी अल्पसंख्यक, वैश्य समुदाय की घोर नाइंसाफी कर रहे हैं। इससे इस वर्ग में कांग्रेस के प्रति भारी आक्रोश और निराशा है। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी देश में कमजोर वर्ग के प्रतिनिधियों से मिल कर समस्या को घोषणा-पत्र में शामिल कर सामाजिक न्याय कर जनमत को अपने पक्ष में कर रहे हैं। वहीं झारखंड में इसका उलटा हो रहा है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के मेरे सवालों पर राहुल गांधी ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं प्रभारी मीर साहब से पूछताछ भी की। वहां यह बातें आयीं कि 50% से ज्यादा आरक्षण नहीं दिया जा सकता है, तो रांची की धुर्वा में सभा के दौरान 50% आरक्षण की सीमा तोड़ने की घोषणा की थी। वहीं झारखंड प्रभारी मीर ओबीसी समुदाय को टिकट बंटवारे में सामाजिक अन्याय कर रहे हैं। इस बाबत अग्रगणि संगठन राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रतिनिधि से मिलने में भी गुरेज कर रहे हैं। इसलिए इस विषय को लेकर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रतिनिधि दिल्ली जा रहा

प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, रामावतार कश्यप, एमडी जुनैद उपस्थित थे।

# चुनाव के दौरान नियुक्ति परीक्षा का आयोजन खास दल को लाभ पहुंचाने के लिए: एस अली

**आजाद सिपाही संवाददाता**



कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा लोकसभा चुनाव के दौरान एकाएक प्राथमिक विद्यालय कक्षा 1-5 के लिए सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का आयोजन 27 अप्रैल 2024 को कराने पर आजसू पार्टी ने सवाल उठाया। पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव एस अली ने इसे खास दल को लाभ पहुंचाने वाला कार्य बताया। उन्होंने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष और आयुक्त झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कहा कि बिना संपूर्ण तैयारी के राज्य के विभिन्न जिलों में परीक्षा केंद्र बनाकर सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का आयोजन करवाने का निर्णय कही से भी न्याय सांगत और उचित नहीं है। चूंकी देश में लोकसभा चुनाव हो रहा है और झारखंड के कई लोकसभा सीटों के लिए 23 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिसमें सारे प्रशासनिक अमला चुनावी प्रक्रिया को पूरी करने में लगे हैं। जिसके कारण नियुक्ति परीक्षा प्रभावित होने की संभावना होगी। वहीं दूसरी ओर जेटेट उत्तीर्ण पारा शिक्षकों का भी चुनावी प्रशिक्षण चल रहा है जो 26 अप्रैल 2024 को भी है, ऐसे में बहुत सारे पारा शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो जायेंगे जो अवसर छीनने जैसा होगा।

# कांग्रेस के गढ़ पटियाला में चौकोना मुकाबला

**पंजाब का दंगल**

अक्षय

**पंजाब** की सियासत में हॉट मानी जा रही पटियाला सीट पर इस बार बदले सियासी समीकरणों के कारण पहली बार चौकोना मुकाबला होने जा रहा है। कांग्रेस का गढ़ रही इस सीट से आप ने अपने सेहत मंत्री डॉ बलबीर सिंह, कांग्रेस ने पूर्व सांसद डॉ धर्मवीर गांधी, भाजपा ने चार बार की सांसद परनीत कौर और शिअद ने एनके शर्मा को मैदान में उतारा है, जबकि अब तक पटियाला में कांग्रेस और अकाली-भाजपा गठबंधन और आप के बीच ही मुकाबला देखने को मिलता था। चौकोना मुकाबला होने के कारण इस बार पटियाला में सभी पार्टियों के बीच कांटे की टक्कर होने की संभावना है। इस बार के चुनावों में मुद्दे भी हावी रह सकते हैं, क्योंकि पटियाला में कई बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट सालों से लटके हैं। उम्मीदवार हर चुनाव में इन प्रोजेक्टों को शुरू कराने के बड़े-बड़े दावे करते हैं, लेकिन बाद में इनकी सुध नहीं ली जाती।

कांग्रेस का गढ़ रहे पटियाला लोकसभा की बात करें, तो 1952 से अब तक यहां 17 बार चुनाव हुए हैं, जिनमें सबसे अधिक 11 बार कांग्रेस अपनी जीत का परचम फहरा चुकी है। कांग्रेस के राम प्रताप गर्ग 1952 में यहां से पहले सांसद थे। पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी परनीत कौर यहां से चार बार सांसद रह चुकी हैं। सबसे पहले वह 1999 में पटियाला से लोकसभा चुनाव जीती थीं और इसके बाद 2004, 2009 और फिर 2019 में चुनी गयीं। पटियाला लोकसभा हलके में 9 विधानसभा क्षेत्र राजपुरा, घन्नौर, सन्नौर, पटियाला (शहरी), पटियाला (देहाती), नाभा, समाना, शुतराणा और डेराबस्सी पड़ते हैं। इस समय सभी हलकों में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के विधायक हैं।

पटियाला हलके में कुल वोटरों की गिनती 1796352 है, जिनमें से 939319 पुरुष और 8,56,955 महिलाएं और 78 थर्ड जेंडर हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनावों में इस हलके से वोट प्रतिशत 67.79 प्रतिशत रहा था। 2019 के चुनावों में परनीत ने अकाली दल के सुरजीत सिंह रखड़ा को 162718 वोटों के अंतर से हराया था। परनीत कौर को 532027 और वहीं रखड़ा को 369309 वोट मिले थे। तीसरे नंबर पर रहे डा धर्मवीर गांधी को 161645 मत प्राप्त हुए थे।



कांग्रेस से डॉ धर्मवीर गांधी, भाजपा से परनीत कौर, शिअद से एनके शर्मा, आप से डॉ बलबीर मैदान में।

## कब कौन जीता

1957 में कांग्रेस के लाला अचिंत राम, 1962 में कांग्रेस के सरदार हुकम सिंह, 1967 में कांग्रेस की मोहिंदर कौर, 1971 में कांग्रेस के सतपाल कपूर, 1977 में अकाली दल के गुरचरन सिंह टोहड़ा, 1980 में कांग्रेस के कैप्टन अमरिंदर सिंह, 1984 में अकाली दल के चरनजीत सिंह वालिया, 1989 में आजाद उम्मीदवार के तौर पर अतिंदरपाल सिंह, 1991 में कांग्रेस के संत राम सिंगला, 1996 में अकाली दल के प्रेम सिंह चंदूमाजरा, 1998 में अकाली दल के प्रेम सिंह चंदूमाजरा, फिर लगातार तीन चुनाव में कांग्रेस की परनीत कौर, 2014 में आप के डॉ धर्मवीर गांधी यहां से चुनाव जीते थे।

## उम्मीदवारों को कहां नफा, कहां नुकसान

पटियाला सीट पर चुनावी समीकरण बदले हैं। कांग्रेस छोड़ने के बाद परनीत कौर भाजपा में हैं। हालांकि, इस बार परनीत के लिए जीत की राह पहले के मुकाबले चुनौतीपूर्ण है। एक तरफ उन्हें चुनाव प्रचार के दौरान सभी विस हलकों में किसानों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। उधर टकसाली भाजपाई भी परनीत के चुनाव प्रचार से गायब हैं, जो उन्हें टिकट मिलने से नाराज हैं। पूर्व कैप्टन सरकार की ओर से अपने चुनावी वादों पर खरा न उतरने का गुस्सा भी अब तक लोगों में है, लेकिन परनीत कौर का पटियाला के लोगों में खासा प्रभाव है, जिसका उन्हें लाभ मिल सकता है।

कांग्रेस के डॉ धर्मवीर गांधी हृदय रोग विशेषज्ञ हैं और साफ-सुथरी शख्सियत के नेता माने जाते हैं। उनका शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ गांवों के लोगों में राजनेता के साथ-साथ एक डॉक्टर का खासा प्रभाव है, लेकिन अपनों का विरोध उनके चुनाव प्रचार पर असर डाल सकता है। भाजपा से गठजोड़. की संभावनाएं खत्म होने के बाद अकाली दल ने यहां से हिंदू चेहरा एनके शर्मा को टिकट दिया है। डेराबस्सी के पूर्व विधायक शर्मा को पटियाला के लोग ज्यादा नहीं जानते हैं। हालांकि, पार्टी के आदेशों पर वह पिछले कुछ समय से पटियाला में सक्रिय थे। शर्मा के जरिये अकाली दल की हिंदू वोट बैंक भुनाने की कोशिश रहेगी। आप के डॉ बलबीर सिंह पटियाला देहाती हलके से विधायक हैं। 2020 के दिल्ली मोर्चे में डॉ बलबीर ने लंगर लगाया था और मुफ्त मेडिकल कैंप भी लगाये थे। कैबिनेट मंत्री डॉ बलबीर सिंह एक मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं।

**निर्दलीयों की कहानी**

# पहले चुनाव से ही अहम भूमिका निभा रहे हैं निर्दलीय

प्रशांत




**लोकसभा** चुनाव में उत्तर से दक्षिण तक बागियों ने सियासी दलों की टेंशन बढ़ा दी है। बिहार में पूर्णिया सीट इंडिया ब्लॉक में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के खाते में क्या गयी, कांग्रेस के पप्पू यादव निर्दलीय ही चुनाव मैदान में उतर आये। राजस्थान की बाड़मेर सीट पर रवींद्र सिंह भाटी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की टेंशन बढ़ा रहे हैं। कर्नाटक में बीजेपी से बगावत कर केएस ईश्वरप्पा ने भी शिमोगा सीट से ताल ठोक दी है। बागी निर्दलीय ही चुनाव मैदान में उतर सियासी दलों का सिरदर्द बढ़ा रहे हैं। चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे निर्दलीय उम्मीदवारों को कोई वोटकटवा बता रहा है तो कोई डमी कैंडिडेट। हर कोई अपने-अपने हिसाब से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे नेताओं की कैटेगरी का निर्धारण कर रहा है। वोटकटवा और डमी कैंडिडेट की बहस के बीच अतीत के पन्ने भी पलटे जा रहे हैं। आजादी के बाद आम चुनाव के इतिहास में निर्दलीय उम्मीदवारों का प्रदर्शन कब-कैसा रहा, यह जानना दिलचस्प है।

**कब जीते थे सबसे ज्यादा निर्दलीय :** निर्दलीय उम्मीदवार पहले चुनाव से ही चुनाव मैदान में उतरते आये हैं। 1951-52 के आम चुनाव में 37 निर्दलीय सांसद निर्वाचित हुए थे। दूसरे चुनाव में भी यह संख्या बढ़ी, लेकिन तीसरे चुनाव में कुछ कमी आयी। कभी कम तो कभी अधिक, हर चुनाव में निर्दलीय संसद पहुंचते रहे हैं। 1957 के चुनाव में 42 निर्दलीय संसद पहुंचे थे। दूसरी लोकसभा में निर्दलीय जीत का यह आंकड़ा अब तक सबसे अधिक रहा है।

**कब जीते कितने निर्दलीय :** साल 1962 के तीसरे लोकसभा चुनाव में 20, 1967 में 35, 1971 में 14 निर्दलीय संसद पहुंचे थे। इमरजेंसी के बाद हुए 1977 और 1980 के चुनाव में नौ-नौ, 1984 में 13, 1989 में 12 निर्दलीय जीते थे। 1991 में केवल एक निर्दलीय जीत सका था, जो किसी लोकसभा में निर्दलीयों का अब तक का सबसे कम प्रतिनिधित्व भी है। साल 1996 के चुनाव में नौ, 1998 और 1999 में छह, 2004 में पांच, 2009 में नौ निर्दलीय चुनाव जीते थे।

**2014 से कैसा है रिकॉर्ड :** साल 2014 और 2019 के चुनाव में निर्दलीय सांसदों की संख्या कम रही। 1991 को छोड़ दें तो इन दोनों चुनाव में निर्दलीय सांसदों की संख्या सबसे कम थी। 2014 में तीन निर्दलीय चुनाव जीत कर संसद पहुंचे तो वहीं 2019 में चार निर्दलीयों को जीत मिली थी। 2019 में महाराष्ट्र के अमरावती से नवनीत राणा, असम के कोकराझार से नबा कुमार सरानिया, दादरा और नगर हवेली से मोहनभाई सांजीभाई और कर्नाटक के मांड्या से सुमलता अंबरीश बतौर निर्दलीय जीत कर संसद पहुंचे थे।

**क्यों होती रही निर्दलीयों के लड़ने पर रोक की बात :** निर्दलीय उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने पर रोक की मांग को लेकर भी स्वर उठते रहे हैं। विधि आयोग ने भी 2015 में सरकार से जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा चार और पांच में संशोधन की सिफारिश करते हुए यह कहा था कि सिर्फ पंजीकृत राजनीतिक दल के उम्मीदवारों को ही लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने की इजाजत दी जाये। विधि आयोग का कहना था कि ज्यादातर निर्दलीय या तो डमी कैंडिडेट होते हैं या फिर गंभीरता से चुनाव नहीं लड़ते।

# किशनगंज में 68 फीसदी मुस्लिम मतदाता, लेकिन प्रचार करने नहीं आता भाजपा का कोई बड़ा नेता

**बिहार का रणक्षेत्र**

विद्यासागर

**इतिहास** से किशनगंज का पुराना नाता रहा है। कभी इस इलाके को सूर्यापुर कहा जाता था। माना जाता है कि यहां महाभारत काल कीपुरातात्विक संपदा बिखरी पड़ी है, पर उसे सहेजने वाला कोई नहीं है। दार्जिलिंग से किशनगंज की दूरी महज 150 किमी है, इसीलिए इस जगह को गरीबों का दार्जिलिंग भी कहा जाता है। बिहार की यह अकेली सीट है, जहां मुस्लिम मतदाता 68 फीसदी हैं। इसी वजह से सभी राजनीतिक दल मुस्लिम को ही टिकट देते हैं। 2019 में किशनगंज को छोड़ कर बिहार की 40 में से 39 सीटें भाजपा-जदयू गठबंधन ने जीती थीं। यह सीट कांग्रेस के खाते में गयी थी।

इस बार यहां बड़ा रोचक त्रिकोणीय मुकाबला है। कांग्रेस का गढ़ रही इस सीट पर असदुद्दीन ओवैसी की आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलमीन (एआइएमआइएम) के प्रत्याशी अख्तरुल इमाम, जदयू से मुजाहिद आलम और कांग्रेस से पिछली बार के सांसद जावेद आजाद मैदान में हैं। ओवैसी की पार्टी की एंट्री नहीं होती, तो कांग्रेस के लिए राह मुश्किल न होती। 2014 में मोदी लहर में भी यह सीट कांग्रेस के खाते में गयी थी। यहां दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान है। स्थानीय लोग बताते हैं कि भाजपा का कोई बड़ा नेता यहां प्रचार करने नहीं आता। इस सीट पर मुस्लिम वोटर अधिक होने की वजह से वे किसी भी प्रत्याशी को जिता सकते हैं। इस सीट के तहत छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यहां करीब 17 लाख मतदाता हैं। इस सीट से शाहनवाज हुसैन, तस्लीमुद्दीन, एमजे अकबर लोकसभा पहुंच चुके हैं। मुस्लिम बहुल किशनगंज में 1967 में प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के लखन लाल कपूर को जीत मिली थी। वे इस सीट से जीतने वाले एकमात्र गैर मुस्लिम उम्मीदवार हैं।



जावेद आजाद, मुजाहिद आलम और अख्तरुल इमान।

किशनगंज में ऐसा कुछ भी नहीं है, जो किसी का ध्यान खींच सके। वर्ष 2012 के आसपास यहां अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) का सेंटर खुलने की बात हुई थी, इसके लिए 224 एकड़ जमीन भी चिह्नित कर 'ली गयी, पर आगे कुछ नहीं हुआ। शिक्षा के लिए छात्रों को आसपास के शहरों का सहारा है। यहां साक्षरता दर केवल 57 फीसदी है, जो राष्ट्रीय औसत 77 फीसदी से कम है। उत्तरी दिनाजपुर जिले के मुख्यालय रायगंज के लिए बस पकड़ने को तैयार मोहम्मद खलीलुल्ला कहते हैं, एएमयू का कैंपस बन जाता तो हमारे बच्चों को बाहर पढ़ने नहीं जाना पड़ता। हर जगह कूड़ा पड़ा हुआ दिखता है। ग्रामीण अंचल में धान और मक्का की खेती होती है। बाढ़ और कटाव से हर साल सैकड़ों एकड़ जमीन नदी में विलीन हो जाती है। जिले के टेढ़ागाछ, कोचाधामन, पोठिया सर्वाधिक बाढ़ प्रभावित इलाके हैं। हर साल महानंदा, रेतुआ नदी यहां कहर बरपाती हैं। प्रमुख मुद्दों में पलायन भी शामिल है। रोजगार की व्यवस्था नहीं होने की वजह से युवा अन्य राज्यों में पलायन को मजबूर होते हैं, लेकिन बाढ़, कटाव, शिक्षा दर या पलायन कभी मुद्दा नहीं बन पाये। बस स्टैंड पर मो अफरोज कहते हैं। नेता केवल लड़ाने का काम करते हैं। किशनगंज आज भले ही सामान्य सा शहर हो पर इसका संबंध महाभारत काल से बताया जाता है। यहां खुदाई में सूर्य भगवान की प्रतिमा भी मिली थी, जिसकी अब पूजा होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार जरा भी ध्यान दे तो यहां पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। किशनगंज एकमात्र क्षेत्र है, जहां पहाड़ों पर नहीं, मैदानों में चाय की खेती होती है।

# वर्ष 1951 के बाद केवल 35 नेता निर्विरोध चुने गये

राजवीर

**चुनाव का फंडा**



**लोकसभा** चुनाव के 4 जून को नतीजे घोषित होने से पहले ही भाजपा का खाता खुल गया है। सूरत से कांग्रेस प्रत्याशी निलेश कुंभानी का परचा रद्द होने और बाकी आठ निर्दलीय उम्मीदवारों के नाम वापस लेने के बाद भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित हो गये हैं। दरअसल, कांग्रेस प्रत्याशी के तीन प्रस्तावकों ने चुनाव आयोग से शिकायत कर नामांकन पत्र में जाली हस्ताक्षर के आरोप लगाये थे। यहां 7 मई को मतदान होना था। सूरत सीट से दस उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। भाजपा प्रत्याशी दलाल ने भी प्रस्तावकों के जाली हस्ताक्षर की शिकायत की थी। चुनाव अधिकारी ने कुंभानी को प्रस्तावकों के साथ बुलाया था, पर वह पेश नहीं कर पाये। भाजपा के मुकेश दलाल पिछले 12 साल में निर्विरोध लोकसभा चुनाव जीतने वाले पहले उम्मीदवार बन गये हैं। साथ ही भाजपा के पहले उम्मीदवार भी बन गये हैं। दलाल समेत 1951 से अब तक बिना किसी चुनावी लड़ाई के संसदीय चुनाव जीतने वालों की संख्या 35 हो गयी है।?हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों में 10 भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध जीते थे। समाजवादी पार्टी की डिंपल यादव ने 2012 में कन्नौज लोकसभा उपचुनाव निर्विरोध जीता था। संसदीय चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल करने वाले अन्य प्रमुख नेताओं में वाइबी चव्हाण, फारूक अब्दुल्ला, हरे कृष्ण महताब, टीटी कृष्णामाचारी, पीएम सइद और एससी जमीर शामिल हैं। बिना किसी मुकाबले के लोकसभा पहुंचने वालों में सबसे अधिक कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। सिक्किम और श्रीनगर निर्वाचन क्षेत्रों में दो बार ऐसे निर्विरोध चुनाव हुए हैं। डिंपल समेत नौ उम्मीदवार उपचुनाव में निर्विरोध जीत कर लोकसभा पहुंचे हैं। 1957 में आम चुनाव में अधिकतम सात उम्मीदवार निर्विरोध जीते, उसके बाद 1951 और 1967 के चुनावों में पांच-पांच निर्विरोध जीते, जबकि 1962 में तीन और 1977 में दो उम्मीदवार निर्विरोध जीते, 1971, 1980 और 1989 में एक-एक उम्मीदवार ने निर्विरोध चुनाव जीता।

# लू के थपेड़ों ने बदली प्रचार की सियासी चाल

**चुनाव प्रचार**

## पहली बार हो रहा है इस तरह का 'चुनावी मेल-जोल'

सलोनी

**ओड़िशा** की बरगढ़ लोकसभा सीट हो या इसी राज्य की बस्ता सीट। महाराष्ट्र की वर्धा सीट हो या यवतमाल सीट। राजस्थान की बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट से लेकर गुजरात की कच्छ लोकसभा सीट, देश में ऐसे ही और भी इलाके हैं, जहां पर न सिर्फ लगातार गर्मी का कहर जारी है, बल्कि इसके बावजूद इन इलाकों में धुआंधार तरीके से चुनाव प्रचार भी चल रहा है, लेकिन मौसम के बदले हालात के चलते देश के ऐसे ही दर्जनों लोकसभा क्षेत्रों में न सिर्फ चुनाव प्रचार की टाइमिंग प्रत्याशियों और उनके कार्यकर्ताओं ने बदली है, बल्कि कई प्रत्याशी और कार्यकर्ता तो अपने साथ डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ के अलावा गर्मी और लू से बचने के वह तमाम उपाय साथ लेकर चल रहे हैं, ताकि प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं को दिक्कत न हो। बावजूद उसके लगातार प्रत्याशियों से लेकर कार्यकर्ताओं के बेहोश होने का सिलसिला जारी है। सोमवार को तो 45 डिग्री से ज्यादा के तापमान वाले ओड़िशा की पुरी लोकसभा के प्रत्याशी तो बेहोश ही हो कर गिर गये।



लोकसभा के चुनाव के दौरान जम कर लू चलेगी और खूब गर्मी होगी, इसकी चेतावनी तो मौसम विभाग ने पहले ही दे दी थी। मौसम विभाग की इस चेतावनी के बाद चुनाव आयोग ने न सिर्फ अलर्ट जारी किया, बल्कि उसने भी गर्मी में बचाव के सभी बंदोबस्त करने के दिशा निर्देश भी जारी कर दिये। हालांकि चुनाव आयोग के दिशा निर्देश मतदान स्थल से लेकर मतगणना स्थल तक के लिए विशेष रूप से जारी हुए थे, लेकिन प्रत्याशियों को भी अपने समर्थकों के साथ अलर्ट रहने के लिए कहा गया था। बावजूद इसके दिक्कत अभी भी सबसे ज्यादा उन राज्यों के प्रत्याशियों को हो रही है, जहां पर न सिर्फ तापमान 45 डिग्री से ज्यादा बना हुआ है, बल्कि लू के थपेड़े भी लगातार चल रहे हैं। हालात ऐसे हो गये हैं कि गर्मी के मौसम में प्रत्याशी से लेकर कार्यकर्ता और समर्थक भी बेहोश होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं।

लगातार बढ़े हुए तापमान के बीच में सोमवार को तो ओड़िशा के पुरी में बीजू जनता दल के प्रत्याशी ही बेहोश होकर गिर गये। जानकारी के मुताबिक, मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर और पुरी से बीजेडी के लोकसभा प्रत्याशी अरुप पटनायक एक रोड शो कर रहे थे। इस दौरान उनके समर्थक नारेबाजी करते हुए चल रहे थे, लेकिन अचानक अरूप पटनायक बेहोश हो गये। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने बेहोशी का कारण गर्मी बताया। सिर्फ पुरी के अरूप पटनायक ही नहीं, बल्कि बीते दिनों मध्यप्रदेश के बैतूल से विधायक महेंद्र सिंह भी ऐसे ही गर्मी के चलते भरी जनसभा में बेहोश होकर गिर गये थे। उनको भी अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने गर्मी की वजह से बेहोश होने की बात बतायी थी।

मध्यप्रदेश और ओड़िशा की तरह ही पुडुचेरी में कांग्रेस के वर्तमान सांसद वी वैथिलिंगम भी बहोश होकर एक जनसभा में गिर पड़े थे। कांग्रेस के नेता को भी बेहोशी की वजह गर्मी बतायी गयी थी। सिर्फ नेता ही नहीं बल्कि चुनाव कराने वाले अधिकारी भी लगातार गर्मी के चलते बेहोश होकर गिर रहे हैं। झारखंड के गिरिडीह में भी गर्मी के चलते चुनाव कराने की ट्रेनिंग का हिस्सा बनी, एक महिला बेहोश होकर गिर गयी थी। महाराष्ट्र के वर्धा में चुनाव से पहले होने वाली कर्मचारियों की ट्रेनिंग में भी दो अध्यापकों के बेहोश होने का मामला सामने आ चुका है।

ओड़िशा के बरगढ़ लोकसभा से बीजेडी के लोकसभा प्रत्याशी देवेश आचार्य, बस्ता लोकसभा सीट से सुहासिनी जेना, वर्धा लोकसभा सीट से गठबंधन प्रत्याशी अमर शरदराव काले, यवतमाल से भाजपा प्रत्याशी राजश्री हेमंत, इन नेताओं और उनके कार्यकर्ताओं ने लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और गर्म हवाओं के चलते चुनाव प्रचार का वक्त ही बदल दिया है। ओड़िशा के बरगढ़ क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी देवेश आचार्य के समर्थक रामन साहू कहते हैं कि उनके कार्यकर्ता तो इतनी गर्मी में अब सुबह पांच बजे से ही चुनाव प्रचार के लिए निकल जाते हैं। इसके लिए उन्होंने ग्रामीण इलाकों के घरों से लेकर शहरी इलाकों के पार्कों को चुना है।

# भाजपा के राजीव चंद्रशेखर ट्रेन में सफर कर प्रचार कर रहे

राजीव

**अनोखा प्रचार**



**केरल** की तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट के नतीजों पर सभी की निगाहें टिकी हैं। यहां से केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर चुनाव मैदान में हैं। राजीव चंद्रशेखर का मुकाबला वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर और एलडीएफ उम्मीदवार पी रवींद्रन से है। इस सीट पर मुकाबला रोमांचक है और सभी उम्मीदवार चुनाव प्रचार में पूरा जो लगा रहे हैं, ताकि मतदाताओं को अपने पक्ष में कर सकें। भाजपा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर ने प्रचार का अनोखा तरीका निकाला है। दरअसल वह प्रसाला से तिरुवनंतपुरम के बीच चलने वाली ट्रेन में सफर कर रहे हैं, जिसमें वे लोगों से मुलाकात करेंगे और उनकी समस्याएं जानने का प्रयास करेंगे। राजीव चंद्रशेखर ने ट्रेन में चुनाव प्रचार की वजह बताते हुए कहा कि यह लोकसभा ग्रामीण इलाका है, जिसमें अधिकतर लोग खेती से जुड़े हैं। बड़ी संख्या में लोग प्रसाला से हर दिन तिरुवनंतपुरम इसी ट्रेन से आते जाते हैं। ऐसे में मेरे लिए ये एक अच्छा अवसर है कि मैं लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में बात करूं और उन्हें अपने विजन के बारे में बताऊं कि मैं अगले पांच वर्षों में क्या करने वाला हूं। शशि थरूर ने हाल ही में राजीव चंद्रशेखर पर निशाना साधते हुए कहा था कि उन्हें नहीं पता कि एक सांसद क्या कर सकता है और क्या नहीं कर सकता। जब इसे लेकर केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे ऐसे व्यक्ति से सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है, जिसने 15 वर्षों से कुछ नहीं किया है। अगर उन्हें लगता है कि एक सांसद का मतलब है कोई काम नहीं करना, तो मेरा मानना है कि एक सांसद होने का मतलब है जिम्मेदार, उत्तरदायी और सहानुभूतिशील होना। राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि यहां के लोग इस बात से नाराज हैं कि बीते कई वर्षों में यहां कोई तरक्की नहीं हुई है। नौकरियां नहीं हैं और न ही कोई विकास हुआ है। युवा यहां पर नाराज हैं और सभी बदलाव चाहते हैं। लोग जानना चाहते हैं कि एक सांसद, एक पार्टी और एक नेता कैसे लोगों की जिंदगी बदल सकता है। मेरा भी लोगों को यही संदेश है और तिरुवनंतपुरम के लोग भी यही चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बीते 15-20 वर्षों में तिरुवनंतपुरम का विकास रुक गया है। मौजूदा सांसद और राज्य सरकार बड़ी-बड़ी बातें करती है, जैसे एयरपोर्ट आदि, लेकिन अधिकतर लोग जिन चीजों से प्रभावित होते हैं, वो है जैसे ये रेल यात्रा। कोई भी तिरुवनंतपुरम में उपनगरीय रेल व्यवस्था बनाने की बात नहीं कर रहा है। मैंने ये बंगलूरू में किया है। तिरुवनंतपुरम को भी मेट्रो की जरूरत है, लेकिन उससे भी अच्छा रहेगा उपनगरी रेल व्यवस्था, जो सस्ता भी होगी और कनेक्टिविटी भी बेहतर देगी। मैं इस रेल यात्रा के जरिए लोगों की जरूरत समझने की कोशिश कर रहा हूं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,800 रु./10 ग्राम
चांदी 84,000 रु./प्रति किलो



## खूंटी में नामांकन : चुनावी रंग में रंगी खूंटी लोकसभा सीट, कार्यकर्ताओं में उत्साह

# एनडीए और इंडी गठबंधन ने किया शक्ति प्रदर्शन



बीजेपी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के रोड शो में पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, नीलकंठ सिंह मुंडा, मीरा मुंडा और सुदेश महतो।


अर्जुन मुंडा के नामांकन के दौरान झारखंड के भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व आइजी भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के रोड शो में सीएम चंपाई सोरेन, गुलाम अहमद मीर, बंधु तिर्की और अन्य।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** मंगलवार को खूंटी लोकसभा चुनाव के रंग में पूरी तरह रंग गया। चप्पा- चप्पा भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से भर गया। सड़क पर पार्टी समर्थकों के झंडों से खूंटी लोकसभा का माहौल भी गरमाया हुआ था। लगा कि अब प्रत्याशी चुनावी मैदान में विधिवत रूप से कूद पड़े हैं।

खूंटी की सड़कें जाम हो गयी और जनता परेशान भी हो गयी। लेकिन किसी ने सही कहा है कि चुनाव भी एक पर्व के समान होता है तो लोग भी उत्सुक थे कि कौन-कौन नेता उनके क्षेत्र में आया हुआ है। बड़ी-बड़ी गाड़ियों का काफिला और समर्थकों के नारेबाजी बयान कर रही थी कि उनके नेता आ चुके हैं। गर्मी चरम पर लेकिन चुनावी सरगर्मी का पारा उससे भी प्रबल। बस एक ही लक्ष्य अपने प्रत्याशी के लिए समर्पण। एक तरफ भाजपा आजासू के कार्यकर्ता दूसरी तरफ कांग्रेस और झमूमो के कार्यकर्ता। खूंटी के छोटे-छोटे होटलों का कारोबार भी बढ़ गया था। कार्यकर्ताओं की भीड़ इतनी कि खूंटी के होटलों में समोसा की बिक्री बढ़ गयी। ठेले पर लस्सी और सत्तू पीने के लिए कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। चौक चौराहे पर जाम इतना कि प्रशासन की सांसे फूल गयीं। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं में जोश की कोई कमी नहीं। दोनों दलों के रोड शो में भारी भीड़। कोई किसी से कम नहीं। मुकाबला है टाइट। खूंटी की जनता में रोमांच बढ़ा।

मंगलवार को खूंटी लोकसभा के जो दो प्रमुख प्रत्याशी हैं उन्होंने नामांकन दर्ज किया। एक तरफ भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने नामांकन दर्ज किया तो वहीं कांग्रेस प्रत्याशी कलीचरण मुंडा ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। भाजपा के उम्मीदवार अर्जुन मुंडा के रोडशो में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कड़िया मुंडा, नीलकंठ मुंडा, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा मौजूद थे। अर्जुन मुंडा का रोड शो कच्छरी मैदान से पतरा मैदान तक हुआ, इसमें खूंटी, तोरपा, तमाड़, अड़की, सरायकेला, खरसावां, सिमडेगा से बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता शामिल हुए। वहीं कालीचरण मुंडा के नामांकन में भूषण बाड़ा, विकास मुंडा शामिल रहे।

### उम्मीदवारों ने रोड शो कर शक्ति प्रदर्शन किया

भाजपा के रोड शो में अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांडी, सुदेश महतो, कड़िया मुंडा सहित कई बड़े नेता और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे, वहीं कलीचरण मुंडा के रोड शो में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, आलमगीर आलम, गुलाम मीर अहमद, राजेश ठाकुर, बंधु तिर्की, सुबोधकांत सहाय, शशि भूषण राय संग हजारों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। दोनों दलों के कार्यकर्ता बेहद उत्साहित थे। झूम रहे थे और नारेबाजी कर रहे थे। नामांकन से पूर्व भाजपा खूंटी लोकसभा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने सपत्नीक मीरा मुंडा ने कर्रा के सोनमेर मंदिर तथा अमरेश्वर धाम में पूजा अर्चना की।


खूंटी में भाजपा की सभा में उमड़ी भीड़।

## भाजपा कभी आदिवासी-मूलवासी की भलाई नहीं कर सकती : चंपाई सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** इंडी गठबंधन में प्रत्याशी कालीचरण मुडा ने भी मंगलवार को जिला निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना पर्चा दाखिल किया। नामांकन के बाद कांग्रेस और झामुमो कार्यकर्ताओं ने झंडा- बैनर के साथ समाहरणालय से सहकारिता मैदान तक रैली निकाली। पतरा मैदान में इंडी गइबंधन के कार्यकर्ताआं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चपंई सोरेन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कभी आदिवासियों और मूलवासियों की भलाई नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि जब राज्य में भाजपा की सरकार थी, तो 11 लाख लोगों के नाम राशन कार्ड से हटा दिये गये, लेकिन जब यहा महागठबंधन की सरकार बनी, तो 20 लाख लोगों के हरा राशन कार्ड दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ झूठा आश्वासन देना जानती है। चंपाई सोरेन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मुद्दा विहीन है और चुनाव लड़ने मैदान में उतर आयी है। उन्होंने कहा कि जंगल के बीच बसे गांव उलिहातू के वीर बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों की गुलामी की जंजीर को तोड़ा, अपने हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन भाजपा की सरकार आदिवासी-मूलवासी का हित करने के बजाय जंगल से जुड़ी हमारी सभ्यता और संस्कृति को खत्म करने में जुड़ी है। आदिवासियों को उनके खुंटकट्टी अधिकार से वंचित करने की कोशिश भाजपा की सरकार कर रही है, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में मोदी का जुमला धोखा सबित हुआ। न खाते में 15 लाख आये और ना ही काला धन वापस आया। नौकरी देने का वादा भी पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इस बार का जुमला मोदी की गारंटी है, जो कभी पूरा नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के संसदीय चुनाव में गठबंधन के साथ धोखा हुआ था। इस बार सभी कार्यकर्ता सावधान रहें। सीएम ने कहा कि बिरसा की इस पावन धरती पर आज की चिलचिलाती धूप में बैठी भीड़ ही महागठबंधन की महाशक्ति है। सीएम ने जोर देकर कहा कि पिछली बार वर्ष 2019 के चुनाव में जनता को धोखा दिया गया। इस कारण इस बार पूरी सावधानी के साथ काम करना है।



### आदिवासियों-मूलवासियों की आवाज दबाने के लिए सीएम को जेल में डाला: मीर

कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि देश के एकमात्र आदिवासी सीएम हेमंत सोरेन, जो आदिवासियों व मूलवासियों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रहे थे, उनकी आवाज को दबाने के लिए उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया।

## बीजेपी के पक्ष में उमड़ा जनसैलाब : काले

**अर्जुन मुंडा के नामांकन में समर्थकों के साथ शामिल हुए काले**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने खूंटी लोकसभा सीट के लिए मंगलवार को नामांकन किया। इस अवसर पर पार्टी के कद्दावर नेता व पूर्व पार्टी प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले के साथ जमशेदपुर से भी कार्यकर्ताओं ने बहुत ही दमदार उपस्थिति दिखाते हुए एक बड़े जन सैलाब के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

काले ने कहा कि अर्जुन मुंडा एक बेहतरीन राजनीतिज्ञ के अलावा एक बेहतरीन इंसान भी हैं जिसके कारण जनता उन्हें देहद प्यार और स्नेह करती है। पूर्ण विश्वास है कि खूंटी की जनता इस बार भी पुनः उन्हें अपना प्यार और आशीर्वाद अवश्य प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति देशवासियों का अटूट विश्वास और श्रद्धा बना हुआ है और उनका विश्वास है कि देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित राष्ट्र अवश्य बनेगा जहां चारों और सुख, शांति और समृद्धि रहेगी।



## संविधान और लोकतंत्र बचाना है : आलमगीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से संविधान और लोकतंत्र को खतरा है। हमें इसे बचाना है और इसके लिए खूंटी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन में कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा का जीत दिलानी है। राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि भाजपा की सरकार सीएनटी एक्ट को खत्म करना चाहती थी। इसके विरोध में राज्य भर में आंदोलन हुआ और खूंटी में एक आंदोलनकारी शहीद भी हुआ। आंदोलन जारी रहा और भाजपा सीएनटी एक्ट में संशोधन नहीं कर पायी। उन्होंने कहा कि जल-जंगल-जमीन बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी को वोट देना है।

**तबीयत खराब होने के बावजूद पहुंचे बिरसा मुंडा के परपोता सुखराम मुंडा**

भगवान बिरसा मुंडा के परपोता सुखराम मुंडा की तबीयत खराब है। इसके बावजूद वे लाठी टेकते हुए इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के नामांकन के मौके पर पहुंचे। सीएम चंपाई सोरेन ने मंच पर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, सिमडेगा के विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, तमाड़ विधायक विकास मुंडा, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, मो नईमुद्दीन खां, रामकृष्णा चौधरी, अरूण संगा, सयूम अंसारी, आदि शामिल हुए।

### संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी ने प्रदेश कार्यकारिणी कमेटी की घोषणा की

# शिव उरांव प्रदेश अध्यक्ष और अजय कंडुलना को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया

**रांची लोकसभा से एक दमदार युवा चेहरा को प्रत्याशी के रूप में उतारने का लिया गया निर्णय**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी ने प्रदेश कमेटी की घोषणा की। घोषणा से पहले इस संबंध में मंगलवार को हरमू स्थित प्रदेश कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक मनोज कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें संगठन विस्तार पर चर्चा की गयी और प्रदेश कार्यकारिणी कमेटी का गठन किया गया साथ ही साथ यह भी तय किया गया कि रांची लोकसभा से एक दमदार युवा चेहरा को प्रत्याशी के रूप में उतारना है। जिनके नाम की घोषणा बहुत जल्द की जायेगी।

प्रदेश कार्यकारिणी समिति में शिव उरांव प्रदेश अध्यक्ष और अजय कंडुलना को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं मैना उरांव (प्रदेश उपाध्यक्ष), रोहित राज (प्रदेश उपाध्यक्ष), सुमन सिंह (प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा), रेखा सिंह (प्रदेश अध्यक्ष, महिला मोर्चा), भवानी सिंह (प्रदेश अध्यक्ष, युवा मोर्चा), लालचंद रजक (प्रदेश महासचिव), सबरीना श्वेता टोप्पो (प्रदेश महासचिव), डॉ. अभिषेक कुमार (प्रदेश महासचिव, युवा मोर्चा), प्रवीण कच्छप (प्रदेश महासचिव), लवली कुमारी (प्रदेश सचिव), मनीष चौधरी (प्रदेश सचिव) राजू कुमार (प्रदेश सचिव, युवा मोर्चा), लक्ष्मी मेहता (प्रदेश सचिव, महिला मोर्चा), कविता होरो (प्रदेश सचिव, महिला मोर्चा), प्रदीप कुजूर (प्रदेश कोषाध्यक्ष), अर्पणा बारला (प्रदेश प्रवक्ता), सदस्य में अनिमेष सील उर्फ प्रेम कुमार, उमा शंकर झा, सुदर्शन महतो, अशोक कुमार गुप्ता, संजय कुमार, आदिल हुसैन, हाबिल कुजूर, ममता ग्रेस, नरेंद्र साईं, राजकुमार सिंह, जॉर्ज कुजूर, पुष्कर महतो आर्मंत्रित सदस्य और डॉ एसबी सिंह संरक्षक बनाये गये हैं।



## चाइबासा में जोबा मांझी की जीत पक्की : दीपक बिरुआ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाइबासा।** चाइबासा से झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी जोबा मांझी ने पर्चा दाखिल किया। नामांकन दाखिल करते समय उनके साथ प्रदेश के सीएम चंपई सोरेन, पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, कल्पना मुर्मू सोरेन और चाइबासा विधायक दीपक बिरुआ शामिल हुए। जोबा मांझी के नामांकन की पूर्व संध्या पर दीपक बिरुआ ने कहा। इस बातचीत में उन्होंने सिंहभूम सीट से उन्हें टिकट नहीं मिलने, इंडिया गठबंधन में प्रत्याशी बदलने, ईचागढ़ डैम निर्माण और विस्थापन सहित चुनाव में माहौल के सभी सवालों का खुलकर जवाब दिया। ये पूछे जाने पर कि चाइबासा में जोबा मांझी के साथ आपकी प्रतिष्ठा भी दांव पर है क्योंकि आप विधायक हैं, दीपक बिरुआ ने कहा कि ऐसी बात नहीं है। सवाल प्रतिष्ठा का नहीं है। लोग मुझे जानते हैं, समझते हैं कि मैं किसी बात को प्रतिष्ठा से नहीं जोड़ता। हां! चाइबासा में पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे जोबा मांझी को जिताने के लिए मेहनत करें।



**बीजेपी आदिवासियों में फूट डालना चाहती है**

चाइबासा में हो आदिवासी समाज से किसी व्यक्ति को उम्मीदवार नहीं बनाये जाने और समाज में नाराजगी के सवाल पर दीपक बिरुआ ने कहा कि इस बात से इनकार नहीं है कि इस संसदीय सीट में हो आबादी है लेकिन, नाराजगी की बात गलत है। उन्होंने इसे बीजेपी का प्रोपेगेंडा बताते हुए कहा कि वो आदिवासियों में फूट डालना चाहती है। उन्होंने कहा कि कहां संथाल आबादी थी वहां उरांव जीते। इसी चाइबासा में कृष्णा मारडी जीते। पार्टी ताजा स्थिति और राजनीतिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर कोई भी फैसला लेती है।

## हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर इडी ने जबाव के लिए मांगा समय, अगली सुनवाई 1 मई को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बड़गाईं अंचल की 8.5 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर मंगलवार को इडी की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। इडी की ओर से जबाव दायर करने के लिए दो सप्ताह के समय की मांग की गयी। हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसका विरोध किया। कोर्ट ने 30 अप्रैल तक इडी को जवाब दाखिल करने का समय दिया है। दरअसल, हेमंत सोरेन बड़गाईं अंचल जमीन घोटाले के आरोप में 31 जनवरी से जेल में बंद हैं। मामले में इडी जांच पूरी करते हुए 30 मार्च को हेमंत सोरेन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। दाखिल चार्जशीट पर अदालत ने संज्ञान भी ले लिया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 37.2°c | 24.1°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.12 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.21 बजे |



## महत्वपूर्ण खबरें

### डीएसपीएमयू के विद्यार्थी को कराटे प्रतियोगिता में कांस्य पदक



रांची (आजाद सिपाही)। गत 13 और 14 अप्रैल को दून पब्लिक स्कूल, धनबाद में आयोजित दो दिवसीय आठवीं ऑल इंडिया बुशिकान कप कराटे प्रतियोगिता में झारखंड की ओर से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के अंग्रेजी विभाग, सेमेस्टर 3 में अध्ययनरत विद्यार्थी राम स्वरूप हेंब्रम को बुशिकान कप कराटे प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कांस्य पदक की प्राप्ति हुई है। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में झारखंड के अलावा उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार से लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने विजयी प्रतिभागी राम स्वरूप हेंब्रम को बधाई देते हुए कहा कि कराटे प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करना इस बात को दर्शाता है कि प्रतियोगी ने इसकी तैयारी पूर्व से निरंतर अभ्यास के साथ की है, जिसका परिणाम उसे कांस्य पदक के तौर पर प्राप्त हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि विश्वविद्यालय का माहौल ऐसा बने कि यहां के विद्यार्थी न सिर्फ अकादमिक बल्कि खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अव्वल रहने के लिए प्रेरित हों। इस सफलता पर अंग्रेजी की विभागाध्यक्ष डॉ पीयूष बाला और अन्य विभागीय शिक्षकों ने भी राम स्वरूप हेंब्रम को बधाई दी। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### अन्नपूर्णा भोजन सेवा ने पूरे किये 14 साल



रांची (आजाद सिपाही)। आर्य चैरिटेबल ट्रस्ट, रांची द्वारा संचालित 'अन्नपूर्णा भोजन सेवा', रिम्स परिसर ने अपनी सेवा के 14 साल पूरे कर लिये हैं। बताते चलें कि 24 अप्रैल, 2011 को 'आर्य चैरिटेबल ट्रस्ट,रांची' की पहल पर समाज सेविका सुशीला गुप्ता और उनके पति एसएल गुप्ता ने मरीजों और उनके अभिभावकों की परेशानियों को देखकर 'अन्नपूर्णा भोजन सेवा' की शुरूआत रिम्स परिसर में की थी। जहां आज भी शुद्ध और गर्म पौष्टिक भोजन मात्र दस रुपये में छह रोटी-सब्जी अचार, मूंगदाल की खिचड़ी व 10 रुपये में ठंडी पानी की बोतल लागत मूल्य पर और मरीजों के लिए गर्म पानी निःशुल्क उपलब्ध होता है। समाज सेवक एसएल गुप्ता ने बताया कि हमारे लिए नर सेवा ही नारायण सेवा है। हमने मरीजों के रिश्तेदारों के ठहरने के लिए रिम्स के पास एक धर्मशाला 'अपना आश्रय' नाम से भी खोली है। जहां मात्र 200 रुपये में एक व्यक्ति के ठहरने की व्यवस्था है। इस कार्य को करने से हमें लोगों का आशीर्वाद मिलता है, जिससे हमारी क्षमता और आयु बढ़ती है। हम और ऊर्जावान होकर कार्य करते हैं। इस सेवा कार्य में दस वर्ष तक स्वर्गीय सीताराम पोद्दार जी का पूरा सहयोग मिला। अब प्रकाश काबरा, प्रेम प्रकाश आर्य, पुनीत पोद्दार, सुनील गुप्ता, निशा गुप्ता आदि का पूरा सहयोग मिलता है। हमारे कार्य को देखकर लोग हमसे जुड़ रहे हैं। हम समाज के बलबूते ही कुछ कर पा रहे हैं।

### सार्वभौम शाकद्विपीय ब्राह्मण महासंघ की कार्य समिति का पुनर्गठन

रांची (आजाद सिपाही)। सार्वभौम शाकद्विपीय ब्राह्मण महासंघ की राष्ट्रीय कार्य समिति का पुनर्गठन किया गया है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर दीपक उपाध्याय का जमशेदपुर के राष्ट्रीय अधिवेशन में चुनाव किया गया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नयी कार्य समिति का गठन करते हुए इसकी घोषणा की है। नयी कार्य समिति में मुख्य संरक्षक के अलावा छह संरक्षक, चार उपाध्यक्ष, तीन महासचिव, एक संगठन महामंत्री और चार सचिवों की नियुक्ति की गयी है। इनके अलावा महिला मोर्चा की प्रभारी और सह प्रभारी भी नियुक्त की गयी है। महासंघ की कार्यकारिणी सदस्यों और अन्य रिक्त पदों पर शीघ्र मनोनयन किया जायेगा। महासंघ के नये पदाधिकारी इस प्रकार हैं: मुख्य संरक्षक-चंद्रशेखर मिश्र जमशेदपुर, संरक्षक - प्रो. पतंजलि मिश्र (वाराणसी), आचार्य लक्ष्मी नारायण पांडेय असम, नागेंद्र पाठक पटना, डॉ मदन माधव मिश्र धनबाद, ज्ञानवर्धन मिश्र पटना, एवं डॉ रमेश मिश्र रांची, उपाध्यक्ष - प्रकाश कुमार मिश्र पटना, महेश प्रसाद पाठक गिरिडीह, आर के शर्मा राजस्थान और चतुर्भुज शर्मा ओड़िशा, महासचिव - आचार्य श्री कृष्ण रांची और ब्रजेश मिश्र पटना, संगठन महामंत्री - चंदन मिश्र रांची, सचिव-डॉ ब्रज बिहारी पाठक धनबाद, आशीष नायक कटक, चंपालाल शर्मा हठीला बेंगलुरु, एवं राजेंद्र शर्मा छत्तीसगढ़, महिला मोर्चा प्रभारी प्रीति पाठक पटना और ममता सेनापति ओड़िशा, सभी पदाधिकारियों का कार्यकाल पांच वर्षों के लिए होगा।

### झारखंड में पहला 4जी बीटीएस शुरू



रांची(आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय स्तर पर मोबाइल सेवा प्रदाता के रूप में अग्रणी सरकारी कंपनी बीएसएनएल स्वदेशी तकनीक द्वारा निर्मित 4जी के साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा देने के लिए तैयार है। इसी कड़ी में झारखंड परिमंडल में भी पहला 4जी बीटीएस झारखंड की राजधानी रांची के सुदूर गांव कूचु में मुख्य महाप्रबंधक संजय कुमार द्वारा टीसीएस और तेजस के सर्किल हेड की उपस्थिति में चालू किया गया। जिसमें 40 एमबीपीएस की स्पीड पायी गयी। यह 4जी बीटीएस स्वदेसी कंपनी टीसीएस के द्वारा निर्मित किया गया है। इस मौके पर अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी पीजीएम सीएफए आशीष कुमार दास, पीजीएम सीएम रामाश्रय प्रसाद, जीएम बीए उमेश प्रसाद साह, जीएम इबी विजय कुमार मौर्य उपस्थित थे। 4जी बीटीएस के सफलतापूर्वक चालू करने में विद्या भूषण उपमहाप्रबंधक, रामेश्वर प्रसाद महतो उपमहाप्रबंधक, राकेश कुमार सहायक महाप्रबंधक, रमेश कुमार सहायक महाप्रबंधक, उत्तम कुमार उपमंडल अभियंता, निखिल कुमार सिंह उपमंडल अभियंता तथा रांची एवं जमशेदपुर की टीम ने अहम भूमिका निभायी।

## राजधानी में नशे के सौदागरों पर पुलिस का एक्शन

# 6 करोड़ का नशीला डोडा बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के रास्ते ले जाया जा रहा डोडा की एक बड़ी खेप धरी गयी। जब्त डोडा की कीमत खुले बाजार में करीब 6 करोड़ रुपये आंकी गयी। जिस ट्रक से यह नशीला डोडा ले जाया जा रहा था, उस ट्रक के मालिक सह संचालक हरपाल सिंह को अरेस्ट कर लिया गया। उसने पुलिस को कई चौंकाने वाली जानकारी दी है। इसे सुन पुलिस दंग है। राजधानी रांची से सटे खूंटी में कई नशे के सौदागर एक्टिव हैं। इनका नेटवर्क हरियाणा, दिल्ली से लेकर



राजस्थान तक है। मिले इनपुट पर पुलिस आगे का काम कर रही है। इस बात का खुलासा रांची पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा ने किया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार ट्रक मालिक हरियाणा के हिसार का रहनेवाला है। वह खूंटी से डोडा लेकर रांची के नामकुम के रास्ते राजस्थान जा रहा था। मिली एक गुप्त सूचना पर धरा गया।

### 27.71 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बंगाल से लाये गये ब्राउन शुगर को रांची में बेचने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए रांची के पुंदाग ओपी पुलिस ने चार आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ब्राउन शुगर की खेप बंगाल से लाते थे और रांची में घूम-घूम कर बेचते थे। पुलिस को कई दिनों से इस गिरोह के बारे में जानकारी मिल रही थी। गिरफ्तार आरोपी में पुंदाग ओपी के मो मतिउल रहमान, फैजल अंसारी उर्फ बावला, मो रिजवान और अरगोड़ा थाना क्षेत्र के दानिश खान का नाम शामिल है। आरोपियों के पास से 237 पुड़िया में 27.71 ग्राम ब्राउन शुगर मिली है। इसके अतिरिक्त 4800 नगद, चार मोबाइल, एक ऑटो और एक बाइक पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना पर हटिया डीएसपी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन कर पुंदाग ओपी के जाफर टोली स्थित सामुदायिक भवन से चारों को गिरफ्तार किया गया। मो मतिउल रहमान के पास से 113 पुड़िया, फैजल अंसारी उर्फ बावला के पास से 37 पुड़िया, दानिश खान के पास से 72 पुड़िया और मो रिजवान के पास से 15 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की गयी। इस संबंध में पुंदाग ओपी (कांड संख्या 172/24) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पूछताछ के क्रम में आरोपी के इंटरस्टेट गिरोह के साथ जुड़े होने की जानकारी पुलिस को मिली है।

## श्री महावीर मंडल ने श्री हनुमान जन्मोत्सव धूम-धाम से मनाया



**दीप जलाकर महाबली श्री हनुमान की पूजा-अर्चना कर आरती की गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची के प्रांगण में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूम-धाम से मनाया गया।

श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में मंगलवार को श्री महावीर मंडल रांची के अंतर्गत पड़ने वाले सभी प्रमुख मंदिर और सभी अखाड़ों में दीप उत्सव के तहत दीप जलाकर महाबली श्री हनुमान की पूजा-अर्चना कर आरती की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष शंकर दुबे, महामंत्री श्री गोपाल पारीक, वरिष्ट समाजसेवी अर्जुन राम, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, प्रणय कुमार, श्री महावीर मंडल रांची के उपाध्यक्ष राज किशोर, विश्व हिंदू परिषद के कैलाश केसरी शामिल थे। श्री महावीर मंडल रांची ने दीपोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी प्रभारियों, अखाड़ाधारियों, मंदिर कमेटी और सभी राम भक्त के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में संजय सहाय, मंटू दुबे, प्रकाश चंद्र सिन्हा, अमरदीप साहू, राकेश सिंह, इंदर सिंह, दीपू कुमार, कैलाश पारीक सहित सभी पदाधिकारियों के नेतृत्व में दीपोत्सव मनाया गया।

## सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में 26 अप्रैल को लगेगा फ्री हृदय रोग संबंधी जांच शिविर

**मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, अस्पताल, नयी दिल्ली के सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ राजीव राठी देंगे सेवा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड, रांची में 26 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, अस्पताल, नयी दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ राजीव राठी



(सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जांच एवं चिकित्सीय सलाह देंगे। निःशुल्क हृदय संबंधित चिकित्सीय सलाह का सभी झारखंडवासी लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने ईलाज की रिर्पोट/जांच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाये। सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों और हितधारकों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए सीसीएल द्वारा समय-समय पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों कोआमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है जिससे जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारी के अत्याधुनिक ईलाज की सुविधा उनके घर के निकट ही प्राप्त हो सके तथा इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।

## लोहरदगा संसदीय सीट: नहीं माने चमरा, आज करेंगे नामांकन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** झामुमो के बिशनपुर विधायक चमरा लिंडा मनाने से भी नहीं मान रहे। वो 24 अप्रैल को बतौर निर्दलीय प्रत्याशी लोहरदगा संसदीय सीट से नामांकन करेंगे। बताया जा रहा है कि वो पार्टी से नाराज चल रहे हैं। चमरा लिंडा को मनाने के लिए पार्टी ने कई सीनियर नेताओं को लगाया था। दीपक बिरुवा को पार्टी ने या जिम्मेदारी सौंप थी। मगर चमरा लिंडा को मनाने में मंत्री और पार्टी के नेता सफल नहीं हो सके। अब अंततः 24 अप्रैल को सुबह 11 बजे चमरा लिंडा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसके बाद शाम 4:00 बजे गुमला में ही एक पत्रकार सम्मेलन को संबोधित कर करके अपनी बातों को रखेंगे।

**चमरा बिगाड़ेंगे सुखदेव भगत का खेल:** चमरा लिंडा के नामांकन के साथ ही लोहरदगा संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत की राहें अब बहुत मुश्किल होने जा रही हैं। चमरा लिंडा ने 2009 और 2014 में कांग्रेस को हराने में अहम भूमिका निभाई थी। तो क्या अब यह मान लिया जाए की चमरा लिंडा के कारण 2024 का चुनाव भी कांग्रेस के लिए मुश्किल भरा रहेगा।

## जियो क्लब के पृथ्वी दिवस समारोह का दूसरा दिन

# अंकुश कसेरा ने छात्रों को किया प्रेरित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची के भूगोल और आइक्यूएसी में नेशनल ज्योग्राफिक, एचबीओ, डिस्कवरी नेटवर्क और अतुल्य भारत के साथ काम करने का व्यापक अनुभव रखने वाले प्रसिद्ध वन्यजीव और प्रकृति फोटोग्राफर अंकुश कसेरा ने छात्रों के साथ अपना ज्ञान और अनुभवों को साझा किया। अतिथि का स्वागत फादर प्रिंसिपल नाबोर लाकड़ा (एसजे), विभागाध्यक्ष प्रो अनिमेश रॉय, प्रो. राजीव रंजन श्रीवास्तव, और सहायक प्रो डॉ. संदीप चंद्र ने किया। कसेरा को प्रकृति के प्रति सम्मान और प्रेम का प्रतीक स्मृति चिह्न और पौधे भेंट किये गये। फादर प्रिंसिपल नाबोर लाकड़ा ने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में सपनों का महत्व, दृढ़ संकल्प और उद्देश्य प्राप्ति के लिए भीड़ में ना चलें बल्कि भीड़ से अलग खड़े होकर अपने व्यक्तित्व को निखारने कि कोशिश करें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जीवन में किसी चीज कि शुरुआत करने के लिए कभी देर नहीं होती। कसेरा ने अपने अनुभवों, महत्वाकांक्षाओं, संघर्षों आदि को साझा करते हुए छात्रों को प्रकृति और जंगल कि खूबसूरती और मनमोहकता को पहचानने, अपने कौशल को निखारने तथा सफलता के लिए एक दृष्टिकोण विकसित करने तथा उसे भौतिक संपत्ति से अधिक प्राथमिकता देना के महत्व पर बल दिया। प्रोफेसर राजीव रंजन श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## रांची लोकसभा से यशस्विनी सहाय सबसे बेहतर उम्मीदवार : अमन तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय की टीम ने इंडिया गठबंधन की रांची प्रत्याशी यशस्विनी सहाय से मिलकर उन्हें प्रत्याशी बनाये जाने पर आदिवासी गमछा ओढ़ाकर तथा बुके देकर बधाई और शुभकामनाएं दिया। इस अवसर मोर्चा के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अमन तिवारी ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने रांची से युवा चेहरा को मौका दिया जिससे राजनीति में भविष्य देख रहे युवाओं में काफी उत्साह है। छात्र युवाओं का पुरजोर प्रयास होगा कि भारी से भारी मतों से यशस्विनी को जीताकर लोकसभा भेजा जाये। उन्होंने कहा कि यशस्विनी सहाय पढ़ी लिखी और महिला होने के साथ-साथ राजनीतिक अनुभव भी रखती हैं। वे एक परिवार से आती हैं जिन्हें घर से ही समाजसेवा की शिक्षा मिली है। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री



सह तीन बार रांची के सांसद रहे सुबोध कांत सहाय की पुत्री होने के कारण राजनैतिक और सामाजिक कार्यकुशलता में उनमें दिखायी देती है। इस अवसर पर सचिव असद फेराज ने कहा कि महिलाओं और युवाओं की भागीदारी से आधी आबादी में हर्ष है। लोग अब खुलकर मतदान करने हेतु मतदान केंद्रों में जायेंगे। मौके पर जेसीएम रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अमन तिवारी, रांची विश्वविद्यालय सचिव असद फेराज टिंकू, डीएसपीएमयू अध्यक्ष मनीष राणा, डीएसपीएमयू सचिव अल्ताफ राजा, अंकित महतो, राहुल मुंडा, इलियास अंसारी इत्यादि छात्र नेता मौजूद थे।

# बायोम इंस्टीट्यूट में फेज-1 के सभी बैच शुरू

**फेज-2 के विभिन्न बैच में स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट से मिलेगा नामांकन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट के न्यू नगड़ा टोली और हिनू स्थित सेंटर पर फेज-1 के विभिन्न बैच कि शुरूआत हुई। फेज-1 के तहत फाउंडेशन, फ्रेशर एंड टारगेट बैच 18 अप्रैल से शुरू कर दिया गया है। संस्था की ओर से कुल 23 बैच शुरू किये गये हैं, जो विद्यार्थियों को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी की तैयारी करायेगी। बायोम इंस्टीट्यूट झारखंड में एक मात्र संस्था है, जो बच्चों को बेहतर



शैक्षणिक माहौल के साथ सिर्फ मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी की तैयारी कराती है।

**फेज-2 बैच में नामांकन का मौका**

संस्था की ओर से 13 मई से विभिन्न फाउंडेशन, फ्रेशर एंड टारगेट बैच की नयी कक्षाएं शुरू होगी। इसमें विद्यार्थी बायोम स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट के जरिए नामांकन ले सकेंगे। स्कॉलरशिप टेस्ट में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थी संस्था की वेबसाइट व न्यू नगड़ा टोली और हिनू स्थित सेंटर से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। इसके लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 200 रुपया चुकाना होगा। स्कॉलरशिप टेस्ट आगामी रविवार 28 अप्रैल और 12 मई को आयोजित किया जायेगा। टेस्ट में सफल होने वाले और बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को 100% तक की स्कॉलरशिप दी जायेगी।

**विद्यार्थियों को मिलेगा बेहतर शैक्षणिक माहौल :** बायोम इंस्टीट्यूट के एमडी पंकज सिंह ने कहा कि संस्था विद्यार्थियों को प्रशिक्षित शिक्षक के साथ बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध करा रही है। इस सत्र से 11वीं में प्रवेश कर रहे विद्यार्थी दो वर्षीय फाउंडेशन बैच से जुड़ सकते हैं। इन्हें नीट यूजी 2026 के लिए तैयार किया जायेगा। इसके अलावा 12वीं पासआउट विद्यार्थियों के लिए टार्गेट बैच शुरू किया गया है, बैच में शामिल विद्यार्थियों को नीट यूजी 2025 की तैयारी करायी जायेगी।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं. 03-SBP-TRD-OT-2024-25, दिनांक: 15.04.2024

कार्य का नाम: संबलपुर मंडल में TRR, TSR और CTR कार्यों के संबंध में बॉन्डिंग कार्य।
कार्य की अनुमानित लागत: ₹47,57,779.60
ईएमडी: ₹95,200/-
पूर्णता अवधि: 08 (आठ) माह
निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 07.05.2024 को 1530 बजे

इन ई-निविदाओं के अधीन फर्म के लेटर हेड में जमा किये गये एवं समय पर प्राप्त डाक/कूरियर/फैक्स के माध्यम से भेजे गये या व्यक्तिगत रूप से जमा किये गये मैनुअल प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्तावों को अवैध माना जाएगा और उन पर कोई विचार किये बिना उन्हें तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।

उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेजों सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

निविदादाता/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्य होना चाहिए और वह आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं।

नोट: भावी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि इस निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की जानकारी के लिए कृपया निविदा बंद होने की तिथि के 15 दिन पूर्व तक वेबसाइट को दोबारा देखें। वेबसाइट: www.ireps.gov.in

वरिष्ठ मंडल विद्युतअभियंता (टीआरडी) संबलपुर
PR-40/P/24-25


## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से छुटकारा मिलेगा,सुख-सुविधा के साधन बनेंगे।

**वृष** परिश्रम प्रयत्न से जटिल समस्या का समाधान मिलेगा, कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण।

**मिथुन** रोजी-रोजगार में सफलता, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।

**कर्क** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।

**सिंह** कठिन परिश्रम-प्रयत्न से आजीविका के क्षेत्र में सफलता, आत्मबल एवं कर्मबल में वृद्धि होगी।

**कन्या** नौकरी-व्यापार की स्थिति में सुधार, नयी आशाओं का उदय होगा।

**तुला** परिस्थितियों में सुधार,नौकरी में बदलाव होने की संभावना,विविध समस्याओं का समाधान।

**वृश्चिक** स्वास्थ्य में सतर्कता आवश्यक है, राजनीतिक संपर्क प्रभाव बढ़ेगा।

**धनु** रुके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का अवसर मिलेगा।

**मकर** आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता, संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति।

**कुंभ** स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा,आमदनी में वृद्धि होगी।

**मीन** परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

### मंगलवार को झारखंड में 11 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मंगलवार को हुए नामांकन की जानकारी दी। उन्होंने बताया 23 अप्रैल को सिंहभूम में 4, खूंटी में 4, लोहरदगा में 7 और पलामू में 5 नॉमिनेशन फॉर्म खरीदे गए। जिसमें सिंहभूम से 3, खूंटी से 2, लोहरदगा में 3 और पलामू में 3 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। अब तक झारखंड में चौथे चरण को लेकर 21 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। प्रेसवार्ता में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा भी मौजूद थीं।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 4368 Dated 16.04.2024 I, Simon Manjhi S/o Late Jowakim Manjhi Aged about 44 years Nationality Indian,by Occupation- Cultivation, by faith-Hindu, at Present Resident of Vill.-Keribanda P.o-Hesagarha P.s-Mandu District- Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:-1. That my actual and correct name is Simon Manjhi, which has been mentioned in my Adhar Card No.2805 9477 3446 and Pan No. BFOPM1239R and Saving Bank Account with Bank Of India Topa Branch Bearing Account No. 486810110005071. That due to mistake my name Simon Hembrom which has been mentioned in my Voter Id No. GLM1202001 issued by Election commission of India.

3. That my Father's actual and correct name is Jowakim Manjhi which has been mentioned in my Adhar Card No.2805 9477 3446 and Saving Bank Account with Bank Of India Topa Branch Bearing Account No. 486810110005071. 4. That due to mistake my Father's name is JOVAKIM HEMBROM which has been mention in my Pan No. BFOPM1239R. 5. That Simon Manjhi, and Simon Hembrom all name are same and single person i.e my self and Jowakim Manjhi and JOVAKIM HEMBROM both are same and single person i.e. my Father. 6. That the statements of the affidavit are true and correct to the best of my knowledge, information and belief.

# मुइज्जू की जीत के मायने

मालदीव में रविवार को हुए संसदीय चुनावों में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी की भारी जीत को कूटनीतिक हलकों में दिलचस्पी से देखा जा रहा है। समझा जाता है कि इस जीत के बाद राष्ट्रपति मुइज्जू भारत से दोस्ती की पारंपरिक नीति छोड़ कर चीन से करीबी बढ़ाने की राह पर और तेजी से आगे बढ़ेंगे। इसके संकेत तभी से मिलने लगे थे, जब पिछले साल राष्ट्रपति चुनाव के दौरान मुइज्जू ने भारत विरोधी रुख अख्तियार करते हुए भारतीय सेना को मालदीव से निकालना मुख्य मुद्दा बना लिया था। राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद उन्होंने इस दिशा में कदम उठाने शुरू कर दिये। हालांकि भारतीय सैनिकों की वहां सांकेतिक उपस्थिति ही है। ये सैनिक उस टोही विमान की देखरेख करते हैं, जो नयी दिल्ली ने मालदीव के विशाल तटीय क्षेत्रों की निगरानी के लिए उसे तोहफे में दिया है। राष्ट्रपति मुइज्जू के स्पष्ट भारत विरोधी रुख के चलते रिश्तों में आ रहा तनाव उस समय अप्रत्याशित रूप से बढ़ गया, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के दौरान मालदीव के कुछ मंत्रियों ने सोशल मीडिया पर कुछ भद्दी टिप्पणियां कर दीं। इसके बाद सोशल मीडिया पर ऐसा अप्रिय विवाद शुरू हुआ, जिससे #बॉयकॉट मालदीव ट्रेंड करने लगा। हालांकि मालदीव सरकार ने उन मंत्रियों के खिलाफ तुरंत एक्शन लिया, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि उस अभियान के बाद भारत से मालदीव जाने वालों की संख्या में इस कदर गिरावट आयी कि जो भारत वहां विदेशी सैलानियों का सबसे बड़ा स्रोत हुआ करता था, वह छठे नंबर पर आ गया। निश्चित रूप से यह घटनाक्रम भारत और मालदीव के रिश्तों के लिए अच्छा नहीं है। भारत के लिए चिंता की बात इसलिए भी है कि मालदीव हिंद महासागर का ऐसा द्वीपीय राष्ट्र है, जो सामरिक लिहाज से खासा अहम है। वहां भारत विरोधी भावनाओं पर आधारित राजनीति का प्रभाव बढ़ना भारतीय हितों के लिए नुकसानदेह हो सकता है। भारत फिलहाल वेट एंड वॉच की नीति पर चल रहा है, जो ठीक ही है। ध्यान रहे, मालदीव करीब 1200 छोटे-छोटे द्वीपों का समूह है, जिनमें करीब 200 पर ही मानवीय आबादी है। यह दुनिया के उन देशों में है, जिनके समुद्री जलस्तर बढ़ने से लुप्त होने का सबसे ज्यादा खतरा है। भारत इसका सबसे करीबी पड़ोसी देश है, जहां से किसी भी तरह की आपात स्थिति में आसानी से मदद पहुंच सकती है। जरूरत पड़ने पर भारत ऐसी मदद करता रहा है। जाहिर है, मुइज्जू सरकार के मौजूदा रुख को भू-राजनीति से जुड़ी वास्तविकताओं के मद्देनजर मालदीव के दीर्घकालिक हितों के लिहाज से सही नहीं कहा जा सकता। उम्मीद की जाये कि जल्दी ही उसे इसका अहसास होगा और उसके रुख में अपेक्षित बदलाव आयेगा।

**जाहिर है, मुइज्जू सरकार के मौजूदा रुख को भू-राजनीति से जुड़ी वास्तविकताओं के मद्देनजर मालदीव के दीर्घकालिक हितों के लिहाज से सही नहीं कहा जा सकता। उम्मीद की जाये कि जल्दी ही उसे इसका अहसास होगा और उसके रुख में अपेक्षित बदलाव आयेगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**मुक्त शिक्षा संसाधन (ओइआर) सार्वजनिक डोमेन में सीखने, सिखाने और अनुसंधान सामग्री हैं, जो डिजिटल या किसी अन्य माध्यम में उपलब्ध हैं, जिसे कोई भी मुफ्त में प्राप्त कर सकता है। चूंकि वे खुले लाइसेंस के तहत प्रकाशित होते हैं, इसलिए उन्हें शिक्षार्थी की आवश्यकता के आधार पर संशोधित, पुनर्निर्मित, अनुकूलित और साझा किया जा सकता है। दुनिया भर के शिक्षक और छात्र मुक्त शिक्षा संसाधनों से लाभ उठा सकते हैं।**

# खुले शैक्षिक संसाधनों की उपलब्धता छात्रों-शिक्षकों के लिए वरदान है



**डॉ घनश्याम सिंह**



शिक्षा का उद्देश्य समाज को सशक्त एवं समृद्ध बनाना है। भविष्य में हमारी प्रगति शिक्षा से प्रेरित होती है। इसलिए, यह सुनिश्चित करना हमारे हित में है कि अधिक से अधिक लोगों तक इसकी पहुंच हो। गुणवत्तापूर्ण और सस्ती शिक्षा का अधिकार एक सार्वभौमिक मांग है। और, खुली शिक्षा उसी को पूरा करने के लिए एक आंदोलन के रूप में शुरू हुई।

मुक्त शिक्षा संसाधन (ओइआर) सार्वजनिक डोमेन में सीखने, सिखाने और अनुसंधान सामग्री हैं, जो डिजिटल या किसी अन्य माध्यम में उपलब्ध हैं, जिसे कोई भी मुफ्त में प्राप्त कर सकता है। चूंकि वे खुले लाइसेंस के तहत प्रकाशित होते हैं, इसलिए उन्हें शिक्षार्थी की आवश्यकता के आधार पर संशोधित, पुनर्निर्मित, अनुकूलित और साझा किया जा सकता है।

दुनिया भर के शिक्षक और छात्र मुक्त शिक्षा संसाधनों से लाभ उठा सकते हैं। ओपन पाठ्यपुस्तकों, व्याख्यान नोट्स, शिक्षण मॉड्यूल, पाठ्यक्रम, स्ट्रीमिंग वीडियो, ओपन एक्सेस जर्नल, ऑनलाइन ट्यूटोरियल और असाइनमेंट आदि के रूप में असंख्य सामग्री ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

**मुक्त शिक्षा संसाधन विभिन्न स्वरूपों में उपलब्ध हैं, जो एक इंटरैक्टिव और अधिक व्यस्त सीखने की प्रक्रिया की ओर ले जाते हैं।**

**मुक्त शिक्षा संसाधनों का उपयोग** : खुली शिक्षा के पीछे मूल विचार वेब पर उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षण सामग्री डालना है, जिसे दुनिया के किसी भी हिस्से से इंटरनेट कनेक्शन वाला कोई भी शिक्षार्थी मुफ्त में प्राप्त कर सकता है। यह स्कूल और कॉलेज जाने वाले छात्रों को कक्षा के व्याख्यानों और उन्हें पढ़ाने के लिए उपयोग की जाने वाली निर्धारित पाठ्यपुस्तकों के अलावा, ओपन कोर्सवेयर, स्व-मूल्यांकन उपकरण और अधिक जैसे डिजिटल ज्ञान संसाधनों से परिचित कराने की अनुमति देता है।

साथ ही, पारंपरिक पाठ्यपुस्तकों के विपरीत, जो वर्षों तक कक्षा में पढ़ाई जाती हैं, कभी-कभी जब वे पुरानी हो जाती हैं, तब भी मुक्त शिक्षा संसाधनों को आवश्यकता पड़ने पर आसानी से संशोधित किया जा सकता है। यह सुनिश्चित करता है कि शिक्षक और छात्र हमेशा सबसे अद्यतन शिक्षण संसाधनों तक पहुंच सकते हैं, चाहे वे कहीं भी हों। मुक्त शिक्षा संसाधन शिक्षकों और छात्रों दोनों को लाभान्वित करने के लिए हैं। एक ओर, शिक्षक अपने पाठों में प्रासंगिक, अद्यतन जानकारी शामिल कर सकते हैं और उन्हें बेहतर बनाने के लिए ओपन-लाइसेंस प्राप्त सामग्री को संपादित भी कर सकते हैं। दूसरी ओर, छात्र अपने ज्ञान को बढ़ाने के लिए अतिरिक्त शिक्षण संसाधनों तक आसान पहुंच से लाभ उठा सकते हैं। मुक्त शिक्षा संसाधनों का उपयोग करते समय, 5 बिंदुओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है:

1. **पुनः उपयोग** – सामग्री को कक्षा व्याख्यान, वेबसाइट जानकारी, वीडियो सामग्री और आवश्यकतानुसार कई अन्य उपयोगों के लिए पुनः उपयोग किया जा सकता है।
2. **बनाये रखें** – सामग्री की प्रतियां डाउनलोड की जा सकती हैं, व्यक्तिगत उपकरणों में सहेजी जा सकती हैं, डुप्लिकेट की जा सकती हैं, और बिना किसी कानूनी प्रतिबंध के इच्छानुसार व्यक्तिगत संदर्भ के लिए रखी जा सकती हैं।
3. **संशोधित** – सामग्री को कॉपीराइट उल्लंघन के डर के बिना उपयोगकर्ता-विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप संपादित, संशोधित, अनुकूलित या परिवर्तित किया जा सकता है।
4. **रीमिक्स**– सामग्री की गुणवत्ता बढ़ाने या कुछ नया बनाने के लिए, वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए मौजूदा सामग्री को अन्य सामग्री के साथ जोड़ा जा सकता है।
5. **पुनर्वितरण** – उपयोगकर्ताओं को मूल सामग्री की प्रतियां, उनके संशोधित संस्करण और उनके द्वारा चुने गये किसी भी अन्य प्रारूप को साझा करने का अधिकार है।

**शिक्षकों के लिए लाभ :** छात्रों को सही प्रकार की शिक्षा के साथ सशक्त बनाना बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने का तरीका है। और, शिक्षकों की यह सुनिश्चित करने की प्राथमिक ज़िम्मेदारी है कि वे ऐसे व्यक्तियों के रूप में विकसित होने के लिए उचित रूप से सुसज्जित हैं जो समुदाय के विकास में योगदान दे सकते हैं। मुक्त शिक्षा संसाधन शिक्षकों को ढेर सारे लाभ प्रदान करते हैं। जब पूरी तरह से उपयोग किया जाता है, तो लाभ छात्रों को हस्तांतरित किया जा सकता है। इसमे शामिल है:

ओइआर शिक्षकों को अपने पाठों के लिए सामग्री को अनुकूलित करने की अनुमति देता है। जबकि भौतिक पाठ्यपुस्तकों में औसत और गुणवत्ता वाली सामग्री का मिश्रण हो सकता है, ओईआर के साथ, शिक्षक हर विषय के लिए सर्वोत्तम जानकारी पैक कर सकते हैं जिसकी उनके क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा की गयी है।

ओइआर के साथ, शिक्षक अपने कक्षा व्याख्यान के लिए अपनी तैयारी में सुधार कर सकते हैं। विषय-वार सामग्री, परीक्षण प्रश्न इत्यादि जैसी विभिन्न सामग्रियों की तत्काल उपलब्धता, आत्मविश्वास के साथ व्याख्यान में भाग लेना आसान बनाती है।

सामग्री को रीमिक्स करने का अधिकार शिक्षकों को दुनिया भर में अन्य लोगों के साथ सहयोग करने का अवसर देता है, अन्यथा वे जानकारी का आदान-प्रदान करने और विचारों को साझा करने के लिए नहीं मिलते। विभिन्न भाषाओं में जानकारी का अनुवाद करने, संपादित करने, संशोधित करने और सामग्री को खुले तौर पर साझा करने की अनुमति सामग्री विकास के लिए नये दृष्टिकोण को आमंत्रित करती है।

ओइआर शिक्षकों को अपनी सामग्री की सहकर्मी-समीक्षा और उसे बेहतर बनाने का मौका प्रदान करता है। चूंकि इन सामग्री को दुनिया भर के अन्य शिक्षकों द्वारा संशोधित किया जा सकता है, मूल ओईआर लेखक उन अद्भुत तरीकों को देख सकते हैं जिनमें उनकी सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। अक्सर, नए अध्यायों और अनुभागों को जोड़ने से मूल कार्य का बहुत बेहतर संस्करण तैयार हो जाता है।

**छात्रों के लिए लाभ :** मुक्त शिक्षा संसाधनों के निर्माण के पीछे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा निःशुल्क उपलब्ध कराना एक प्रमुख लक्ष्य है। अतिरिक्त ज्ञान संसाधनों के संपर्क से छात्रों के ज्ञान के आधार को मजबूत करने और उन्हें विषयों की गहराई तक ले जाने में मदद मिलती है। छात्र ओइआर से कई तरह से लाभ उठा सकते हैं। ये हैं:

वे कहीं से भी कभी भी गुणवत्तापूर्ण सामग्री तक पहुंच सकते हैं और ऐसा बार-बार करते हैं। लचीली पहुंच और लागत-बचत लाभ डएफ द्वारा प्रदान किये जाने वाले बहुत बड़े लाभ हैं।

पारंपरिक पाठ्यपुस्तक सीखना उबाऊ हो सकता है। मुक्त शिक्षा संसाधन विभिन्न स्वरूपों में उपलब्ध हैं, जो एक इंटरैक्टिव और अधिक व्यस्त सीखने की प्रक्रिया की ओर ले जाते हैं। जब भी उन्हें लगे कि कक्षा के व्याख्यान या पाठ्यपुस्तकें अध्ययन के किसी भी क्षेत्र में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करने में विफल हो रही हैं, तो वे इन संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं।

अनौपचारिक स्व-शिक्षण तकनीकों को अपनाने और सामग्री पर शोध, पुनः उपयोग और पुनः उपयोग करने जैसे डिजिटल साक्षरता में कौशल विकसित करने का अवसर है।

छात्र सामग्री पर प्रतिक्रिया और अंतर्दृष्टि भी दे सकते हैं, जिससे शिक्षकों और सामग्री निमार्ताओं को उनकी सामग्री की प्रभावशीलता को समझने में मदद मिलेगी।

कहने की जरूरत नहीं है कि खुले शैक्षिक संसाधनों की उपलब्धता छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए एक बड़ा वरदान है। मुक्त शिक्षा संसाधन अत्यधिक मापनीय हैं। इससे कम या बिना किसी लागत के इन शिक्षण सामग्री के व्यापक वितरण की अनुमति मिलती है। साथ ही, बेहतर अनुसंधान और शिक्षण, जो छात्रों को उनके सीखने के लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण हैं, तभी संभव होगा जब शैक्षणिक संस्थान संसाधनों के खुले साझाकरण की अनुमति देंगे।

खुली शिक्षा यह सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ने का रास्ता है कि मौद्रिक बाधाएं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंचने में बाधा न बनें। ओइआर के साथ, कक्षा में सीखने को बिना किसी अतिरिक्त लागत के छात्रों की आवश्यकताओं के अनुरूप बढ़ाया और तैयार किया जा सकता है। इसलिए, इन संसाधनों का उपयोग करने से ज्ञान विकास में एक संतुष्टिदायक यात्रा हो सकती है।

**(लेखक : झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय, रांची के कुलसचिव हैं।)**

## रांची और जमशेदपुर की खबरें

# सरकार ने तत्कालीन होटवार जेल अधीक्षक पर विभागीय कार्यवाही चलाने का दिया आदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

रांची। राज्य सरकार ने बेसरा निशांत राबर्ट पर विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की सहमति से आदेश जारी किया गया है। उनके ऊपर बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार रांची में काराधीक्षक के पद पर रहते हुए गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के 21 दिसंबर 2023 को जारी अधिसूचना के आदेश का अनुपालन नहीं करने का आरोप है। जांच में इसे प्रथम दृष्टया सही पाया गया है। इसके बाद बेसरा निशांत के विरुद्ध आरोप पत्र में गठित आरोपों की जांच के लिए झारखंड सरकारी सेवक वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियमावली 2016 के नियम के आलोक में विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। आरोपों की जांच के लिए सेवानिवृत्त आइएएस पदाधिकारी विनोद कुमार को जांच संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। बेसरा निशांत राबर्ट अभी प्राचार्य कारा प्रशिक्षण संस्थान हजारीबाग में कार्यरत हैं। उन्हें 15 दिनों के अंदर अपना लिखित बचाव बयान समर्पित करने को कहा गया है। वहीं, अवर सचिव कारा प्रशिक्षणालय अरविंद कुमार को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। दरअसल, राज्य सरकार ने तत्कालीन जेल अधीक्षक होटवार बेसरा निशांत राबर्ट को दिसंबर में अपने कार्यो के साथ धनबाद मंडल जेल का भी अतिरिक्त प्रभार दिया था। लेकिन उन्होंने जेल का प्रभार लेने में असमर्थता जतायी थी। कहा था कि धनबाद जेल काफी संवेदनशील है। उन्हें विभागीय कार्यों के केस के लिए कई बार कोर्ट भी जाना पड़ता है। रांची जेल में भी काफी कार्य हैं। हालांकि, सरकार ने इसके बाद उन्हें रांची जेल से हटा कर हजारीबाग कारा प्रशिक्षणालय में भेज दिया था।

**बाबूलाल ने समर्थन में किया था ट्वीट**

हालांकि, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उस वक्त निशांत बेसरा राबर्ट के पक्ष में एक ट्वीट भी किया था, जिसमें उन्होंने जेल अधीक्षक की तारिफ करते हुए तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन को कहा था कि होटवार जेल में इडी के केस में बंद आपके कमाऊ चेलों को युवा संताल आदिवासी नये जेल अधीक्षक राबर्ट बेसरा की सख्ती पच नहीं रही है। पहले की तरह यह सुपरिटेंडेंट प्रेम की लीला के मायाजाला में फंस नहीं रहा है और इतना टाइट कर दिया है कि सरकारी मेहमानों को जेल में ही दिन के तारे दिखाई दे रहे हैं।

# बिहार एसटीएफ ने फिल्मी अंदाज में अपराधी को रांची में दबोचा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में बिहार एसटीएफ टीम ने एक अपराधी को स्वर्णरेखा नदी तट स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। युवक जैसे ही सुरेश्वर धाम मंदिर से पूजा कर बाहर निकला, पुलिस ने फिल्मी अंदाज में दबोच लिया। फिर उसे स्कॉर्पियो वाहन में बैठा कर निकल गयी। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में ज्यादा कुछ जानकारी नहीं दी है। लेकिन पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार युवक कुख्यात अपराधी अमित पांडेय बताया जा रहा है। उस पर कई मामले दर्ज है। सीतामढ़ी कोर्ट से वांरट भी निकला है। मिली जानकारी के अनुसार युवक पर धारा 302 आर्म्स एक्ट सहित कई मामला मोतिहारी जिले में दर्ज है। फिलहाल रांची में नामकुम थाना क्षेत्र के नामकुम बस्ती में छुप कर रह रहा था। पुलिस को तकनीकी जांच में आरोपी का रांची में लोकेशन मिलने के बाद मंगलवार को एसटीएफ टीम स्कॉर्पियो वाहन से मंदिर के पास पहुंची और उसे दबोच लिया है। युवक का नाम अमित पांडेय उर्फ ब्रजेश बताया जा रहा है। युवक की गिरफ्तारी की पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गयी है।

**अपहरण की अफवाह उड़ी**

गिरफ्तार अमित पांडेय हर दिन की तरह मंगलवार को भी पूजा करने मंदिर पहुंचा था। इसी बीच करीब साढ़े 11 बजे बिहार एसटीएफ की टीम भी मंदिर के आसपास पहुंची। जैसे ही अमित मंदिर से बाहर निकला और फूल दुकान में पैसे देने के लिए गया, उसी दौरान एसटीएफ ने घेर लिया और जबरन स्कॉर्पियो में बैठा कर नामकुम थाना ले गयी। इधर युवक को कुछ लोगों ने जबरन स्कॉर्पियो में बैठाता देख तुरंत पुलिस को सूचना दे दी।

# इंडिया गठबंधन की तरफ से चाइबासा में जेएमएम उम्मीदवार जोबा मांझी ने मंगलवार को नामांकन दाखिल किया



# विस नियुक्ति घोटाला: हाइकोर्ट ने पूछा रिपोर्ट पर अब तक क्या कार्रवाई हुई



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए दाखिल जनहित याचिका पर मंगलवार को हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार और विधानसभा से जस्टिस विक्रमादित्य कमिटी की रिपोर्ट आने के बाद की गयी कार्रवाई से संबंधित फाइल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने राज्यपाल के प्रधान सचिव को इस मामले में प्रतिवादी बनाने का निर्देश दिया है। अब इस जनहित याचिका पर हाइकोर्ट 13 मई को सुनवाई करेगा। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने बहस की। इस संबंध में शिव शंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2005 से वर्ष 2007 के बीच में विधानसभा में हुई नियुक्ति में गड़बड़ी हुई है। मामले की जांच के लिए पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग का गठन किया गया। आयोग ने जांच कर वर्ष 2018 में राज्यपाल को रिपोर्ट भी सौंपी थी, जिसके बाद राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# हथियार के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राजधानी की जगन्नाथपुर थाना पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक 12 बोर की एक नाली बंदूक, पांच गोली, एक पेचकस, लखनऊ जिले से निर्गत हथियार का फर्जी लाइसेंस, आधार कार्ड, मोबाइल और बैग बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हटिया रेलवे स्टेशन के पास दो अज्ञात व्यक्ति बैग में हथियार और गोली लेकर ब्रिकी के लिए घूम रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने हटिया रेलवे स्टेशन के पास दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में गुजराल कुमार सिंह और गुड्डू चौधरी शामिल हैं। एसएसपी ने बताया कि टीम में जगन्नाथपुर थाना प्रभारी एचबी प्रसाद, राजीव कुमार रंजन, राजेंद्र कुमार राणा, अशोक भगत सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## झारखंड पेंशनर समाज के प्रदेश अध्यक्ष के निधन पर शोक



गढ़वा (आजाद सिपाही) । झारखंड पेंशनर समाज के प्रदेश अध्यक्ष गणेश प्रसाद के आकस्मिक निधन पर गढ़वा पेंशनर समाज के पदाधिकारियों एवम सदस्यों ने गहरी संवेदना प्रकट की है। जिलाध्यक्ष के के यादव ने कहा है कि उनका जिला संगठन काफी मर्माहत है। इनका विधिवत्त शोक सभा 28 अप्रैल को जिला कार्यालय में मानने का निर्णय लिया गया है। हालांकि संगठन के कुछ पदाधिकारियों ने उनके निधन पर संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। जिससे उनके दिवंगत आत्मा को शांति के लिए और शोक संतसप्त परिवार को सहनशक्ति प्रदान करने के लिए दो मिनट का मौन रख कर भगवान से प्रार्थना किया गया। इस अवसर पर पेंशनर समाज के असरफी राम, श्रवण कुमार, सुदामा राम, श्याम बिहारी राम आदि थे।

# टेबल टेनिस के अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी यहां से निकलें ऐसा लक्ष्य है संघ का : अलखनाथ पांडेय

वर्ल्ड टेबल टेनिस डे के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

अर्णव, आयुषी, मयंक, इशिका और हर्षित अपने अपने ग्रुप के बने चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** वर्ल्ड टेबल टेनिस डे के अवसर पर गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन सामुदायिक भवन वन विभाग के परिसर में किया गयो प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष सुशील केशरी, अशोक कुमार दुबे, नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, जे पी एस सेंट्रल स्कूल के निदेशक चन्द्र भुषण सिन्हा,सह सचिव प्रिंस सोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर खिलाड़ीयो को संबोधित करते हुए अलखनाथ पांडेय ने कहा कि गढ़वा जिला में टेबल टेनिस के खिलाड़ी अच्छा कर रहे हैं। हम सबका लक्ष्य गढ़वा से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकालना है। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि कम संसाधन में खिलाड़ी अपनी मेहनत के बदौलत जिस मुकाम तक पहुंचे हैं अगर उन्हें और बेहतर संसाधन उपलब्ध करा दिया जाए तो निश्चित ही यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में भी मेडल प्राप्त करेंगे। नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि जिस प्रकार की भी सहायता की आवश्यकता होगी सरकार आपके साथ है। जरूरी चीजों को उपलब्ध कराने में हमारी जब भी जरूरत हो आप कहें मैं आपके साथ हूं।उपाध्यक्ष सुशील केशरी ने कहा कि संघ बच्चों के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा रहा है। खिलाड़ी लगातार मेहनत करें निश्चित ही सफलता प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में अन्डर 11 बालक वर्ग में अर्णव कुमार दुबे ने खेसारी लाल नंदन को 2-0 से, बालिका वर्ग में पलक ने नंदिनी को 2-0 से अंडर 13 बालिका वर्ग में आयुषी कुमारी ने मानवी चौबे को 2-0 से अन्डर 15 बालक वर्ग में मयंक राज ने अर्णव राज पांडे को 2-0 से, अंडर 15 बालक वर्ग में रोशन कुमार गुप्ता ने अनिमेष मिश्रा को 2-1 से अंडर 15 बालिका वर्ग में इशिका कुमारी ने सुहाना खान को 2-0 से, अंडर 17 बालक वर्ग में हर्षित कुमार पांडेय ने उज्जवल कुमार को 2-0 से बालिका वर्ग में आयुषी कुमारी पांडेय ने अंजली कुमारी को 2-1 से हराकर किताब पर कब्जा जमाया।

## मानव मात्र की सेवा करना हम सबों का परम कर्तव्य है : हेमंत प्रताप देव

आजाद सिपाही संवाददाता




**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय गोसाईबाग स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर उंटारी के द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए पनशाला खोला गया। पनशाला का शुभारंभ शाखा आश्रम के प्रधान पुजारी सुशील कुमार सिन्हा ने अघोरेश्वर महाप्रभु अवधूत भगवान राम और गुरु पद संभव राम जी के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना शाखा कर किया गया। तत्पश्चात वहां उपस्थित लोगों और राहगीरों को प्रसाद वितरण और जल पिलाकर पनशाला का विधिवत उद्घाटन किया गया। मौके पर शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने कहा कि मानव मात्र की सेवा करना हम सबों का परम कर्तव्य है, इस भीषण गर्मी में राहगीरों को उचित स्थान पर बैठकर जलपान करने की व्यवस्था समूह शाखा के द्वारा किया गया है, हम सबको जितना बन सके उतना इस भीषण गर्मी में मानव मात्र की सेवा करने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्यों के साथ साथ पशु पक्षी के लिए भी उपयुक्त जल की व्यवस्था शाखा के द्वारा किया जाता है। आश्रम परिसर में पक्षियों के लिए जगह-जगह पानी की व्यवस्था की जाती है, जिससे आश्रम का पूरा परिसर सालों भर पक्षियों के चहचहातो से गूंजता रहता है। उन्होंने बताया कि समूह के सभी सदस्य भी अपने-अपने घरों में यथासंभव पक्षियों- पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था अपने स्तर पर करते हैं। उन्होंने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह अपने उन्नीस सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत समय-समय पर जन उपयोगी कार्यक्रम चलना आता रहा है, इसी के अंतर्गत हर वर्ष की भांति इस वर्ष में पनशाला का व्यवस्था किया गया है। मौके पर शाखा के व्यवस्थापक संजीव कुमार सिन्हा, मंत्री आनंद जायसवाल, राजेंद्र यादव, साहित्य अन्य लोग उपस्थित थे।

## बाल विवाह जैसी प्रथा को मिल कर दूर करना है: कामेश

आजाद सिपाही संवाददाता




**रमना।** रमना पिरामल फाउंडेशन के तत्वाधान में हमारा संकल्प जीरो ड्रॉप आउट पंचायत के तहत सदर पंचायत भवन के प्रांगण में बैठक का आयोजन मुखिया दुलारी देवी के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पंचायत के सभी चार विद्यालयों के शिक्षक सहित अन्य लोग मौजूद थे। बैठक के दौरान विद्यालय के पोषक क्षेत्र में ड्रॉप आउट बच्चे को जल्द से जल्द अपने विद्यालय में जोड़ने की बात कही गयी। पिरामल फाउंडेशन के सदस्य कामेश कुमार ने कहा कि संस्था का पूरा प्रयास है की पंचायत में ड्रॉप आउट बच्चों को शत प्रतिशत जोड़ते हुवे उन्हें सरकार के द्वारा मिल रही सभी सुविधाओं को पहुंचना है। कहा कि शिक्षा के अभाव है अपने छोटे-छोटे बच्चों को पैसे को लेकर मजदूरी पर लगाया जा रहा है जो गैर कानूनी है। कहा कि अभी गांव में बाल विवाह जैसे प्रथा कायम है, जिसे हम सभी को मिलकर दूर करना है। कार्यक्रम के अंत में मुखिया दुलारी देवी ने सभी विद्यालयों के प्रतिनिधियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी छूते हुए छात्र-छात्राओं को अभिलंब अपने विद्यालय में जोड़े ताकि संस्था एवं सरकार कार्य को पूरा किया जा सके। मौके पर फाउंडेशन से दुर्गेश तिवारी, मजहर इकबाल, शिक्षक मनोज कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार, धर्मदेव उरांव, सहिया शकुंतला देवी, सेविका लालती देवी, मालती गुप्ता, शिलवंती देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## राज्य स्तरीय टीम ने स्कूल में व्याप्त कमियों को दूर करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक के आदेश के आलोक में जिले के विद्यालय के निरीक्षण हेतु प्राधिकृत राज्य निरीक्षण दल के पदाधिकारी कामेश्वर सिंह , जितेंद्र कुमार , अजीत कुमार जिला के सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी शंभू दत्त मिश्रा के द्वारा रंका प्रखंड स्थित उत्क्रमित जमा दो उर्दू उच्च विद्यालय बांदू-चुतूरू रंका का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राज्य स्तर से उपलब्ध स्कूल असेसमेंट फॉर्मेट , लो कॉस्ट ,नो कॉस्ट एवं हाई कास्ट आवश्यकता से संबंधित पर प्रपत्र एबीसी के विभिन्न बिंदुओं पर गहन निरीक्षण किया गया। इस संबंध में निरीक्षण दल के द्वारा विद्यालय में कई कमियों को पाया गया। कमियों को दूर करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर करने हेतु एक सप्ताह का समय विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार पासवान को दिया गया। निरीक्षण दल के पदाधिकारी के द्वारा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रंका को निर्देश दिया गया कि विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करते हुए शैक्षणिक व्यवस्था सुदृढ़ करेंगे । इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे , संकुल साधन सेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय , विद्यालय प्रभारी प्रधान अध्यापक अनिल कुमार पासवान, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नईमुद्दीन अंसारी , शिक्षक परवेज आलम खान, शमशाद अहमद खान, पूनम सुरीन, दिलीप ओझा, कौशल किशोर, रामानुज कुमार, मोहम्मद हारुन रशीद, अनवर हुसैन , अशरफ आलम आदि शिक्षकगण उपस्थित थे।

## पुलिस इंस्पेक्टर ने वृद्धाश्रम में फल का वितरण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** आज स्वार्थ में अंधे पुत्र जहां अपने वृद्ध माता पिता को सहारा देने के बजाय उन्हें तिरस्कृत कर घरों से निकाल दे रहे हैं या वृद्धाश्रम में भेज दे रहे हैं, वहीं नगर उंटारी के पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने वृद्धाश्रम में वृद्धों के बीच अपने दिवंगत पिता का स्मरण करते हुए फल वितरण कर एक मिसाल कायम की है।

इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने रविवार को अपने पिता स्व सिद्धिनाथ सिंह की 35 वीं पुण्यतिथि पर शहर में स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे और उसमें रह रहे वृद्धों के बीच फल का वितरण किया। श्री सिंह कुछ समय उन वृद्धों के बीच गुजारा जिन्हें अपने बाल बच्चों ने घर से बाहर कर दिया है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने अपने माता-पिता को अपने से दूर कर दिया है वे अभागे हैं, वैसे लोग इस धरती पर माता पिता रूपी देवी देवता को अपने से दूर कर दिया है। उन्होंने युवाओं से जीवन में खुशहाली के लिये अपने वृद्ध माता पिता की देखभाल का विशेष ख्याल रखने की अपील की है।

## नैतिक मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**बंशीधरनगर।** शंकर प्रताप देव डिग्री कॉलेज में नैतिक मतदान सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक परियोजना पदाधिकारी सिया जानकी सिंह ने छात्रों से नैतिक मतदान सह मतदाता जागरूकता विषय पर विशेष रूप से सक्रिय संवाद किया तथा मतदान क्यों जरूरी है विषय पर परिचर्चा किया। जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विचार रखें। सिया जानकी ने बताया कि मतदान से ही मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी जा सकती है। मतदान से ही तय होता है कि हमारे क्षेत्र के नागरिक देश के प्रति कितने जिम्मेवार और जागरूक हैं। यदि हम खुद मतदान नहीं करते हैं, तो हमारा कोई अधिकार नहीं बनता कि हम किसी के कार्यकलाप पर उंगली उठाएं। कार्यक्रम में सिया जानकी द्वारा ईवीएम और वीवीपीएटी के बारे में मुख्य रूप से बताया गया कि कैसे ईवीएम द्वारा मतदान करने से और वीवीपीएटी के आ जाने से हमारी मतदान की प्रक्रिया पूर्णतः सहज पारदर्शी एवं विश्वसनीय हो गयी है। नैतिक मतदान ही मजबूत लोकतंत्र की धुरी है। अतः उपस्थित सभी मतदाताओं से आग्रह किया गया कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन में आए बगैर बिना किसी भय अथवा दबाव के नैतिक रूप से 13 मई 2024 को मतदान कर अपने देश के प्रति एक जिम्मेवार नागरिक का कर्त्तव्य अवश्य निभाएं। उपस्थित सभी मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न तरह के एप्प्स जो निर्वाचन प्रक्रिया को और भी अधिक सुलभ और पारदर्शी बनाने में सहायक हैं, के बारे में जानकारी भी विस्तृत रूप से दी गई। खासकर सी-विजिल एप्प जो निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी किया गया है। अगर आपके क्षेत्र में कोई भी राजनितिक व्यक्ति किसी भी प्रकार का भय किसी मतदाता को दिखाता है या किसी भी प्रकार का प्रलोभन देता है तो ऐसे में सी विजिल एप्प के माध्यम से उक्त व्यक्ति का वीडियो बनाकर तुरंत अपलोड करना है। इस कार्यक्रम में प्राचार्य, कृष्ण कुमार जायसवाल, सहायक, साकेत सिंह, परवेज अंसारी, धर्मेंद्र प्रजापति आदि उपस्थित थें।

## राष्ट्रीय इकाई ने वृद्धजनों के बीच फल वितरण किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**श्री बंशीधर नगर।** मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने स्थानीय वृद्ध आश्रम में जाकर वृद्धजनों का हाल-चाल जाना, उनकी सेवा की और उन लोगों के बीच फल वितरण किया। उक्त अवसर पर प्राचार्य कमलेश कुमार ने कहा कि यहां पर वृद्ध जन जो निवास करते हैं वह विभिन्न परिस्थितियों के कारण अपने घर को छोड़कर यहां रहने को मजबूर है, ऐसे में अब हम सबों का यह कर्तव्य बनता है कि इनके बच्चे बनकर इनके पीड़ा को समझते हुए हम इनकी सेवा करें, वृद्धावस्था अपने आप में कठिनाइयां और चुनौतियां पूर्वक होता है ऐसे में इन वृद्ध जनों का सेवा सत्कार की अति आवश्यकता है। यह हमारे बीच में है यह हम सबों की सौभाग्य है हम सब को समय-समय पर अपने व्यस्त समय को निकलते हुए इनके बीच आकर समय बिताने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ऐसे कार्यों में हमेशा से बढ़कर भाग लेती आई है इसी के अंतर्गत आज वृद्ध आश्रम में इन वृद्ध जनों का हाल-चाल जाना।

उक्त अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम प्रभारी प्रोफेसर महमूद आलम ने कहा कि हमें समय-समय पर इन लोगों के बीच में आकर प्यार बांटना चाहिए और इन सबों से आशीर्वाद लेना चाहिए अब हम सबों का यह दायित्व बन गयी है कि हम इनके संतान बनकर इनकी सेवा करें। मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक पूजा कुमारी ,रिशु कुमारी, नेहा कुमारी, पुष्पा कुमारी, अंजली कुमारी, खुशबू कुमारी, चंचल कुमारी, माया कुमारी, रानी कुमारी, मम्मी कुमारी, अर्चना कुमारी, ब्यूटी कुमारी, सहित अन्यलोग उपस्थित थे।

## संस्कार और संस्कृति को बढ़ाने के लिए किया जाता है सुंदरकांड का पाठ : द्वारिका नाथ पांडे

अयोध्या में मानस मंडली गढ़वा द्वारा किया जायेगा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन, एक सौ सदस्य होंगे शामिल

ऐतिहासिक होगा मंडली का 500वां साप्ताहिक अखंड पाठ : अरुण दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** मानस मंडली गढ़वा द्वारा आगामी 30 जुलाई को अयोध्या के श्री राम मंदिर स्थित यज्ञ मंडपम में अपने 500वां साप्ताहिक अखंड संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया जायेगा। मंडली के अनुरोध पर अयोध्या श्री राम मंदिर ट्रस्ट से इसकी अनुमति मिल गयी है। अयोध्या धाम की पवित्र भूमि पर 500वां आयोजन को लेकर मंडली के लोग काफी उत्साहित है। उक्त आयोजन को लेकर मानस मंडली के कोर कमेटी की एक बैठक मंडली के संयोजक द्वारिका नाथ पांडे के आवास पर हुई, जिसमें 30 जुलाई 2024 दिन मंगलवार को अयोध्या के यज्ञ मंडपम में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का 500वां आयोजन को ऐतिहासिक बनाने पर चर्चा के बाद रूपरेखा तैयार की गयी। इसकी जानकारी देते हुए द्वारिका नाथ पांडे ने कहा कि संस्कार और संस्कृति को बढ़ाने के लिए हर मंगलवार को संगीतमय सुंदरकांड का पाठ आयोजन किया जाता है। मुख्य गायक अरुण दुबे ने बताया कि राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय जी महाराज के द्वारा उक्त आयोजन में 100 लोगों को शामिल होने की अनुमति दी गयी है।

आयोजन में शामिल होने वाले लोगों को पहचान पत्र बनाना अनिवार्य होगा, ताकि वहां आसानी से प्रवेश मिल सके। ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होने के लिए ड्रेस कोड निर्धारित किया गया जिसमें भगवा रंग का कुर्ता, उजला पायजामा, रामनामी पट्टा के साथ पीले रंग का गमछी शामिल रहेगा। आने जाने तथा रहने खाने की व्यवस्था पर भी चर्चा की गयी। समीक्षा बैठक में अशोक पटवा, अमरेंद्र कुमार मिश्रा, आत्मा पांडे, दिलीप कुमार पाठक, श्रीपति पांडे, मनोज दुबे, दिलीप श्रीवास्तव, राकेश तिवारी, धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, शेखर सिन्हा आदि शामिल थे।

## स्वतंत्रता के महानायक वीर कुंवर सिंह का अदम्य साहस पूरे विश्व ने देखा है : चंचल प्रताप देव

आजाद सिपाही संवाददाता




**उंटारी।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा नगर उंटारी अनुमंडल इकाई ने वीर कुंवर सिंह की जयंती को शौर्य दिवस के रूप में मनाया। उक्त अवसर पर श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों से क्षत्रिय परिवार के सदस्य उपस्थित थे। उक्त अवसर पर अनुमंडलीय उपाध्यक्ष चंचल प्रताप देव ने कहा कि स्वतंत्रता के महानायक वीर कुंवर सिंह का अदम साहस पूरे विश्व ने देखा है। उन्होंने अदम साहस का जो मिसाल कायम किया है ओ युगों-युगों तक याद किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही महानायक वीर कुंवर सिंह जो 80 वर्ष के उम्र में भी लड़ने और विजय हासिल करने का शौर्य पूरे विश्व ने देखा। उनकी भुजाओं की ताकत का लोहा पूरे विश्व ने माना। उन्होंने कहा कि अपने देश पर मर मिटने वाला ऐसा जवान जो अपनी 80 वर्ष के उम्र को भी झुठलाते हुए अंग्रेजो को अपनी तलवार की धार से पहचाना करायी। श्री देव ने कहा कि महानायक वीर कुंवर सिंह ने अपना प्रथम कर्तव्य राष्ट्र सेवा और राष्ट्र सुरक्षा को हमेशा से माना। श्री देव ने कहा कि उन्हीं के बतलाये हुए और दिखाये हुए रास्ते पर चलते हुए आज तक भारत के सारे क्षत्रिय समाज भारत की रक्षा करने के लिए अपने बलिदान देने के लिए समय-समय पर आगे आते रहे हैं और भारत मां का सर को हमेशा से ऊंचा रखने के लिए अपने सर की बलि देने से पीछे नही हटे। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज का राष्ट्र प्रेम सर्वप्रथम कर्तव्य है, राष्ट्र प्रेम क्षत्रिय समाज के लिए सर्वोपरि है, सशक्त भारत का निर्माण में क्षत्रिय समाज ने अहम भूमिका निभाया है और भविष्य में आगे निभायेगा। चंचल प्रताप देव ने कहा कि हम सबों को महानायक वीर कुंवर सिंह के बताए हुए रास्ते पर चलकर अपने देश के लिए हमेशा मर मिटने एवं बलिदान देने के लिए तैयार रहना चाहिए। मौके पर इंदल सिंह, दादू सिंह, देवेंद्र सिंह, राकेश सिंह, श्यामबरन सिंह, नीलू सिंह, दीपक सिंह, मनोज प्रताप देव, बलवंत प्रताप देव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एनडीए गठबंधन खूंटी लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने किया नामांकन



## इंडी गठबंधन खूंटी लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने किया नामांकन



## घर-घर जाकर लोगों को मतदान के लिए किया गया जागरूक




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** स्वीप के तहत जिला अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके तहत विगत चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों व बूथों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा घर-घर पहुंचकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान के दौरान मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में विशेषकर वृद्धजनों को प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जिला अंतर्गत लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो और सशक्त लोकतंत्र के उद्देश्यों की पूर्ति हो।

# मुरहू के जंगल में छिपा कर रखे गये 304 किलो अफीम डोडा को पुलिस ने किया जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** गुप्त सूचना के आधार पर मुरहू थाना की पुलिस ने पिछले दिनों मुरहू के चिचिगड़ा जंगल में छापामारी कर जंगल के विभिन्न क्षेत्रों में झाड़ियों के बीच प्लास्टिक बोरों में भरकर छुपा कर रखे गये 304 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा को बरामद कर उसे जब्त कर लिया। यह जानकारी जिला पुलिस द्वारा मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में दी गयी। बताया गया कि



पुलिस को यह गुप्त सूचना मिली थी कि हेठगोवा गांव के विपिन मुंडू नामक ग्रामीण और उसके सहयोगियों द्वारा तस्करी के लिए बड़ी मात्रा में अफीम डोडा को चिचिगड़ा जंगल में छुपा कर रखा गया है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस ने उक्त जंगल में छापामारी अभियान चलाकर वहां छुपा कर रखे गये अफीम डोडा को बरामद कर लिया। इस संबंध में मुरहू थाना में एक मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में मुरहू थाना प्रभारी नायल गोडविन केरकेट्टा सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## कालीचरण मुंडा ने दिऊड़ी मंदिर पूजा-अर्चना की

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** इंडी गठबंधन खूंटी लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण मुंडा नामांकन दाखिल करने से पूर्व मंगलवार को प्राचीनकालीन सोलहभुजी दिऊड़ी मंदिर पहुंच पूजा अर्चना किया। माता के चरणों में मत्था टेक जीत के लिये मांगा आशीर्वाद। प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कहा की दिऊड़ी माता रानी पर मेरा अटूट आस्था है। में निरंतर माता के दरबार में हाजरी लगाने आता हु। चुनाव की तैयारी भी मैंने माता रानी के दरबार से आशीर्वाद लेकर ही शुरूआत किया था। मौके पर अशोक महतो, संजय सेठ, बसंत सेठ, विजय स्वांसी, अजय साहू, सत्यनारायण अधिकारी, उदय मुंडा, पूर्णू मुंडा आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## मायापुर जंगल से 18 वर्षीय युवक का शव बरामद

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज पुलिस ने मायापुर जंगल से एक 18 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है। जिसका पहचान लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र का रोहूम गांव के केलो मुंडा का पुत्र पंचम मुंडा के रुप में की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक पंचम मुंडा जोराकाठ में अपने रिश्तेदार के घर पर रहकर ट्रैक्टर का ड्राईवर का काम करता था। जिससे वह अपने परिवार का भरण पोषण करना था। वह शनिवार से ही लापता था। मंगलवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मायापुर जंगल में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। शव का मुंह बोरा से बंधा हुआ था। जिससे बहुत ही बुरा दुर्गन्ध आ रही थी। प्रथम द्दष्टया से मालूम हो रहा था कि किसी ने हत्या कर छुपाने के ख्याल से जंगल में फेक दिया है। पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रांची भेज दिया है ।

## मतदान कर्मियों को निर्वाचन प्रक्रियाओं का दिया गया प्रशिक्षण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर बिरसा कॉलेज खूंटी परिसर में मंगलवार को महिला मतदान कर्मी, पी 0 एवं पी 1 के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के क्रम में मतदान कर्मियों को डिस्पेच सेंटर से लेकर रिसीविंग सेंटर तक की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया गया। उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम और परियोजना निर्देशक आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप द्वारा प्रशिक्षण कार्य की गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। साथ ही प्रशिक्षण कार्य में लगे मास्टर ट्रेनरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

### डकरा में स्वतंत्रता संग्राम महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनी

# वीर कुंवर सिंह की जीवनी को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रंद्धाजलि होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** डकरा में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मंगलवार को धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर मुख्य रूप से उपस्थित अतिथि परियोजना पदाधिकारी रोहिणी जितेन्द्र कुमार सिंह, परियोजना पदाधिकारी केडीएच अनिल कुमार सिंह, स्टाफ अधिकारी कार्मिक ज्योति कुमार, स्टाफ अधिकारी असैनिक सुजीत रंजन, स्टाफ अधिकारी सामाग्रीह प्रिय रंजन सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा का विधिवत पूजा अर्चना कर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जिसके बाद उपस्थित अन्य लोगों ने भी बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके



पर वक्ताओं ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह की जीवनी सीख देती है की अगर हम द्दढ़ निश्चय कर ले तो उम्र हमें किसी कार्य को करने से रोक नहीं सकता है। कहा गया कि समाज के हर वर्ग की रक्षा सुरक्षा, उत्थान के लिए आज संकल्प ले। बाबू वीर कुंवर सिंह की जीवनी को आत्मसात करना ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रंद्धाजलि होगी। इस अवसर पर मिथलेश कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, अमरभुषण सिंह, हरेंद्र सिंह, मनोज सिंह, आंनद सिंह, सतेन्द्र सिंह, डी पी सिंह, तुफान सिंह, कार्तिक पांडेय, तनवीर आलम, शत्रुंजय सिंह, रामप्रताप सिंह, जगदीश चैहान सहीत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### पिपरवार में ड्यूटी जा रहे सीसीएल कर्मचारी की गिर कर हुई मौत

# मृतक के पुत्र को मिला नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के पिपरवार यूनिट में कार्यरत सीसीएल कर्मचारी मोहम्मद कासिम की मौत मंगलवार की सुबह डयुटी जाने के दौरान गिरने से हो गयी। वह पिपरवार थाना क्षेत्र के बहेरा गांव का निवासी था और पिपरवार वर्कशॉप में ईपी फीटर के पद पर कार्यरत था। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सीसीएल कर्मचारी मोहम्मद कासिम मंगलवार की सुबह अपने आवास बहेरा से पिपरवार वर्कशॉप डयुटी के लिए अपनी बाईक से जा रहा था, इसी बीच सीएचपी लोडिंग प्वांइट के समीप असहज महशूश होने पर वह गिर गया। घटना के बाद आसपास के लोगों के द्वारा उन्हें पिपरवार क्षेत्र के बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना



पाकर कई श्रमिक प्रतिनिधि व स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली, साथ ही स्थानीय सीसीएल प्रबंधन से मृतक के आश्रित को नौकरी देने की मांग की। वही जानकारी मिलने के बाद स्थानीय सीसीएल अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। श्रमिक प्रतिनिधियों एवं स्थानीय ग्रामीणों के प्रयास से स्थानीय प्रबंधन ने मृतक मोहम्मद कासिम के पुत्र मोहम्मद अयान को नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर एजीएम रंजय सिन्हा, कार्मिक आर प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन, अशोक परियोजना के खान प्रबंधक संजय कुमार सिंह, कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग, हेमचंद महतो, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो, मिथिलेश कुमार, रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, केंद्रीय सचिव रामचंद्र उरांव, श्रमिक प्रतिनिधि रविंद्रनाथ सिंह, एसके चौधरी, भीम सिंह यादव, अभय कुमार सिंह, समसूल होदा, जुबेर आलम, मोहम्मद जुलफाम, अब्दुल अंसारी, मोहम्मद असलम, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद अशरफ, सुशील यादव मौजूद थे।

## प्रदूषण बोर्ड के सचिव वाइके दास के काम करने पर हाइकोर्ट ने लगायी रोक

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट से प्रदूषण बोर्ड के सचिव वाइके दास को राहत नहीं मिली है। वाइके दास द्वारा दाखिल रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने उनके काम करने पर रोक का आदेश पारित किया है। इसके साथ ही अदालत ने उनकी जगह किसी अन्य व्यक्ति को वैकल्पिक रूप से पदस्थापित करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व बोर्ड के सदस्य सचिव के रूप में वाइके दास की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए झारखंड हाइकोर्ट में भी एक याचिका दाखिल की गयी थी, जिस पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की बेंच में सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने बहस की।

## जूनियर व सीनियर राज्य कराटे चैंपियनशिप में खूंटी के कराटेकारों ने 13 स्वर्ण सहित जीते 25 पदक



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा रांची के टाना भगत इंडोर स्टेडियम में 20 व 21 अप्रैल को आयोजित कैडेट, जूनियर और सीनियर राज्य कराटे चैंपियनशिप में खूंटी के कराटेकारों ने सभी वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण, छह रजत तथा छह कांस्य पदक सहित कुल 25 पदक जीतने में सफल रहे। स्वर्ण पदक जीतने वालों में शीतल टोपनो, निराली गुड़िया, बालाजी होरो, अभिषेक तिरु, एलिसा केरकेट्टा, अमर उरांव, मुकेश बोदरा,जीतेश मुंडा, अंकित धान, प्रिय कुमारी, आर्यन प्रामाणिक, संदीप टोपनो तथा विवेक धान शामिल हैं, जबकि रजत पदक जीतने वालों में अमरजीत मुंडा, प्रियांशु लकड़ा, सोसन बोदरा, अरिसल होरो, नेलिशा गुडिया और सुभाष कुमार तथा कांस्य पदक जीतने वालों में एडविन टोपनो, अनंत हस्सा, एंडेल कोंगारी, गौरव मुंडा और सुभाष बारह शामिल हैं। जिले के खिलाड़ियों के उम्दा प्रदर्शन पर खूंटी जिला स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष हेजाज असदक, सचिव हरीश कुमार, उपाध्यक्ष सचिन कुमार, शादाब खान सहित कई खेल प्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है। ज्ञात हो की सभी स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी आगामी आठ से 12 मई तक देहरादून में आयोजित होनेवाली नेशनल कराटे चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# अंबेडकर सेवा समिति ने मनायी राजा मेदिनी राय की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** अंबेडकर सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को धमधमिया में राजा मेदिनी राय की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया संतोष कुमार महली सहित अन्य लोगों ने राजा मेदिनी राय के चित्र पर माल्यर्पण किया। मुखिया संतोष कुमार महली ने कहा कि राजा



मेदिनी राय ने अपने शासन के कार्यकाल में उन्होंने जनता के सुख समृद्धि के लिए काफी कुछ किया। हमे उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

सरजू सिंह चेरो ने कहा कि चैत्र पूर्णिमा के दिन राजा मेदिनी राय का जन्म हुआ था। राजा मेदिनी राय 1658 से 1674 तक पलामू के राजा थे उन्होंने पलामू के दुर्ग में से एक किला का निर्माण कराया था। राजा मेदिनी राय के बताए रास्ते पर चलकर ही विकास किया जा सकता है। स्वास्थ्य, शिक्षा एवं बेहतर शासन ही राजा मेदिनी राय की सोच थी।

हर घर सुखी और चैन से रहने के लिए राजा मेदिनी राय उनके घरों में जाकर हालचाल पूछते थे। उनके शासनकाल में यंग कहावत चरितार्थ था कि राजा मेदनिया घर घर बाजे मधनिया। इस मौके पर अमृत भोगता, रमेशर भोगता, रामजी यादव, संतोष सिंह, जसवंत पांडेय, ध्वजाराम धोबी, सूरज प्रधान मुंडा, पयहारी भगत, शशि पांडेय, नरेश विष्वकर्मा, भुगलु मुंडा, जगलाल गंझू, सोनू ठाकुर, राकेश कुमार सिंह, सुनील गंझू सहित कई लोग मौजूद थे।

## ‘छम छम नाचे देखो वीर हनुमान...’



**रांची (आजाद सिपाही)।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को हनुमान जयंती अत्यंत भक्तिभाव एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। हनुमान जयंती का उल्लास लिए भक्तगण प्रातः काल से ही वीर हनुमान के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। प्रातकाल में हनुमानजी को नवीन वस्त्र पहनाकर आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के फूलों जैसे गुलाब, जूही , बेला, मोगरा, गैंदा व से मनभावन श्रृंगार किया गया। साथ ही मंदिर में विराजमान शिव परिवार एवं श्री श्याम प्रभु का भी इस अवसर पर विषश श्रृंगार किया गया। रात्रि 8:30 बजे श्री वीर हनुमान के जयकारों के बीच भक्तगण कतारब्रध होकर वीर बजरंगबली का दर्शन कर मंगलमय जीवन की कामना कर रहे थे। श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा संगीतमय संकीर्तन प्रारंभ कर भजनों की अमृत वर्षा की गयी। रात्रि 11:30 बजे महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनियां, विकाश पाडिया, ज्ञानप्रकाश बगला, सुदर्शन चितलंगिया, अजय साबू, अरुण धानुका, जीतेश अग्रवाल एवं श्याम सुंदर पोद्दार का विशेष सहयोग रहा।

## कोयलांचल के राय साप्ताहिक बाजार की स्थिति हुई बदहाल, लोग परेशान

# बाजार में लगा कूड़े-कचरे और गंदगी का अंबार, खतरे में पड़ा बाजार का अस्तित्व

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती गांव खलारी प्रखंड क्षेत्र के राय साप्ताहिक बाजार हाट का अस्तित्व इन दोनों खतरे में पड़ गया है। साप्ताहिक हाट बाजार में कूड़ा, कचरा और गंदगी का अंबार लगने से यहां के लोगों के अलावा दुकानदार और ग्राहकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्वच्छ भारत मिशन अभियान यहां पुरी तरह से फैल साबित हो रहा है। राय साप्ताहिक बाजार की यह बदहाल स्थिति पिछले कई वर्षों से देखी जा रही है, लेकिन इस पर अभी तक किसी के द्वारा कोई पहल नहीं की गयी है। मिली जानकारी के मुताबिक कोयलांचल क्षेत्र के राय साप्ताहिक हाट बाजार में पिछले कई वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को





साप्ताहिक बाजार लगता है, जहां कई गांव के व्यापारी और दुकानदार यहां आकर अपनी दुकान लगाते हैं। वहीं राय, बचरा सहित दूर दराज के लोग भी यहां आकर सामानों की खरीदारी करते हैं। साप्ताहिक हाट बाजार में लगे शेड पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। जिसके कारण बारिश के समय व्यापारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा पूरे हाट बाजार में कूड़े कचरे और गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिसके कारण बदबू से यहां रहने वाले लोगों के अलावा व्यापारी और ग्राहकों को काफी परेशानी हो रही है। इस संबंध में दुकानदारों ने बताया कि यह समस्या पिछले कई वर्षों से झेल रहे हैं। कुड़ा कचरा और गंदगी का अंबार रहने से व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। गंदगी को देखकर ग्राहक दूर से ही भाग जाते हैं। स्थिति यह हो गयी है कि दुकानदार दुकान लगाने से पहले स्वयं सफाई कर रहे हैं। इसके अलावा आसपास के लोग भी कूड़ा कचरा यहां फेंक रहे हैं,जिसके कारण गंदगी और बढ़ती जा रही है। दुकानदारों ने कहा कि कई बार इस समस्या से स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया, लेकिन किसी का भी कोई ध्यान नहीं है। अगर यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में कोई भी व्यापारी और दुकानदार यहां दुकान नहीं लगायेगा जिससे राय साप्ताहिक हाट बाजार का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।

### चार वर्ष पूर्व बाजार सुंदरीकरण की मिली थी स्वीकृति

कोयलांचल क्षेत्र के राय साप्ताहिक हाट बाजार की दयनीय और जर्जर स्थिति को ठीक करने के लिए पहल किया गया था, लेकिन यह पहल सिर्फ कागजों पर सिमट कर ही रह गया। जानकारी के अनुसार वर्ष 2020-21 मे राय पंचायत के निर्वतमान मुखिया प्रदीप उरांव के अथक प्रयास से राय बाजार का सुंदरीकरण और मरम्मति कराने का निर्णय लिया गया था। जिसमे जिला परिषद विभाग के द्वारा डीएमएफटी फंड से करीब 71 लाख रुपये की लागत से राय साप्ताहिक हाट बाजार में शेड निर्माण, पीसीसी, हाई मास्क लाईट लगाने व साप्ताहिक हाट बाजार की सुंदरीकरण कराने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। लेकिन यह आज तक धरातल पर नहीं उतरी और सिर्फ कागजों पर सिमट कर रह गयी। इस संबंध में राय पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप उरांव ने बताया कि कार्य को लेकर एस्टीमेट भी बनाया गया था, लेकिन टेंडर नहीं होने के कारण यह कार्य नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि वर्तमान आचार संहिता लागु है ऐसे मे चुनाव के बाद यदि इस कार्य को पूरा नहीं कराया गया तो आने वाले समय में स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आंदोलन किया जायेगा।

## मोरहाबादी में हुई सड़क दुर्घटना पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश ने लिया संज्ञान

**रांची (आजाद सिपाही)।** लालपुर थाना क्षेत्र के मोरहाबादी के समीप सोमवार देर रात हुई सड़क दुर्घटना पर झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश और झालसा (झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी) के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है। उन्होंने डालसा (जिला विधिक सेवा प्राधिकार) को इस दुर्घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज के लिए निर्देश दिये हैं। इसके बाद डालसा के सचिव राकेश रंजन और रांची सिविल कोर्ट के जज कमलेश ने बेहरा देर रात रिम्स जाकर घायलों से मुलाकात की और रिम्स प्रबंधन को घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# पर्यटक स्थल के रूप में मरंगबुरु को किया जायेगा विकसित: चंपाई सोरेन

## कहा : महाराज मदरा मुंडा के जन्मदिन पर 44 धार्मिक स्थलों को करायेंगे अतिक्रमण मुक्त, करेंगे संरक्षित

**महाराजा मदरा मुंडा मुरहड़ पहाड़ मरंगबुरू विकास समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

आजाद सिपाही संवाददाता


कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन।

**पिठोरिया।** महाराजा मदरा मुंडा सेवा संस्थान न्यास ट्रस्ट की ओर से चैत्र पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मंगलवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर महाराजा मदरा मुंडा मुरहड़ पहाड़ मरंगबुरू विकास समिति की ओर से उन्हें एक आवेदन दिया गया, जिसमें मरंग बुरु को गोद लेने एवं महाराज मदरा मुंडा मरंग बुरू के पिलचु हड़ाम पिलचु बुढ़ही सहित 44 धार्मिक स्थलों का अतिक्रमण मुक्त कर सुरक्षित एवं संरक्षण करने का निवेदन किया गया। कहा गया कि पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने से स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार भी मिल सकेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने विश्वास दिलाया कि महाराज मदरा मुंडा के जन्मदिन पर 44 धार्मिक स्थलों का अतिक्रमण मुक्त कर संरक्षण एवं संरक्षित करेंगें और मरंगबुरु को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित भी करूंगा। आप लोग जितना सोचे हैं उससे कहीं अधिक करूंगा। बताते चले की इस वर्ष भी महाराजा मदरा मुंडा सेवा संस्थान न्यास ट्रस्ट की ओर से प्रदीप पाहन के नेतृत्व में बाजे गाजे के साथ रूढि प्रथागत विधि विधान के साथ भेड़ा, बकरा, मुर्गा मुर्गी एवं फल फूल पत्ती के साथ सोमवार व मंगलवार को पूजा की गई। शाम में पूजा का प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद बा बाहा सरहुल मिलन समारोह एवं नृत्य किया गया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्ट के सदस्य महेश्वर पहान, प्रवीण पहान, बलराम मंडा, सूरज मुंडा, विकास मुंडा, जगत मुंडा, डॉ प्रदीप मुंडा, जीतू साहू, पूरन गोप, मधु साहू, पंचम पहान, विनोद गोप, राजेंद्र सिंह मुंडा, राम लगन महली, मधुसूदन महली, विश्वनाथ मुंडा, विमल पहान, गुरुचरण मुंडा, ग्राम प्रधान शिव शंकर मुंडा, ग्राम प्रधान राम लगन मुंडा, रामकिसुन लोहारा, प्रेम पहान कैलाश महतो आदि सक्रिय रहे।

# ओरमांझी में व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, शव बरामद

## हत्या की आशंका, परिजनों ने थाना में दर्ज करायी प्राथमिकी

**सिर और चेहरे पर चोट के निशान, अन्यत्र हत्या कर शव फेंक दिये जाने की आशंका**

आजाद सिपाही संवाददाता


सपही नदी किनारे से बरामद शव।

**ओरमांझी।** ओरमांझी थाना क्षेत्र में 47 वर्षीय एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे क्षेत्र के डहु और ईरबा गांव के बीच सपाही नदी किनारे से शव बरामद किया है। उसकी पहचान अशेश्वर महतो के रूप में हुई है। वह ओरमांझी थाना क्षेत्र के डहु गांव का रहने वाला था। उधर, शव मिलते की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। खबर पाकर ओरमांझी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। प्राथमिक पड़ताल के बाद पुलिस ने बताया कि चेहरे और सिर पर चोट के निशान थे। आशंका है कि अशेश्वर की अन्यत्र हत्या कर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को उक्त स्थान पर लाकर फेंक दिया होगा। इस संबंध में अशेश्वर के चचेरे भाई जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष नागेशवर महतो ने ओरमांझी थाने में हत्या की आशंका जताते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इस संबंध में परिजनों ने बताया कि अशेश्वर महतो मंगलवार की सुबह सात बजे ही अपने घर से निकला था। बताया जा रहा कि गांव के लोगों ने देखा कि नदी में एक शव पड़ा हुआ है। जिसकी जानकारी ओरमांझी पुलिस को दी। वहीं, पुलिस मामले की जांट में जुट गई है। इस बाबत पूछे जाने पर थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

# पार्टी के रीढ़ होते हैं चूल्हा प्रमुख : पारसनाथ उरांव



**हरदाग एवं डूंगरी पंचायत के विभिन्न गांवों में चूल्हा प्रमुखों का हुआ गठन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड के हरदाग एवं डूंगरी पंचायत के विभिन्न गांवों में मंगलवार को आजसू की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रभारी दीपा देवी एवं केंद्रीय सदस्य राजू नायक, जबकि संचालन रांची जिला सचिव कुदरत शेख ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आजसू के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा कि पंचायत के हर गांव में चूल्हा प्रमुख चुनाव से पहले तैयार कर लें, क्योंकि चूल्हा प्रमुख पार्टी की रीढ़ होता है और आजसू अलग राज्य लेने, झारखंड राज्य चलाने एवं बेहतर सुशासन देने का भी ताकत रखता है। इस दौरान पंचायत के विभिन्न गांवों में 16 चूल्हा प्रमुख बनाया गया। केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह ने ग्राम प्रभारी एवं चूल्हा प्रमुखों से 28 अप्रैल को वाईबीएन विश्वविद्यालय राजाउलातु नामकुम रांची में होने वाले ग्राम प्रभारी प्रशिक्षण शिविर में अवश्य आकर आजसू के नीति सिद्धांतों को समझने और पार्टी को बेहतर मजबूती प्रदान करने में सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर जिला सचिव मुकेश नायक, राजू नायक, संजय नायक, मुनचुन सिंह, मधु सिंह बिंझिया, रजाउल हक, संजय नायक, सुमित महतो, संजय मुंडा, पिंटू नायक, सिकंदर नायक, कोका नायक, अंशु एक्का, दिलीप मुंडा, किशोर नायक, विजय सिंह, शुखामबर सिंह, सुखबिर सिंह बिजिया, शावना मुंडा, मुनियां नाग, सुनीता बाड़ा, डुभन देवी, अनु कुमारी, ईलिसिबा स्वांसी, पाल्हो संग्गा, कौशलिया देवी, संगीता देवी, मानव देवी और बिलामणी देवी आदि उपस्थित थे।

# नगड़ी में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

## थाने में शिकायत दर्ज, छह आरोपित लड़के गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** नगरी थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में नाबालिक लड़की के साथ कुछ युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना सोमवार की रात की बताई जा रही है। इससी सूचना मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। खबर पाकर नगड़ी पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल छह लड़कों को गिरफ्तार कर नगड़ी थाने ले गई। उसने पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात थाना क्षेत्र के जारा टोली गांव से एक परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए बसिला गांव आया था। उनके साथ ही पीड़िता भी आई हुई थी। इस बीच रात करीब 11 बजे बसिला गांव के कुछ लड़कों ने ही कथित रूप से लड़की को बहला फुसलाकर ले गये और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। हालांकि पीड़िता के परिजनों का कहना है कि उनके बेटी को कुछ लड़के जबरदस्ती ले गए और सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद भाग गए। इस संबंध में पीड़िता ने मंगलवार को अपनी मां को घटना की पूरी जानकारी दी। जिसके बाद नगड़ी थाने में आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गई। इधर, नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने व पीड़िता की निशानदेही पर आरोपित लड़कों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। वहीं, पीड़ित लड़की को स्वस्थ जांच के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

# कार और बस की टक्कर में चालक सहित पांच घायल



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के हाठु मोड़ के समीप मंगलवार की दोपहर 2.30 बजे गुमला से आ रही जय बाला नामक यात्री बस ने मारुति वैन को टक्कर मार दी। जिससे कार के समाने के हिस्से के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चालक सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में खलारी निवासी रामावतार केशरी (70), बतिया देवी (65) सरिता देवी (45) और मंजू देवी (35) शामिल है। वहीं, राय निवासी कार चालक कैलाश साव (40) की हालत गंभीर बताई जा रही है। पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा व समाजसेवी तंजीर हुसैन ने पीसीआर के सहयोग से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर रूप घायल रामवतार केशरी व सरिता देवी को बेहतर उपचार के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कार सवार सभी लोग खलारी से गुमला के भरनो जा रहे थे। तभी गुमला की ओर से आ रही यात्री बस ने कार में टक्कर मार दी।

# धूमधाम से मना साईं मंदिर का 31वां स्थापना दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** साई मंदिर का 31वां स्थापना दिवस मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर इस दिन सुबह 5.30 बजे बाबा की काकड़ आरती की गई। इसके बाद कलश यात्रा निकाला गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं द्वारा नदी से कलश में जल भरकर ढोल नगाड़े एवं पारंपरिक वाद्ययंत्रों की करतल ध्वनि के साथ बाबा का जयकारा लगाते हुए मंदिर लाया गया। महिलाओं द्वारा लाये गए जल से बाबा का मंगल स्नान कराया गया। इसके बाद दूध-दही, पंचामृत से बाबा का अभिषेक किया गया और बाबा को नए वस्त्र पहनाकर, फूल माला अर्पित कर प्रसाद चढ़ाकर आरती की गई। वहीं, कलश यात्रा में शामिल महिलाओं को फल, चना एवं जूस उपलब्ध कराया गया। आरती के बाद सभी भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसे भक्तों ने ग्रहण किया। साथ ही स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन प्रस्तुत किया गया। इससे पूरा वातावरण साईमय हो गया था। इस दिन के सभी कार्यक्रम लापुंग के सरसा शिरडी साई ग्राम विकास केंद्र के तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष संतोष चौरसीया, कोषाध्यक्ष अमित लाल, सचिव स्त्येंद्र भगत, मुन्ना पांडेय, राजेंद्र मक्कड़, विकास सिंह, मनोज उरांव, रामपाल भगत, नाथूराम भगत, कृपा उरांव, राजेंद्र राम, राजू उरांव का विशेष योगदान रहा। समस्त पूजन कार्यक्रम पुरोहित राजकुमार पाठक, अविनाश मिश्रा, विभीषण पांडे एवम पंचाक्षरी स्वामी द्वारा संपन्न कराया गया।

# प्रखंड में शत प्रतिशत मतदान ही हमारा लक्ष्य: बीडीओ

**तुको व ईंटा चिल्द्री में बैठक कर दिया गया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के तुको गांव स्थित राजकीय मध्य विद्यालय व ईंटा चिल्द्री गांव के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मंगलवार को लोकसभा चुनाव को लेकर बीडीओ राहुल उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई। बीडीओ ने कहा कि बैठक के आयोजन का उद्देश्य चुनाव से संबंधित सभी तैयारियां को समय रहते पूर्ण कर लिये जाने की समीक्षा थी। इसके माध्यम से हम इस बात से भली भांति अवगत हो सकते हैं कि हमारी तैयारी में अब तक क्या कमी रह गई है उसे समय रहते पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि आम चुनाव की समस्त प्रक्रिया प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। आम निर्वाचन में सहयोग की भावना देश के प्रत्येक नागरिक का भी है। उन्होंने निर्देश दिया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को प्रखंड में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें। बीएलओ सहित सभी कर्मियों और जिम्मेदार लोगों से उन्होंने मतदान शत प्रतिशत सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने इन सेक्टरों में पड़ने वाले सभी मतदान केंद्रों की समीक्षा की और आवश्यकता के अनुसार कई निर्देश दिए। मौके पर बीपीओ संजय तिर्की और पुरुषोत्तम भाई पटेल आदि मौजूद थे।

# पृथ्वी दिवस पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** पृथ्वी दिवस पर मंगलवार को सिरका पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मुखिया रोशनलाल मुंडा एवं जल सहिया प्रमिला देवी के नेतृत्व में जागरूक ग्रामीणों खासकर महिलाओं ने पूरे सिरका गांव में घूमघूम कर साफ-सफाई किया। इस दौरान गांव के गली मोहल्ले और नाली में फैली गंदगी व कूड़े कचरे को साफ किया गया। हैंड प्रिंटिंग गतिविधि द्वारा शपथ लिया गया कि आज से न तो कचरा फेंकेंगे न फेंकने देंगे और ना हीं जलाएंगे। इस अभियान में पंसस प्रतिनिधि साहेब राम महतो, सीईई सुबीर रंजन, ऋषभ भट्टाचार्य, हरि चरण महतो, अनु कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# टाटीसिलवे: कमला नेहरू इंटर कॉलेज में नामांकन शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** टाटीसिलवे कमला नेहरू इंटर कॉलेज में नए सत्र 2024-26 के लिए इंटर कला एवं वाणिज्य संकाय में नामांकन शूरू हो गया है। नामांकन के लिए प्रपत्र कॉलेज कार्यालय में उपलब्ध है, यह प्रपत्र सुबह 10.30 बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। इस बाबत प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज में छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृति सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। इच्छुक विद्यार्थी कॉलेज से फॉर्म लेकर नामांकन करवा सकते हैं।

# अनगड़ा में मनाया गया शहीद जीतराम बेदिया का शहादत दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड के बरवादाग पंचायत अंतर्गत सीताडीह में मगंलवार को स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद जीतराम बेदिया की 221वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बुधराम बेदिया सहित अन्य ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर बुधराम बेदिया ने शहीद जीतराम बेदिया के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश की आजादी के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ अंतिम दम तक लड़ाई लड़ी। देश की स्वतंत्रता के लिए उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस मौके पर सत्यनारायण मुंडा, सुभाषचंद्र बेदिया आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए और लोगों को शहीद जीतराम बेदिया के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में कुंती देवी, हलधर बेदिया, दिबेश्वर बेदिया, सचिन बेदिया, अनोज बेदिया, सुमन देवी, रीता देवी, याद्री देवी आदि मौजूद थे।

# उषा मार्टिन फाउंडेशन ने मनाया अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस

## सामूहिक प्रयास से ही बचेगी पृथ्वी : डॉ मयंक मुरारी

आजाद सिपाही संवाददाता


विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता संदेश देते स्कूली बच्चे व अन्य।

**अनगड़ा।** उषा मार्टिन फाउंडेशन के सचिव डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि लोगों के सामूहिक प्रयास से ही पृथ्वी को बचाया जा सकता है। इसके लिए प्रत्येक नागरिक, परिवार और समूह को अपनी जवाबदेही तय करनी होगी, ताकि पृथ्वी को नुकसान पहुंचाने वाले कारकों से बचाया जा सके। वे महिलौंग मध्य विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम उषा मार्टिन फॉउंडेशन और पर्यावरण विभाग के सौजन्य से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर सीएसआर मैनेजर प्रिया बागची ने कहा कि पृथ्वी को बचाने के लिए गिलहरी प्रयास करने होंगे। गांव स्तर पर बच्चों को जागरूक कर परिवार को इन प्रयासों से जोड़ा जा सकता है। ईएसजी की मैनेजर स्नेहा ने कहा कि जल, वायु और विद्युत संरक्षण से ही हम पृथ्वी की सुरक्षा कर सकेंगे। महिलौंग मध्य विद्यालय की प्राचार्या हेमलता कुमारी ने कहा कि उषा मार्टिन अपने सीएसआर के तहत विकास एवं पर्यावरण के दिशा में कई पहल किए हैं। इससे गांव स्तर पर लोगों की जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करके ही पृथ्वी को बचाना संभव होगा। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगता में माधुरी को पहला, रबीना को दूसरा एवं सुहानी को तीसरा स्थान तथा पेंटिंग में श्रीद्धि और रूचिका को पहला, शिवम कुमार को दूसरा एवं हरीश को तीसरा स्थान मिला। बाद में सभी सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। संचालन शचींद्र कुमार ने किया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में पर्यावरण विभाग के पवन कुमार, वरूण कुमार, भुवनेश्वर महतो आदि का अहम योगदान रहा।

## अमर शहीद जीतराम बेदिया का मनाया गया शहादत दिवस



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** टाटी सिंगारी बजार टाड़ स्थित वीर शहीद जीतराम बेदिया की प्रतिमा पर मंगलवार को पुष्प अर्पित कर शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से टाटी मुखिया रामानंद बेदिया, कंचन बेदिया, अनुप सिंह मुण्डा, बीरबल बेदिया, महाबीर बेदिया, सुमन बेदिया के टाटी एवं सिंगारी विद्यालय के बच्चों ने भी भाग लिया। वहीं सुरसू पंचायत स्थित शहीद जीतराम बेदिया के प्रतिमा पर भी मल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। मौके पर धर्मदेव रजवार, ग्राम प्रधान गणेश बेदिया, सुरेश बेदिया, निराशो देवी सुलेखा देवी सहीत अन्य लोग मौजूद थे।

## पेयजल संकट के निदान को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**बलियापुर (आजाद सिपाही)।** भीषण गर्मी में बलियापुर प्रखंड क्षेत्र में पेयजल संकट से निपटने के लिए मंगलवार को बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने अपने कार्यालय सभागार में समीक्षा बैठक की। जिसमें पीएचइडी के जूनियर इंजीनियर पेयजल पर्यवेक्षक एवं संवेदक के कार्यों की समीक्षा की गई। पाया गया कि जल संकट से निपटने के लिए क्षेत्र में स्थापित नियंत्रण कक्ष में चापाकल मरम्मती से संबंधित कूल 40 शिकायते मिली हैं।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 24 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in


# कामेश्वर बैठा ने बसपा के सिंबल पर किया नामांकन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा केंद्र से नामांकन के पांचवें दिन यानी मंगलवार को भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी (भाकपा) के अभय कुमार, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कामेश्वर बैठा और पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के वृंदा राम ने नामांकन किया है।

# दिव्यांग और वरिष्ठ महिला-पुरुष के लिए मतदान केंद्र में होगी अलग लाइन : एडीएम



**चुनाव को लेकर निरसा प्रखंड सभागार में एडीएम ने की निरसा केलियासोल व और एग्यारकुंड बीडीओ के साथ बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**एग्यारकुंड/निरसा।** एडीएम (आपूर्ति सप्लाई) जियाउल अंसारी की अध्यक्षता में लोकसभआ चुनाव को लेकर मंगलवार को निरसा प्रखंड सभागार में बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से निरसा केलियासोल और एग्यारकुंड के बीडीओ दो दिव्यांग मतदाता जीपीएस अर्चना कुमारी सीडीपीओ सहित प्रखंड के कर्मी मौजूद थे। बैठक में जियाउल अंसारी सभी को निर्देश दिया कि मतदान वाले दिन सुबह 7 बजे से लेकर 11 बजे तक सभी दिव्यांग व वरिष्ठ महिला-पुरुष का मतदान अवश्य कराएं। दिव्यांग मतदाताओं से मतदान में होने वाली कठिनाइयों के बारे में पूछा गया। इसके बाद कहा कि दिव्यांग मतदाताओं को उसके घर से आने जाने की व्यवस्था के साथ ही दिव्यांग एवं वरिष्ठ महिला पुरुष के लिए अलग लाइन की व्यवस्था मतदान केंद्र में की जाएगी। रैंप और व्हीलचेयर की व्यवस्था एवं मतदान वॉलिंटियर केंद्र में तैनात रहेंगे, जो मतदाताओं को व्यवस्था उपलब्ध कराएंगे।

साथ ही मतदान केंद्र में बिजली, पंखा और शौचालय आदि की व्यवस्था करने को कहा। वैसे मतदाता जो अपने घर से आने-जाने में असमर्थ है उन्हें घर से ही मतदान करवाया जाएगा। जो वरिष्ठ दिव्यांग महिला-पुरुष है उसे गाड़ी द्वारा प्रशासन घर से मतदान केंद्र लाएगा एवं मतदान कर कर पहुंचने की व्यवस्था कराएगा। एक भी मतदाता छूटना नहीं चाहिए। सत प्रतिशत मतदान को लेकर सरकार संकल्पित है।

## वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल की 711वीं जयंती मनायी गयी

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** दुसाध समाज की ओर से मंगलवार को बाबा चौहरमल की 711वीं जयंती शहर के चैताडीह स्थित फुलवरिया में धूमधाम से मनायी गयी। वक्ताओं ने अपने संबोधन में बाबा चौहरमल की जयंती पर प्रकाश डाला। कहा कि वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल का जन्म बिहार के मोकामा अंचल क्षेत्र के शंकर वाड़ टोला में हुआ था। तब इस क्षेत्र को मगध के नाम से जाना जाता था । उनका जन्म दुसाध जाति के किसान परिवार में चार अप्रैल 1313 में चैत्र पूर्णिमा के दिन हुआ था। इनके पिता का नाम बांदिमल एवं माता का नाम रघुमति था। इनका कर्म स्थल मोकामा ताल के चाराडीह में था और इससे 14 किलोमीटर दूर तुरकैजनी गांव में ननिहाल था। समाज हित के लिए ब्राह्मणी और सामंतवादी ताकतों के खिलाफ लागातार संघर्षरत रहने के कारण संगठन बनाकर सामंती दमन के विरुद्ध विद्रोह किया। उन्होंने चाराडीह में सामंतों द्वारा की गई आर्थिक नानाबंदी का कड़ा मुकाबला किया और अपने लोगों को संकट से बचाया। वहीं वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल की प्रतिमा लगाने के लिए जमीन दानदाता स्वर्गीय झरी पासवान की पत्नी कौशल्या देवी ने पुष्प अर्पित कर की भाव्य मंदिर बनाने जाने की बात कही। मौके पर पुजारी दिलीप पासवान, जनार्दन पासवान, सुरेश पासवान, जगत पासवान, बसंत पासवान, पंकज पासवान, सुनील पासवान आदि थे।

### मेदिनीनगर शहर में घूम कर नामांकन में शामिल होने का दिया न्योता

# वीडी राम का नामांकन आज

**नामांकन में शामिल होंगें केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व अन्य**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



नामांकन में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र बांटते प्रत्याशी वीडी राम।

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने मंगलवार को शहर में भ्रमण करते हुए मुख्य बाजार में सभी दुकानदारों एवं व्यवसाईयों को नामांकन में आने का आमंत्रण दिया है। भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि नामांकन रैली में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह, झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं अन्य नेता मेदिनीनगर में हेलीकॉप्टर से पहुंच रहे हैं। शिवाजी मैदान में आमसभा सुबह 11 बजे से शुरू हो जाएगी। रैली शिवाजी मैदान से दोपहर एक बजे निकलेगी जो छह मुहन चौक कचहरी चौक होते हुए नामांकन स्थल समाहारणालय परिसर तक पहुंचेगी। जहां प्रत्याशी, राष्ट्रीय एवं प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के साथ नामांकन निर्देशन करेंगे। रैली को व्यवस्थित रूप देने के लिए प्रमुख कार्यकर्ता की टोली लगाई गई है। वहीं, बाजार भ्रमण के दौरान व्यवसाईयों ने वीडी राम के गले में माला डालकर स्वागत किया एवं पुष्प की वर्षा की। साथ ही चुनाव में विजय होने का आशीर्वाद भी दिया। कार्यक्रम में श्याम नारायण दूबे, परशुराम ओझा, अमलेश दूबे, निवर्तमान मेयर अरुण शंकर, मंगल सिंह, विभाकर नारायण पांडे, शिवकुमार मिश्र, विजय ओझा, सोमेश सिंह, छोटू सिन्हा, प्रदीप सिंन्हा, दुर्गा जौहरी, संजय कुमार, नंदलाल गुप्ता, नवीन तिवारी, रिंकू, रंजन सिंह, राजेश गुप्ता, लड्डू खान, गुड्डू खान, रूप सिंह, सीटू गुप्ता, मंजू गुप्ता, रेणुका पांडे आदि मौजूद थे।

# एनडीए की बैठक में लिया गया भाजपा प्रत्याशी वीडी राम को भारी मतों से जिताने का संकल्पः सतीश कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भाजपा कार्यालय में मंगलवार को एनडीए की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पलामू प्रत्याशी वीडी राम ने की। इसमें आजसू के अलावे लोजपा के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार दूबे भी मौजूद थे। इस अवसर पर आजसू के लोकसभा प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि हम सब मिलकर एनडीए प्रत्याशी वीडी राम को रिकॉर्ड मतों से जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। बुधवार को वीडी राम के नामांकन में पलामू और गढवा जिला से काफी संख्या में कार्यकर्ता मेदिनीनगर शिवाजी मैदान में शामिल होंगे। इस मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव विकेश शुक्ला, बबलू गुप्ता, विजय मेहता, तुलसी शुक्ला व भाजपा के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, आशीष सिन्हा, धर्मदेव सिंह यादव, लोजपा के जिलाध्यक्ष मनोज दूबे मौजूद थे। वहीं, प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने कहा कि हम मिलजुल कर चुनाव लड़ कर राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका दर्ज करायेगें।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस का आयोजन







**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ एके सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस की शुरूआत की। इसके बाद पौधारोपण कर समारोह में उपस्थित छात्र एवं शिक्षकों को शुभकामनायें दी। पूर्व माध्यमिक छात्रों द्वारा पृथ्वी, प्रदूषण, वृक्ष और विकास आदि का स्वांग रचकर लघुनाट्य का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि प्रति वर्ष पृथ्वी दिवस मनाई जाती है। 2024 का थीम है 'प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक'। अमेरिका से आरंभ हुआ यह दिवस 22 अप्रैल 1970 से लगातार मनाई जा रही है। आज 193 से अधिक देश प्रत्येक वर्ष आयोजित करते है। पर्यावरण परिवर्तन से जुड़ी विभिन्न कठिनाइयां जैसे समुद्र का लगातार बढ़ता जलस्तर, ओजोन परत का खत्म होना और अंधाधुंध वनों की कटाई पर खुलकर चर्चा की जाती है। प्रत्येक देश अपने-अपने तरीके से इसमें योगदान देता है। वक्ताओं ने कहा कि 'पर्वत से सीखो गर्व से शीश उठाना, सागर से सीखों जी भरकर लहराना', 'प्रकृति नहीं सिखाती किसी को ठुकराना, इसे बस आता है सबको अपनाना' आदि स्लोक पढ़कर उपस्थित लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया।

# हनुमान जयंती पर बराही धाम में सुंदरकांड अखंड कीर्तन के साथ भंडारे का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के चर्चित बराही धाम में मंगलवार को हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। सुबह से ही हनुमान चालीसा की चौपाई जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपिस तिहूं लोक उजागर की धुन परीसर में गूंजती रही। इस दौरान लोग माला, सिंदुर, तिल के तेल का दीया और लड्डू का भोग अंजनी पुत्र हनुमान को लगाये। सिंदुर चढ़ाकर लोगों ने उज्वल भविष्य और परिवार के मंगलमय जीवन की कामना की। वहीं मंदिर के पुजारी दिलीप मिश्र, अजीत चौबे वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना की। इसके बाद भव्य भंडारे का अयोजन किया गया। पूजारी दिलीप मिश्रा, अजित चौबे ने वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन पूजन कराया। इसके बाज पूजारी और एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो द्वारा भंडारे का शुभारंभ किया गया। एसडीपीओ ने श्रद्धालुओ के बीच महाप्रसाद का वितरण किया।

# प्रत्याशी ममता भुइयां को जीत दिलाने का लिया गया संकल्प



**हुसैनाबाद में आइएनडीआइए गठबंधन की बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर के तिवारी कॉम्प्लेक्स स्थित कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को आइएनडीआइए महागठबंधन की बैठक हुई। जिसमें कांग्रेस, राजद, झामुमो और वीआईपी आदि पार्टियों के नेता-कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान कांग्रेस सहित महागठबंधन के सभी घटक दलों ने एक स्वर में पलामू सीट से राजद प्रत्याशी ममता भुइयां को बड़े अंतर से जीत दिलाने की रणनीति पर चर्चा करते हुए जिताने का संकल्प लिया। साथ ही घटक दल के नेताओं ने चुनाव को लेकर कई अहम सुझाव भी दिया और आपसी समन्वय को मजबूत कर चुनावी रणनीति का संचालन करने पर बल दिया। कांग्रेस के प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ यहां की जनता गोलबंद हो चुकी है। कांग्रेस आइएनडीआइए गठबंधन की उम्मीदवार ममता भुईयां के साथ कदम ताल मिलाते हुए पूरे मजबूती एवं एकजुटता के साथ खड़ी है। इस बार पलामू लोकसभा का फैसला ऐतिहासिक होगा और ममता भुईयां बड़े अंतर से जीत हासिल करेगी। वहीं, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन के सभी घटक दल के नेताओं व कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनाव में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की जरूरत है। सामूहिक प्रयास से ही गठबंधन प्रत्याशी की जीत होगी। बैठक की अध्यक्षता झामुमो के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान और संचालन राजद नेता कलामुद्दीन अंसारी ने किया। इस मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह, अवधबिहारी सिंह, गुप्तेश्वर पांडे, मोहम्मद रिजवान, अंबिका सिंह, रामसुंदर राम, आरजेडी से पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, राज अली, रिजवान जी, उदेश्वर राम, नईमुद्दीन, झामुमो से डॉ एजाज आलम, मुन्ना कुमार देव, नेहाल असगर, वीआईपी के रमाशंकर चौधरी, धनंजय और अरविंद चौधरी आदि मौजूद थे।

# पलामू लोस सीट से ममता भुइयां की जीत पक्की हैः राजेंद्र सिन्हा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा सीट से आइएनडीआइए गठबंधन की प्रत्यासी ममता भुइयां को जीताने के लिए घटन दलों ने भी कमर कस ली है। इसे लेकर बैठक करने के बाद आइएनडीआइए गठबंधन के मजबूत सहयोगी झामुमो के पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने मजबूत तैयारी के साथ विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सांसद का पद एक गरिमा पूर्ण और विभिन्न उत्तरदायित्व को बेहतर रूप से निभाने का पद है। पर बीते दो कार्यकाल यानी 10 साल सांसद रहने के बावजूद बीडी राम जी का कार्यकाल आम जनमानस की सोच के बिल्कुल विपरीत रहा है। या ये कगें कि वे जनता की उम्मीद, उनके बेहतरी, बड़ी समस्याएं को सुलझाने में पूरी तरह विफल रहे हैं। जिले की गंभीर समस्याओं से पलामू को निजात दिलाना, जिले में शैक्षणीक गतिविधियों को बेहतर बनाने, कल कारखानों की स्थापना सहित पलामू के विकास के लिए उन्होंने कोई पहल नहीं की है। वहीं, कांग्रेस के पलामू जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने भी लोकसभा चुनाव में ममता भुईयां के पक्ष में लोगों को गोलबंद करने का फैसला कर लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा जिस तरब भेजभाव व जाति-धर्म के आधार पर लोगों में द्वेष फैला रही है इसका जवाब पलामू की जनता मतदान के जरिए ममता भुईयां को जिताकर देगी। हमें पूर्ण विश्वास है की जनता के बेहतर कायाकल्प के लिए लोगों ने आत्मविश्वास के साथ बदलाव का मन बना लिया है।

## स्पोर्ट्स



विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर 2024 का अवॉर्ड दिया गया। जोकोविच का यह पांचवां लॉरियस अवार्ड है।

# नोवाक जोकोविच लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर 2024, 5वीं बार जीता अवॉर्ड

## पहली बार फीफा वीमेंस वर्ल्ड कप जीतने वाली स्पेन टीम को अवॉर्ड

**स्पेन (एजेंसी)।** विश्व के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर 2024 का अवॉर्ड दिया गया है। जोकोविच का यह पांचवां लॉरियस अवॉर्ड है। 25वीं लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड सेरेमनी सोमवार को स्पेन के मैड्रिड में हुई। यह अवॉर्ड पिछले साल के अचीवमेंट के लिए दिया जाता है। उन्होंने इस मामले में पूर्व टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर की बराबरी कर ली है। ये दोनों खिलाड़ी लॉरियस अवॉर्ड के इतिहास में सबसे ज्यादा बार सम्मानित किए गए हैं।



**जोकोविच के नाम है सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम**

### स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को मिला लॉरियस टीम अवॉर्ड

**पिछले साल पहली बार विमेंस फुटबॉल वर्ल्ड कप जीतने वाली स्पेन की टीम को लॉरियस टीम अवॉर्ड से नवाजा गया। फाइनल में स्पेन ने इंग्लैंड को 1-0 से हराया था। बतातें चलें कि लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स सेरेमनी हर साल होती है। इसमें खिलाड़ियों और टीमों को साल भर के स्पोर्ट्स अचीवमेंट्स के साथ सम्मानित किया जाता है। इसकी स्थापना 1999 में लॉरियस स्पोर्ट फॉर गुड फाउंडेशन के फाउंडर डेमलर और रिचमोंट ने की गई थी।**

जोकोविच ने पिछले साल ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन में टाइटल जीता था। जोकोविच 24 ग्रैंड स्लैम के साथ मेंस सिंगल्स में सबसे ज्यादा टाइटल जीतने वाले खिलाड़ी हैं। वहीं स्पेन की ही मिडफील्डर एताना बोनमाती को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स वीमेन ऑफ द ईयर 2024 का पुरस्कार मिला। बोनमाती को पिछले साल फीफा विमेंस वर्ल्ड कप में गोल्डन बॉल ट्रॉफी मिली थी। गोल्डन बॉल टूर्नामेंट की बेस्ट प्लेयर को दिया जाता है।

## स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने पेशेवर सर्किट को अलविदा कहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के सबसे बेहतरीन पुरुष स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने पेशेवर सर्किट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है, लेकिन वह अगले कुछ समय तक बहु-खेल स्पर्धाओं वाले आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे। बतातें चलें कि पेशेवर सर्किट में 22 साल तक खेलने वाले घोषाल ने इंचियोन और हांगझू एशियाई खेलों की टीम स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीते थे। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में तीन पदक जीते हैं। सौरव घोषाल ने ग्लासगो में 2022 विश्व युगल चैंपियनशिप में मिक्स्ड डबल्स वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर संन्यास लेने की घोषणा की। कहा कि गर्व और दुख की मिश्रित भावनाओं के साथ पीसीए से संन्यास की घोषणा करता हूं।

# हम सभी को लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना हैः अशोक हांसदा

## गिरिडीह नगर निगम ने चलाया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गिरिडीह।** लोकसभा और 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर व्यापक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को गिरिडीह नगर निगम की ओर से शहर के सर्कस मैदान में योद्धा एकाडेमी द्वारा सेना की तैयारी कर रहे युवक-युवतियों के बीच प्रचार कर लोकतंत्र के महत्व से अवगत कराय ागया। गया। युवक-युवतियों के बीच टी-शर्ट एवं टोपी का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सहायक नगर आयुक्त अशोक कुमार हांसदा ने युवक-युवतियों को मतदान की शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि हम सभी को लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। हम सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग कर राष्ट्र के निर्माण व विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी है। आनंद राज नगर प्रबंधक ने कहा कि मतदान की प्रतिशत बढ़ाने के लिए हमें खुद को व अन्य को भी जागरूक करना है। मजबूत लोकतंत्र ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकती है इसलिए हम सभी को मतदान की तिथि को मत का प्रयोग अवश्य करना है। उन्होंने सभी युवक-युवतियों से जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को आयोजित रन फॉर वोट कार्यक्रम में अवश्य भाग लेने की अपील की। ऐसे मतदाताओं को एंड्रायट फोन के प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप्प डाउनलोड कर मतदान संबंधी जानकारी प्राप्त करने की बात कही गयी। इसके अलावा जिन्होंने अभी तक फॉर्म 6 नहीं भरा है वो अभी फॉर्म 6 से संबंधित जानकारी दी गई। इसके अलावा सी विजिल ऐप, सुविधा ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, सक्षम ऐप आदि की भी जानकारी दी गई। इस दौरान पहली बार मतदान कर रहे युवक-युवतियों के बीच मतदान को लेकर काफी उत्सुकता देखी गयी। मौके पर योद्धा अकादमी के अभिषेक मिश्रा, अभिजीत मिश्र, सीआईएसएफ में चयनित बबली कुमारी, लक्ष्मी, खुशबु, सचिन, प्रदीप, राहुल के अलावा निगम के गौड़ी शंकर यादव, सुशील सोनु, निशांत वर्मा, शिवम राय, अमित कुमार आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 24 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in


# ढुल्लू के आतंक को समाप्त करके दम लूंगा : सरयू राय



**बाघमारा विधायक के पैतृक गांव चिटाही पहुंचकर सरयू राय ने ललकारा, लोगों से मिली शिकायतें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरोरा/कतरास।** धनबाद लोकसभा केंद्र से भाजपा प्रत्याशी विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय मोर्चा खोल हुए हैं। मंगलवार को वे बाघमारा के विभिन्न गांव पहुंच कर ढुल्लू महतो के कथित अत्याचार से परेशान लोगों से मुलाकात कर न्याय दिलाने का भरोसा दिया। इसी बीच सरयू राय ढुल्लू महतो के पैतृक गांव चिटाही भी पहुंचे और उन्हें ललकारा। चिटाही स्थित अशोक महतो के घर पहुंच कर राम राज मंदिर के विवादित जमीन की जानकारी लेकर पूरे परिवार को निर्भिक रहने की बात कही। इसके पूर्व रैयतों के साथ सरयू राय ने भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू के कथित कब्जे वाली सरकारी व आदिवासी रैयतों की जमीन बेहराकुदर दरीदा, सिंदवारटांड में बनी बड़ी-बड़ी चारदीवारी का अवलोकन किया। वहीं, रैयतों ने अपने जमीनों का दस्तावेज दिखाकर सरयू राय को ढुल्लू के आतंक से अवगत कराया। इस पर सरयू राय कांग्रेस नेता अमित महतो के मुराईडीह बस्ती स्थित आवास में पत्रकारों से बातें करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। चाहे वह मेरे प्रिय मित्र लालू यादव हो या ढुल्लू महतो। भाजपा से अलग रहने के बाद भी मेरी विचारधारा आज भी वही है। जन संघ के नेताओं द्वारा कहा गया था कि पार्टी में प्रत्याशी चुनने में अगर भूल हो जाती है तो पार्टी के कार्यकर्ताओं व समर्थक उसका सुधार लाने का प्रयास कर सकते हैं। उसी विचारधारा के तहत आज हम भाजपा द्वारा चुने गए गलत उम्मीदवार ढुल्लू महतो का विरोध कर रहे हैं। अब ढुल्लू महतो के भ्रष्टाचार व आतंक को मैं समाप्त करके ही दम लूंगा। इस दौरान दर्जनों रैयतों ने सामूहिक हस्ताक्षर युक्त शिकायत पत्र सरयू राय को सौंपते युए न्याय की गुहार लगाई। इधर, सरयू राय के आगमन पर बेहराकुदर में आंसू सिंह के आवास ने पार्टी कार्यकर्ताओं व रैयतों ने गर्म जोशी से स्वागत किया। मौके पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष उदय सिंह पूर्व वियाडा अध्यक्ष विजय झा ,गौतम मंडल, रविन्द्र पांडेय ,बलराम,राजेश राम, महतो, अमित महतो, धनेश्वर महतो, मधुसूदन महतो, परवेज आलम, मंजूर अंसारी, सईद अंसारी, कलावती देवी, नंदलाला मांझी, अन्य रैयत उपस्थित थे।

# आजसू व घटवार नेताओं ने गिरिडीह के झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो का किया समर्थन



महुदा (आजाद सिपाही)। आइएनडीआइए गठबंधन समर्थित झामुमो के गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी सह विधायक मथुरा प्रसाद महतो का मंगलवार को दर्जनों लोगों ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मथुरा महतो ने सभी को झामुमो का तीर-धनुष छाप वाला अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों के संरक्षक भाजपा के मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए अभी से कमर कस लेना हैं और आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्यासियों को भारी मतों से जिताने के लिए लगनशील होकर तन, मन और धन से काम करना है। इस अवसर पर अधिवक्ता निर्मल कुमार रवानी एवं मोहलीडीह पंचायत के मुखिया मो आजाद के नेतृत्व में टुंडी के कलाली मोड़ के आजसू नेता खैरात अली घटवार महासभा के सक्रीय नेता बिटटू राय कुलटांड़, भुतनाथ राय पारजोरिया, सोहन महतो, माथुर दास, सरफराज अन्सारी आदि शामिल हुए। सभी ने मथुरा महतो का समर्थन करने की घोषणा की। इस मौके पर हाजी अब्दुल कादीर, हाजी आजाद खां, झारखंडी महतो, दयाल महतो आदि मौजूद थे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की सीएपीएफ के ठहराव स्थल पर एएमएफ की समीक्षा



धनबाद (आजाद सिपाही)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) के लिए चिह्नित ठहराव स्थलों व सभी मतदान केंद्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी (एएमएफ) व अन्य आवश्यक व्यवस्था की समीक्षा की। इस क्रम में शौचालय, पेयजल, निर्बाध पानी की आपूर्ति, बिजली कनेक्शन आदि आवश्यक व्यवस्था की समीक्षा की गई। डीसी ने कहा कि भवन में सीएपीएफ के लिए उचित संख्या में शौचालय व स्नानागार का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने शौचालय निर्माण के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, डीएसपी (मुख्यालय 1) एस कांती, वरीय पदाधिकारी निर्वाचन कोषांग प्रदीप कुमार शुक्ला, सीआरपीएफ के कमांडेंट एस डी त्रिपाठी, सहायक कमांडेंट संजीव कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह के अलावा बीसीसीएल के प्रतिनिधि, पीएचईडी, भवन प्रमंडल आदि मौजूद थे।

# उप प्रमुख आशा देवी ने मैट्रिक में प्रखंड के सेकेंड टॉपर बावेश को किया सम्मानित

बलियापुर (आजाद सिपाही)। मजदूर रंजीत महतो के पुत्र बावेश महतो ने मैट्रिक परीक्षा 2024 में प्रखंड स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। मंगलवार को प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी बावेश का उत्साहवर्धन करने उसके आवास पहाड़पुर पहुंची। उन्होंने छात्र से मिलकर अंगवस्त्र और उपहार दिया। साथ ही मैट्रिक परीक्षा में मिली सफलता के लिए बधाई, शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया। उप प्रमुख ने कहा कि सच्ची लगन और मेहनत का फल अवश्य मिलता है। उन्होंने बावेश को आगे की पढ़ाई के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस मौके पर पंसस दिवाकर महतो, शिक्षक स्वपन कुमार महतो, पूर्णिमा देवी, ममता कुमारी, सुशीला कुमारी आदि मौजूद थे।

## कार्रवाई : मकान किराये पर लेकर दे रहे थे घटना को अंजाम

# साइबर अपराध में लिप्त छह और शातिर गिरफ्तार

**बोकारो के चास थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की छापामारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



पकड़े गये साइबर अपराधियों की जानकारी देते चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार।

**बोकारो।** जिले इन दिनों साइबर अपराधियों का मनपसंद ठिकाना बनते जा रहा है। हाल के दिनों में पुलिस ने दर्जनों साइबर अपराधियों को जिले के विभिन्न इलाकों से गिरफ्तार किया था। इसी कड़ी में पुलिस तकनिकी शाखा को कुछ साईबर अपराध से संबंधित संदिग्ध मोबाईल नंबर की जानकारी मिली थी। इसके बाद बोकारों एसपी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन कर संदिग्ध मोबाइल नंबर के लोकेशन के आधार पर चिरा चास थाना अंतर्गत सोलागिडीह ग्राम स्थित एक मकान में छापामारी कर कुल छह साईबर अपराधियों को गिरफ्तार करने का मामला प्रकाश में आया है। उनके पास से साईबर अपराध में इस्तेमाल किये जाने वाले मोबाईल नंबर को भी जब्त कर लिया गया है। इसकी जानकारी चास डीएसपी प्रवीण कुमार ने दी। वे मंगलवार को चास थाना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि किराये पर कमरा लेकर साइबर अपराध को अंजाम दिया जा रहा था। उन्होंने लोगों से अपील की कि किराये पर मकान देने से पहले किरायेदार के बारे में अच्छे से पता कर लें। साथ ही पुलिस को भी इसकी जानकारी साझा करें। वहीं, पकड़े गए लोगों से पूछताछ कर साइबर अपराध में लिप्त अन्य आरोपितों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। उधर, छापामारी दल में पुअनि चंदन कुमार दूबे, चिरा चास थाना प्रभारी पंकज कुमार जयसवाल, तकनीकी शाखा, आरक्षी मनोज कुमार कामेश्वर महतो, नागेन हासंदा, चिरा चास थाना रिजंव गार्ड इरसाद अंसारी आदि शामिल थे।

# उत्पाद विभाग ने चतरोचट्टी के एक मकान में की छापामारी, भारी मात्रा में शराब जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरोचट्टी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बोकारो के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी विजया जाधव की ओर से अवैध शराब तस्करी-कारोबार के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाने के निर्देश का व्यापक असर दिखने लगा है। उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त को मिली गुप्त सूचना के आधार पर निरीक्षक उत्पाद सदर के पर्यवेक्षण में एक छापामारी टीम का गठन कर प्रतिनियुक्ति गृहरक्षकों द्वारा सोमवार को गोमियां प्रखंड के सुदूरवर्ति चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के चिदरी गांव में जागो



साव, छोटन साव और राजेंद्र साव के घर एक साथ छापामारी की गई। इस दौरान तलाशी के क्रम में एक घर से 298 लीटर अवैध विदेशी शराब, 1500 पीस खाली बोतल, 1100 पीस ढ़क्कन एवं 500 पीस लेबल जब्त किया है। संबंधित आरोपियों जागो साव, छोटन साव और राजेंद्र साव के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। वहीं, छापामारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, तेनुघाट अवर निरीक्षक उत्पाद दीपिका कुमारी, प्रतिनियुक्त गृहरक्षक आदि शामिल थे।

# औसत से कम मतदान वाले क्षेत्रों में निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार की सुबह लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त बलियापुर बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा की उपस्थिति में परसबनिया राजकीय उच्च विद्यालय के ईएलसी छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय औसत से कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जो विद्यालय से प्रारंभ होकर कुंभकार ओला कर्मकार टोला, गोराई टोला, बाद टोला, बाउरी टोला, दत्ता टोला,दास टोला होते हुए मतदान केंद्र पहुंची। विदित हो इन मतदान क्षेत्र में विगत संसदीय आम निर्वाचन 2019 में राष्ट्रीय औसत से मतदान प्रतिशत कम था। क्षेत्र में रैली के माध्यम से 25 मई को मतदान में भाग लेने की अपील की गई। मतदाताओं को स्वतंत्र एवं निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता स्लोगन के माध्यम से मतदान की अपील की गई। इस मौके पर विद्यालय के ईएलसी के सभी सदस्य छात्र, शिक्षक गण, क्षेत्र के बीएलओ, पर्यवेक्षक स्वीप नोडल पदाधिकारी एवं महिला प्रसार पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## कार्यक्रम में शामिल होने इसीआरकेयू का प्रतिनिधि दिल्ली रवाना

# एआइआरएफ के शताब्दी वर्ष का हिस्सा बनना गौरव का क्षण है : मो ज्याऊद्दीन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन नई दिल्ली में हो रहा है। जिसमें ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। यह आयोजन मंगलवार से शुरू हो रहा, जो 26 अप्रैल तक चलेगा। ज्ञात हो कि एआईआरएफ की स्थापना 24 अप्रैल 1924 को हुई थी और 24 अप्रैल 2024 को भारतीय रेल का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन अपने 100 वर्ष पूरा करने जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा ने बताया कि इस दिन महिला एवं युवा रेलकर्मियों की राष्ट्रीय सभा तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित की गइ। 24 अप्रैल को फेडरेशन के वर्किंग कमिटी की बैठक करनैल सिंह स्टेडियम में होगी। इसी दिन दोपहर 2 बजे से सभी जोनल यूनियन द्वारा विशाल रैली नई दिल्ली के अजमेरी गेट से निकाली जाएगी, जिसमें ईसीआरकेयू के केंद्रीय अध्यक्ष डीके पाण्डेय और महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव के नेतृत्व में सभी प्रतिनिधिगण अपनी सहभागिता निभाएंगे। समारोह की मुख्य अतिथि रेलवे बोर्ड की प्रथम महिला चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा होंगी, जबकि अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट फेडरेशन के महासचिव मिस्टर स्टीफन कॉटन समारोह का उद्घाटन करेंगे। 25 अप्रैल को प्रतिनिधि सभा की बैठक तालकटोरा स्टेडियम में होगी। 26 को सेवानिवृत्त रेलकर्मियों के प्रथम राष्ट्रीय स्तरीय बैठक सिविक सेंटर नई दिल्ली में होगी। धनबाद मंडल से बड़ी संख्या में रेलकर्मी इस अधिवेशन में शामिल होने के लिए दिल्ली प्रस्थान कर गए हैं। वहीं, ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पीएनएम प्रभारी मो ज्याऊद्दीन ने कहा कि इस शताब्दी वर्ष का हिस्सा बनने जा रहे सभी रेलकर्मी खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। वहीं, ईसीआरकेयू के मीडिया प्रभारी एनके खवास ने बताया कि धनबाद मंडल से जाने वाले प्रतिनिधिमण्डल में केंद्रीय अध्यक्ष डीके पाण्डेय, अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन, सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, जोनल सेक्रेटरी एआईआरएफ ओपी शर्मा आदि शामिल हैं।

# ढुल्लू महतो समर्थकों ने रागिनी सिंह के समर्थक को पीटा

धनबाद (आजाद सिपाही)। धनबाद के लोयाबाद थाना क्षेत्र के एकड़ा पुल के समीप मंगलवार की सुबह ढुल्लू महतो के समर्थकों ने रागिनी सिंह के समर्थक सुजीत केवट के साथ जमकर मारपीट की। इस घटना में ईंट पत्थर और रॉड का प्रयोग किया गया। जिसमें सुजीत केवट के दोनों हाथ और एक पैर में गंभीर चोटें आयी हैं। आनन-फानन में उसे धनबाद के एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। उधर, मारपीट की घटना की सूचना के बाद लोयाबाद पुलिस अस्पताल पहुंच मामले की जांच में जुट गयी है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि कोयले में वर्चस्व को लेकर अक्सर दोनों गुटों में खूनी संघर्ष होता रहता है। उसी का नतीजा है कि आज सुजीत केवट के साथ इस तरह की घटना घटी है।

# नाबालिग को भगाने के आरोप में दो गिरफ्तार

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। तिसरी थाने की पुलिस ने शादी का प्रलोभन देकर दूसरे समुदाय की नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के मुख्य आरोपी आफताब अंसारी व उसके साथी निशार अंसारी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। जबकि नाबालिग को धारा 144 के बयान के लिए गिरिडीह कोर्ट भेजा गया है। तिसरी थाना पुलिस ने तकनीकी सहारा लेकर नाबालिग को बंगाल के कोलकाता से बरामद किया। साथ ही कोलकाता पुलिस के सहयोग से नाबालिग के अपहरण के आरोपी आफताब अंसारी को भी गिरफ्तार किया।

# अबकी बार 400 पार: राज सिन्हा



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भाजपा बैंक मोड़ मंडल अंतर्गत बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन मंगलवार को संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता शिवेंद्र सिंह उर्फ सोनू ने की। जिसमें मुख्य रूप से बाघमारा विधायक सह धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के अलावा धनबाद के विधायक राज सिन्हा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर ढुल्लू महतो ने बैंक मोड़ मंडल में इतनी अच्छी बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने के लिए आभार प्रकट किया। कहा कि भाजपा के पक्ष में अपना अधिक से अधिक मतदान करें और अपने साथियों से भी पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें, ताकि देश की बागडोर एक बार फिर से नरेंद्र मोदी जी के हाथों में जाए और देश और मजबूत बने। वहीं, धनबाद विधायक राज सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा का लक्ष्य है अबकी बार 400 पार। इस उद्देश्य पूर्ति के साथ सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ में लग जाएं और पिछले बार से प्रत्येक बूथ में 10 फीसदी मतदान बढ़ाने का काम करें। वहीं, लोकसभा के प्रभारी सुरेश साहू ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में जो कार्य भाजपा के शासनकाल में हुआ है उसे जन-जन तक पहुंचायें और मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम का संचालन सनी कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन नीरज सिन्हा ने किया। इस बैठक नितिन भट्ट, मानस प्रसून, रामदेव महतो, प्रितपाल सिंह आजमानी, विकास कंधवे, संजय गोस्वामी, शंकर तिवारी, प्रेम श्रीवास्तव, प्रेम गंगेसरिया, चंदन राय, नवल साव, अनिल प्रसाद, सिंटू कुमार, टिंकू खत्री, बिनोद सिंह,जितेंद्र मालाकार, अर्जुन विश्वकर्मा और विजय प्रसाद आदि उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**जल पथ प्रमंडल सं0-2 हजारीबाग**
**Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सं0– 01/2024–25, PR NO.- 323726 के कम सं0– 03 एवं 06 में उल्लेखित कार्य में किसी निविदादाता द्वारा भाग नही लेने के फलस्वरुप उक्त कार्यों को रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग

PR 324043 Water Resource (24-25)_D

**जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, कोडरमा।**
**आवश्यक सूचना**

**लोकसभा चुनाव–2024**

कोडरमा जिला के प्रभावित बल के गृह रक्षक जो विभिन्न संस्थानों, कार्यालयों एवं पोस्टों में ड्यूटी कर रहें है तथा मुख्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची के आदेश से रामगढ़ एवं हजारीबाग में ड्यूटी कर रहें सभी गृह रक्षक एवं ड्यूटी नही कर रहें है सभी को सूचित किया जाता है कि लोकसभा चुनाव–2024 ड्यूटी हेतु जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, कोडरमा में अपना आगमन दिनांक–27.04.2024 तक कराना सुनिश्चित करें। मुख्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची के आदेशानुसार प्रभावित बल के 70 प्रतिशत गृह रक्षकों को लोकस्भा चुनाव–2024 ड्यूटी हेतु आगमन कराने का निर्देश प्राप्त है। चुनाव जैसे महत्वपूर्ण ड्यूटी के लिए आगमन नहीं कराने वाले गृह रक्षकों को चिन्हित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु मुख्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची को अनुशंसा कर भेजी जायेगी। इसके लिए आगमन नही कराने वाले गृह रक्षक स्वंय जिम्मेवार होगें।

इसे अतिआवश्यक समझें।

जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी
कोडरमा।

PR 324039 Home(24-25)D

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(उत्पाद शाखा)**

**-:आदेश:-**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रांची का पत्रांकः–01/नि0वि0–22–23 (पार्ट–1) 2020/1186 दिनांक–18.03.2024 एवं आयुक्त उत्पाद, झारखण्ड, रांची के पत्रांकः–01/नीति–05–10/2022–651 दिनांक–01.04.2024 एवं पत्रांकः–05/मु0 स्था0–15–01/ 2019–814 दिनांक –12.4.2024 के आलोक में लोकसभा आम निर्वाचन–2024 के अवसर पर सभी प्रकार की मदिरा एवं मादक पेय पदार्थो की बिकी प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से मै चन्दन कुमार (भा0प्र0से0) उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, रामगढ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम,1951 की धारा 135 (C) में निहित निदेश के आलोक में एवं झारखण्ड उत्पाद अधिनियम 1915 की धारा 26 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण रामगढ जिला में लोकसभा आम निर्वाचन–2024 मतदान के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक, मतगणना के दिन यदि आवश्यक हुआ तो पुर्नमतदान के दिन को शराब की बिकी पर रोक से संबंधित शुश्क दिवस (Dry Day) निम्नरूप से घोशित करता हूँ–

| चरण | मतदान की निर्धारित तिथि | रामगढ जिलान्तर्गत | शुष्क दिवस (Dry Day) की अवधि |
|---|---|---|---|
| चतुर्थ चरण | 13.05.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक–11.05.2024 को शाम 5:00 pm से दिनांक–13.05.2024 के शाम 5:00 pm तक |
| पंचम चरण | 20.05.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक–18.05.2024 को शाम 5:00 pm से दिनांक–20.05.2024 के शाम 5:00 pm तक |
| षष्टम चरण | 25.05.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक–23.05.2024 को शाम 5:00 pm से दिनांक–25.05.2024 के शाम 5:00 pm तक |

तथा मतगणना हेतु निर्धारित तिथि 04.06.2024 को भी सम्पूर्ण रामगढ जिला में शुष्क दिवस (Dry Day) रहेगा।

उपरोक्त घोषित शुष्क दिवस (Dry Day) की अवधि में झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लि0 के माध्यम से संचालित सभी देशी/विदेशी/कम्पोजिट शराब दुकान/रेस्तरां एवं बार/मे0 पाली हिल्स ब्रिवरी,प्रा0,लि0, पतरातु, रामगढ एवं अन्य सभी उत्पाद अनुज्ञप्तियां पूर्णतः बंद रहेगी। किसी भी होटल/रेस्तरां/क्लब/दुकान/भोजशाला अथवा अन्य किसी लोक अथवा निजी स्थान से कोई भी स्प्रीटयुक्त लीकर, मादक पदार्थ या वैसी ही प्रकृति का अन्य कोई पदार्थ की बिकी/वितरण/उपभोग प्रतिबंधित रहेगा।

ह0/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,
रामगढ।

PR.NO.324006 Excise(24-25):D

## न्यूज रील्स

### भाजपा के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में पहले नंबर पर हैं मोदी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बीजेपी के स्टार प्रचारकों की लिस्ट सामने आया। भाजपा ने ओडिशा के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव हेतु प्रचार सूची का प्रकाशन। प्रचारकों की सूची में सबसे पहला नाम प्रधानमंत्री का है। दूसरे नंबर पर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का नाम है तो वहीं, राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, योगी आदित्यनाथ, डॉ मोहन यादव, स्मृति ईरानी, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, ज्योतिरादित्य सिंधिया, हेमंत बिश्वशर्मा, विष्णु देउशाई, मनमोहन सामल, धर्मेंद्र प्रधान, बैजयंत पंडा, सुनील बंसल, विजय पाल सिंह तोमार, सुश्री लता उसेंडी, शांतनु ठाकुर, विश्वेश्वर टुडू, जय नारायण मिश्र, जोएल ओराम, प्रताप षड़ंगी, केदार नाथ कश्यप, अपराजिता षड़ंगी, डॉ संवित पात्र, बसंत पंडा, सुरेश पुजारी, कनक वर्धन सिंहदेव, समीर महांति, मानस कुमार महांति, गोलख प्रसाद महापात्र, पूर्णिमा कारकेटा, सारदा प्रसाद सातपथी, रमेश साहू, पिंकी प्रधान, हरिहर महापात्र, श्रीतम दास और अनुभव महांति शामिल हैं।

## एम्स भुवनेश्वर में लो विजन क्लिनिक का उद्घाटन किया गया

# गंभीर दृश्य हानि के कारण सभी उम्मीदें खो चुके मरीजों के लिए आशा की किरण

ओड़िशा में किसी भी सरकारी संस्थान के भीतर अपनी तरह का पहला प्रयास

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** गंभीर दृष्टि दोष के कारण लगभग आशा खो चुके मरीजों के जीवन को रोशन करने के उद्देश्य से, एम्स भुवनेश्वर ने नेत्र विज्ञान विभाग में एक लो विजन क्लिनिक शुरू किया है। अपनी तरह का यह अनोखा दृष्टि क्लिनिक रोगियों के एक विशेष समूह को मदद करेगा, जैसे कि सामाजिक रूप से अंधे और ग्लूकोमा, उम्र से संबंधित धब्बेदार अधःपतन, मधुमेह, रेटिनल रोगों और अन्य अंधी बीमारियों के कारण बहुत कम दृष्टि वाले रोगियों, जिन्हें इससे लाभ नहीं होता है। सर्जरी या चश्मा सुधार. इस प्रकार के रोगी आमतौर पर आशा खो देते हैं और अपने परिवार में दूसरों पर बोझ होने के कारण जीवन से निराश हो जाते हैं। कम दृष्टि सहायक उपकरण इन रोगियों को अपना नियमित काम करने और स्वतंत्र जीवन जीने में मदद करेंगे। यह ओड़िशा के किसी भी सरकारी संस्थान में अपनी तरह का पहला विजन क्लिनिक है। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास ने डॉ आर पी सेंटर, एम्स दिल्ली के डॉ प्रवीण वशिष्ठ, चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिलीप कुमार परिदा, डीईएएन डॉ प्रशांत राघब महापात्रा की उपस्थिति में क्लिनिक का उद्घाटन किया। ओड़िशा में किसी भी सरकारी संस्थान के भीतर अपनी तरह के पहले प्रयास में, एम्स भुवनेश्वर ने इस दूरदर्शी क्लिनिक की स्थापना के लिए डॉ आर पी सेंटर, एम्स दिल्ली और क्रिस्टोफेल ब्लाइंडन मिशन (सीबीएम) जर्मनी के साथ सहयोग किया है। प्रतिदिन संचालित होने वाला क्लिनिक जरूरतमंद लोगों को दृश्य पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने का वचन देता है, जिससे जीवन को नया आकार मिलता है और सशक्तिकरण की भावना को बढ़ावा मिलता है। अग्रणी पहल का उद्घाटन करते हुए कार्यकारी निदेशक डॉ बिस्वास ने नेत्र विज्ञान विभाग की पहल की सराहना की और क्लिनिक के परिवर्तनकारी प्रभाव को स्वीकार किया। नियमित रोगी अनुवर्ती के महत्व पर जोर दिया और रोशिनी परियोजना के तहत उनके समर्थन के लिए एम्स दिल्ली के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने आशा कार्यकताओं और स्वयंसेवकों को आवश्यक नेत्र देखभाल ज्ञान के साथ सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण मैनुअल का भी अनावरण किया। डॉ आर पी सेंटर, एम्स दिल्ली के डॉ प्रवीण वशिष्ठ ने भारत सरकार और सीबीएम जैसे गैर सरकारी संगठनों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिसका परिणाम रोशिनी परियोजना के तहत देश भर में इसी तरह के क्लीनिकों की स्थापना में हुआ। एम्स भुवनेश्वर के नेत्र विज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ. सुचेता पारिजा ने क्लिनिक के परिचालन डेटा में अंतर्दृष्टि प्रदान की, और रोगी कल्याण पर इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला। एम्स, भुवनेश्वर में लो विजन क्लिनिक से पहले से ही 75 से अधिक मरीज लाभान्वित हो रहे हैं, डॉ पारिजा ने उन्नत पुनर्वास प्रयासों के लिए नेत्रहीन विद्यालयों के साथ भविष्य में सहयोग और सामुदायिक स्तर पर प्राथमिक नेत्र देखभाल के लिए आशा कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण की कल्पना की। उद्घाटन समारोह में सीएमएफएम एचओडी डॉ सोनू सुब्बा, फिजियोलॉजी एचओडी डॉ प्रणंती नंदा, डॉ प्रभास त्रिपाहटी, डॉ (मेजर) की उपस्थिति देखी गयी।

मुकुंद साहू, डॉ भागवत नायक, डॉ प्रियदर्शिनी मिश्रा, डॉ. संदीप साहू, डॉ ब्रूटेंदु मोहराणा, डॉ बिजन्या पांडा, रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग अधिकारी, कर्मचारी और कम दृष्टि वाले मरीज, दृष्टिहीन लोगों के लिए जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में एक सामूहिक प्रतिबद्धता दर्शाते हैं।

# सम में 'वीपीडी निगरानी और एमआर अभियान' पर कार्यशाला



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** विश्व स्वास्थ्य संगठन और शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा संचालित चिकित्सा विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल के बाल रोग विभाग के सहयोग से 'वीपीडी निगरानी और एमआर अभियान' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। सम हॉस्पिटल कैंपस में आयोजित इस कार्यशाला में सम अल्टीमेट मेडिकेयर और आईएमएस और सम हॉस्पिटल कैंपस-1 और कैंपस-2 के 60 से अधिक डॉक्टरों ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य फोकस स्वास्थ्य देखभाल में टीकाकरण की भूमिका पर था। कोविड काल की भयावहता के बाद पूरी दुनिया को टीकाकरण की वास्तविक जरूरत का एहसास हुआ। इसी प्रकार, इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कई संक्रामक रोगों से बचाव के लिए टीकाकरण की आवश्यकता, सुविधा, जागरूकता और महत्व को आम जनता तक पहुंचाना था। कार्यशाला में आइएमएस और सम अस्पताल के प्रोफेसर (डॉ) संघमित्रा मिश्र, बाल रोग विभाग की मुख्य प्रोफेसर डॉ ममतादेवी महांति, सामुदायिक चिकित्सा की डॉ लिपिलेखा पटनायक, नोडल अधिकारी डॉ. ब्रज किशोर बेहेरा, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एसआरटीएल के डॉ निहार रंजन राय, डब्ल्यूएच एसएमओ डॉ. अर्चना गायेन मुख्य अतिथि थीं और उन्होंने टीकाकरण की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में डॉ ब्रजकिशोर बेहेरा को उनके समर्पण और अनुशासित कार्य कौशल के लिए डब्ल्यूएचओ द्वारा सम्मानित किया गया। संस्थान ने आने वाले दिनों में इस तरह के कार्यक्रम का विस्तार करने की जानकारी दी है।

आवश्यकता
रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है
संपर्क करें -
मनोज कुमार: 8298157476, वरुण कुमार :8709161626
मोहसीन अंसारी:6203 921 912,
Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.

# रासेश्वरी पाणिग्रही ने बीजेडी से इस्तीफा दे दिया

आजाद सिपाही संवाददाता



रासेश्वरी पाणीग्राही इस बार टिकट की इच्छुक थीं। लेकिन पार्टी ने टिकट न दिए जाने के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

**भुवनेश्वर।** संबलपुर से पूर्व विधायक डॉ रासेश्वरी पाणिग्राही ने बीजू जनता दल बीजेडी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और अपना इस्तीफा पत्र पार्टी सभापति को को भेज दिया है। हालांकि, उन्होंने बीजेडी छोड़ने का कोई विशेष कारण नहीं बताया। हालांकि, मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, मैंने संबलपुर के आत्मसम्मान और हितों को ध्यान में रखते हुए पार्टी छोड़ दी है। कहा जाता है कि रासेश्वरी पाणीग्राही इस बार टिकट की इच्छुक थीं। लेकिन पार्टी द्वारा टिकट न दिए जाने के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया। बीजू जनता दल ने संबलपुर के लिए रोहित पुजारी को मैदान में उतारा है।

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

# 'लाइट वेट एग्रीगेट कंक्रीट आधारभूत कंस्ट्रक्शन का भविष्य'

## आइआइटी भुवनेश्वर में आयोजित कार्यशाला में की गयी सतत सामग्री के विकास और अनुप्रयोगों पर विस्तृत चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंडियन मेटल्स एंड फेरो अलॉयज लिमिटेड (आईएमएफए) और भारतीय कंक्रीट संस्थान (आईसीआई) के सहयोग से, हाल ही में 'लाइट वेट एग्रीगेट कंक्रीटः डेवलपमेंट एंड एप्लीकेशन' पर की एक विशिष्ट कार्यशाला का आयोजन किया है। इस अवसर पर उद्योग और शिक्षाविदों तथा अन्य विशेषज्ञों ने आधारभूत कंस्ट्रक्सन के लिए इस टिकाऊ, और पर्यावरण-अनुकूल समाधान पर विचार-विमर्श किया। आईआईटी भुवनेश्वर के आधारीय विज्ञान विद्यापीठ (एसआईएफ) द्वारा आयोजित, इस एक दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा इस भविष्य के विषय पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। डॉ. एन.सी. पाल, ओएसडी-सह-ईआईसी-डिजाइन, पीडब्ल्यूडी, ओडिशा सरकार ने कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और इस विशिष्ट उत्पाद के क्षेत्र में अनुसंधान पर अपने अनुभव को साझा किया और बताया कि कैसे हल्के वजन के समुच्चय (एलडब्ल्यूए) कंक्रीट में आधारभूत कंस्ट्रक्सन का भविष्य बनने की क्षमता है। इस दौरान तकनीकी व्याख्यानों में प्राकृतिक समुच्चय के विकल्प के रूप में औद्योगिक उप-उत्पादों से उत्पादित हल्के वजन के समुच्चय (एलडब्ल्यूए) का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। एलडब्ल्यूए कंक्रीट थर्मल कॉमर्ट, ध्वनि, अग्नि सुरक्षा से संबंधित उत्कृष्ट लाभ प्रदान करता है, और इमारत के भार को कम करता है, एवं ताकत और स्थिरता से समझौता किए बिना मजबूत स्थिरता प्रदान करता है। इस अवसर पर अपना विचार रखते हुए, प्रो दीनकर पासला, डीन-प्रायोजित अनुसंधान और औद्योगिक परामर्श (एसआरआईसी) ने एलडब्ल्यूए कंक्रीट से संबंधित मिश्रित डिजाइन के विबभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और आईआईटी भुवनेश्वर में एलडब्ल्यूए कंक्रीट को लेकर किए जा रहे पर काम के बारे में बताया। डॉ एस सुरिया प्रकाश, प्रोफेसर, आईआईटी हैदराबाद ने संरचनात्मक एलडब्ल्यूए कंक्रीट प्रीकास्ट स्लैब का उपयोग करके किफायती आवास के भविष्य पर चर्चा की, जो तेजी से निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान को उजागर करता है, जो आज भारत में एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। चित्त रंजन रे, पूर्णकालिक निदेशक, आईएमएफए लिमिटेड, श्री देबासीस महापात्र, डीजीएम-एलडीए के साथ, अपने संयंत्र में एलडब्ल्यूएसी की उत्पादन प्रक्रिया पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. अमित चटर्जी, मुख्य आर एंड डी अधिकारी, वेदांता लिमिटेड-एल्युमिनियम बिजनेस ने संरचनात्मक एलडब्ल्यूए कंक्रीट के लिए डिजाइन संबंधी दृष्टिकोण पर चर्चा की। इसके अलावा, डॉ. मणिकंदन, प्रमुख, तकनीकी सेवाएं, डालमिया भारत समूह ने पैलेटाइजेशन प्रक्रिया का उपयोग करके एलडब्ल्यूए उत्पादन का एक पैरामीट्रिक अध्ययन प्रस्तुत किया। एसआईएफ के विद्यापीठ प्रमुख डॉ. सुमंता हलदर ने भी इस अवसर पर बात की और ऐसी अत्यंत प्रासंगिक विषय पर इस तरह की एक ज्ञानवर्धक कार्यशाला के आयोजन के लिए टीम को बधाई दी। तकनीकी व्याख्यानों के बाद एक पैनल चर्चा ने भारत में एलडब्ल्यूए कंक्रीट के लिए एक भविष्य का रोडमैप प्रदान किया और बताया कि ओड़िशा जैसे खनिज समृद्ध राज्य ऐसे समुच्चय से कैसे लाभान्वित हो सकते हैं। इस दौरान एलडब्ल्यूए कंक्रीट का प्रयोगशाला प्रदर्शन भी आयोजित किया गया था, जिसमें प्रतिभागियों को इसकी कार्यक्षमता और अन्य नए गुणों के व्यावहारिक अनुभव के साथ प्रस्तुत किया।

इस कार्यशाला में उद्योग, शिक्षा जगत और सरकारी संगठनों के 70 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का समन्वयन प्रो दिनकर पासला, डॉ उमेश सी. साहू और डॉ अनुश के चंद्रप्पा द्वारा किया गया।

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योर्तिविज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

# भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्य चुनाव अधिकारी से मुलाकात की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजेडी) ने कानूनों और नीतियों को प्रभावित करके वोट हथियाने के लिए सभी प्रकार के तरीके अपनाए हैं। सरकार लगातार कल और बल प्रयोग कर रही है। राज्य चुनाव अधिकारियों से बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई फर्क नहीं पड़ रहा है, बल्कि ऐसी अवैध गतिविधियां जारी हैं। राज्य सरकार के कॉल सेंटरों पर फोन कर मतदाताओं को डराया-धमकाया जा रहा है। यहां तक कि राशन कार्ड, बीएसकेवाई कार्ड, भत्ता कार्ड सहित अन्य सरकारी लाभों की सूची से नाम हटाने का भी धमकाया जा रहा है। यह सत्तारूढ़ बीजू जनता दल की लंबे समय से चली आ रही प्रथा है और अतीत में ऐसी घटनाओं के संबंध में कई सबूतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। आज फिर से संबलपुर और पाटनागढ़ में इस तरह की जघन्य घटना के3संदर्भ में भाजपा ने तथ्यों और सबूतों के साथ राज्य चुनाव अधिकारी से मिलने और उचित कार्रवाई करने की मांग की है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री समीर महांति के नेतृत्व में भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल राज्य चुनाव अधिकारियों से मिला। नवीन बाबू वीडियो के माध्यम से घर बैठे ओड़िशा पर शासन कर रहे।

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Franchise Benefit
All Computer Courses
Vocational Courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate
Yearly Career Guidance
Seminar in your City
FREE FRANCHISE
Certified with
For More Details Visit Now
Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

!! श्री गणेशाय नमः !!
झारखण्ड में अब तक का सबसे बड़ा मेला
अंडर वाटर फिश टनल
सह
डिजनी लैण्ड मेला
Date : 08.04.2024 से
Time : 4 -10 PM
Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi
विशेषताएं
• परिवार के सभी सदस्यों के खरीददारी के लिए देश के हर कोने से 125 स्टॉल
• छोटे बड़े सभी के लिए झूले का प्रबंध
• अंडरवाटर फिश टनल में देशी विदेशी मछलियां
• रांची के लिए अजूबा टनल के अंदर सेल्फी प्वाइंट
Book Now .: 7004494715
Organiser : Krishna Kumar Shaw

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक** : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक** : अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**